3 राजधानी
मंकीपॉक्स की जांच के लिए अस्पतालों में भीड़

6 अभिमत
नौकरशाही में व्यापक बदलाव जरूरी

9 राष्ट्रीय
मुठभेड़ में पांच लाख रुपए का इनामी नक्सली ढेर

10 विदेश
शी ने ताइवान को लेकर बाइडन को दी चेतावनी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 261
नई दिल्ली, शनिवार, 30 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



स्मिथ की फॉर्म को लेकर चिंतित हैं पोंटिंग
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# स्मृति की बेटी पर किए गए सोशल मीडिया पोस्ट हटेंगे

## दिल्ली हाईकोर्ट का कांग्रेस नेताओं को निर्देश

- गोवा बार केस में जयराम रमेश, पवन खेड़ा व नेट्टा डिसूजा को समन जारी
- हम सारे तथ्य हाईकोर्ट के समक्ष रखेंगे: रमेश






**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा दायर दीवानी मानहानि मामले में कांग्रेस नेताओं जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेट्टा डिसूजा को शुक्रवार को समन जारी किया। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा ने ईरानी और उनकी बेटी पर लगे आरोपों के संबंध में कांग्रेस नेताओं को सोशल मीडिया से ट्वीट, रीट्वीट, पोस्ट, वीडियो और तस्वीरें हटाने का भी निर्देश दिया।

इस बीच, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्मृति ईरानी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा समन जारी किए जाने के बाद कहा कि वह और इस मामले में उल्लेखित अन्य कांग्रेस नेता अदालत के समक्ष सारे तथ्य रखेंगे तथा केंद्रीय मंत्री द्वारा इस मामले को भटकाने के प्रयास को विफल करेंगे। केंद्रीय मंत्री ईरानी ने उनके और उनकी बेटी के खिलाफ कथित रूप से निराधार आरोप लगाने को लेकर दो करोड़ रुपए से अधिक के हर्जाने की मांग की है। अदालत ने कहा कि अगर प्रतिवादी 24 घंटे के भीतर उसके निर्देशों का पालन नहीं करते, तो सोशल मीडिया मंच ट्विटर, फेसबुक और यूट्यूब स्वयं इससे संबंधित सामग्री हटा दें। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी (18) पर गोवा में 'अवैध बार' चलाने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ईरानी को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की थी। इसके बाद ईरानी ने यह कानूनी कार्रवाई की। अदालत ने कहा कि ईरानी के खिलाफ अपमानजक और फर्जी आरोप लगाए गए...। न्यायाधीश ने कहा, प्रथम दृष्टया यह माना जाता है कि वास्तविक तथ्यों की पुष्टि किए बिना वादी के खिलाफ निंदनीय आरोप लगाए गए। प्रतिवादियों के संवाददाता सम्मेलन के कारण किए गए ट्वीट और रीट्वीट को देखते हुए वादी की प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची है। न्यायमूर्ति ने कहा, मैं प्रतिवादी एक से तीन (कांग्रेस नेताओं) को यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर सहित सभी सोशल मीडिया मंचों से संवाददाता सम्मेलन के दौरान लगाए गए आरोपों को हटाने के लिए एक अंतरिम निषेधाज्ञा पारित करना उचित समझता हूं। अदालत ने आरोपों के साथ वादी और उसकी बेटी के संबंध में साझा किए गए पोस्ट, वीडियो, ट्वीट, रीट्वीट, छेड़छाड़ की गईं तस्वीरों को हटाने और उनके पुन: प्रसार को रोकने के लिए भी निर्देश जारी किया। मामले को आगे की सुनवाई के लिए 15 नवंबर को अदालत के समक्ष और रजिस्ट्रार के समक्ष 18 अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

## सोनिया पर सत्तापक्ष की टिप्पणी रिकॉर्ड से निकालें: खड़गे

- राज्यसभा के सभापति से किया अनुरोध, कहा-निर्मला और गोयल माफी मांगें
- कांग्रेस सांसदों ने पार्टी अध्यक्ष के समर्थन में दिया धरना



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू से आग्रह किया कि उच्च सदन में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बारे में सत्तापक्ष की ओर से की गई टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए क्योंकि केंद्रीय मंत्रियों ने संसदीय प्रक्रियाओं एवं परिपाटी का उल्लंघन किया है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि मंत्री माफी मांगे। खड़गे का कहना है कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किए जाने से जुड़ा विषय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उच्च सदन के नेता पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उठाया था और इस दौरान दोनों ने सोनिया गांधी का उल्लेख किया जो राज्यसभा की सदस्य नहीं हैं। उन्होंने नायडू को पत्र लिखकर कहा, आप (नायडू) स्वयं संसदीय प्रक्रियाओं और परंपराओं ( शेष पेज 8 )

## संसद में सोमवार से टूट सकता है गतिरोध

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**महंगाई** और जीएसटी के मुद्दे पर विपक्ष के लगातार भारी हंगामे के चलते 18 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में इस सप्ताह कोई कामकाज नहीं हो पाया। इसके अलावा कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की राष्ट्रपति पर की गई टिप्पणी से सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। अब पूरा दारोमदार अगले सप्ताह पर टिका है। अगले सप्ताह संसद को बिना रुकावट के चलाने और सोमवार को महंगाई पर चर्चा कराने का प्रयास जारी है। हंगामे के चलते लगातार स्थगन और विपक्ष की अनुपस्थिति के अभाव में कई विधेयक बिना किसी चर्चा और बहस के पारित किए गए हैं।

राज्यसभा और लोकसभा के 27 विपक्षी सांसदों के निलंबन से स्थिति और खराब हुई। अब यह देखना होगा कि इस मुद्दे को कैसे सुलझाया जाता है, क्योंकि विपक्ष जोर दे रहा है कि इन निलंबन को वापस लिया जाना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को कुछ जरूरी वस्तुओं पर मूल्य वृद्धि और जीएसटी लगाने पर चर्चा होने की उम्मीद है। सरकार यह मानती रही है कि वह तुरंत चर्चा के लिए तैयार थी, लेकिन विपक्ष प्रश्नकाल को स्थगित करके चर्चा की मांग कर रहा था, जिसके लिए भाजपा तैयार नहीं थी। सूत्रों ने कहा कि अगले सप्ताह मामले का कोई न कोई समाधान निकलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों के निलंबन को रद्द करने पर भी सकारात्मक निर्णय लिया जा सकता है।

# कर्नाटक में एक और हत्या से तनाव, सुरक्षा बढ़ाई गई

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां ।** नई दिल्ली/बेंगलुरु

- भाजयुमो कार्यकर्ता की हत्या की जांच एनआईए को सौंपी जाएगी: मुख्यमंत्री
- एहतियाती तौर पर दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में कड़ी सुरक्षा शांति बैठकें आयोजित

**लगातार** दो हत्याओं से कर्नाटक में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता को बेरहमी से मार डाला गया और इसी तरह एक मुस्लिम युवा की जान ले ली गई। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता की हत्या की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी जाएगी। इस सप्ताह के शुरू में दक्षिण कन्नड़ जिले में प्रवीण नेत्तार की हत्या के सिलसिले में राज्य पुलिस ने शुक्रवार को एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

इससे पहले दो लोग गुरुवार को पकड़े गए थे। बोम्मई ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा कि नेत्तार की हत्या का मामला चूंकि एक अंतर-राज्यीय मुद्दा (कर्नाटक-केरल) है, इसलिए हमने इसकी जांच एनआईए से कराने का फैसला किया। नेत्तार के हत्यारे कथित तौर पर केरल में पंजीकृत दोपहिया वाहन पर आए थे। कर्नाटक पुलिस हत्या के बाद पड़ोसी राज्य केरल में अपने समकक्षों के संपर्क में है। दोनों राज्यों के डीजीपी एक-दूसरे से बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने नेत्तार की हत्या को सुनियोजित और संगठित अपराध बताया है। पुलिस महानिदेशक प्रवीण सूद और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक के बाद बोम्मई ने कहा कि केरल सीमा के साथ सभी सीमावर्ती बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे और तटीय क्षेत्र के गांवों में संवेदनशील स्थानों पर अस्थायी पुलिस चौकी बनाई जाएंगी। बोम्मई ने आगे कहा कि रात में गश्त तेज की जाएगी और कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस (केएसआरपी) की एक अतिरिक्त बटालियन को दक्षिण कन्नड़ जिले में तैनात किया जाएगा। सूरथकल में कपड़े की दुकान के बाहर एक युवक की हत्या के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि हत्या की जांच तेज ( शेष पेज 8 )

# भारत वैश्विक वित्तीय क्षेत्र को आकार देने वाले चुनिंदा देशों में शामिल: मोदी




**भाषा ।** गांधीनगर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर जैसे चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो वैश्विक वित्तीय क्षेत्र में नए रुझानों को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत ने आत्मविश्वास की कमी के चलते खुद को अपनी सीमाओं के भीतर सीमित कर लिया, लेकिन अब चीजें बदल रही हैं और देश तेजी से वैश्विक बाजारों के साथ खुद को एकीकृत कर रहा है।

उन्होंने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्टी) सिटी में एक समारोह में यह भी कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और उसे ऐसे संस्थानों का निर्माण करना चाहिए, जो इसकी वर्तमान और भविष्य की भूमिकाओं को निभा सकें। मोदी ने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) की आधारशिला रखी और इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीसी) का उद्घाटन किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने एनएससी (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) आईएफएससी (अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) और एसजीएक्स (सिंगापुर एक्सचेंज लिमिटेड) कनेक्ट मंच का भी उद्घाटन किया। मोदी ने कहा, भारत आज अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर जैसे देशों के साथ खड़ा है, जो ( शेष पेज 8 )

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जड़ें भारतीयता में: अमित शाह



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) देश की जड़ों से जुड़ी हुई है और देशभर में इसे अभूतपूर्व स्वीकार्यता मिली है। शाह ने कहा कि एनईपी वैश्विक परिप्रेक्ष्य को आत्मसात करते हुए भारतीयता में निहित है और एनईपी ज्ञान एवं संस्कृति को समृद्ध करती है और समाज की आकांक्षाओं के साथ जुड़ी है। एनईपी लाए जाने के दो साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने कहा, शिक्षा का उद्देश्य चरित्र, सहानुभूति और साहस का विकास करना और छात्रों को जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करना है।

शिक्षा भारत को सफलता के शिखर तक पहुंचने में सक्षम बना सकती है। समाज उम्मीदों के साथ हमारी ओर देख रहा है और इसे पूरा करने की उम्मीद करता है। शाह ने कहा कि हमारी शैक्षिक आकांक्षा ना केवल डिग्री और प्रमाणपत्र अर्जित करने के लिए है, बल्कि पुरी दुनिया की भलाई हासिल करने के लिए भी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्र की जड़ों से जुड़ी हुई है और पूरे देश में इसे अभूतपूर्व स्वीकार्यता प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मजबूत सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली एक सफल लोकतांत्रिक राष्ट्र की नींव है।

उन्होंने कहा कि एनईपी का उद्देश्य ऐसे नागरिक तैयार करना है, जो वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ राष्ट्रीय गौरव को वैश्विक कल्याण से जोड़ें। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति हमारे मस्तिष्क को औपनिवेशिक बनाने के लिए लागू की गई मैकाले की शिक्षा प्रणाली की काट होगी। शाह ने एनईपी के दो साल पूरे होने पर शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में कई पहल की शुरुआत की। वर्ष 2020 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ( शेष पेज 8 )

# वायुसेना से 2025 तक हट जाएगा मिग-21

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



**भारतीय** वायु सेना (आईएएफ) वर्ष 2025 तक मिग-21 लड़ाकू जेट के पुराने बेड़े को हटा लेगा। श्रीनगर में स्थित पहले स्क्वाड्रन (18-20 फाइटर जेट्स) को इस साल सितंबर तक सेवा से हटा दिया जाएगा। तीन अन्य स्क्वाड्रन अगले तीन साल में इसी तरह सेवा से हट जाएंगे। रूस निर्मित मिग-21 को 1963 में आईएएफ में शामिल किया गया था। अब तक इन लड़ाकू विमानों से लगभग 400 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और इन हादसों में करीब 200 पायलटों की मौत हो चुकी है। पिछले सात महीनों में ही मिग-21 के 6 लड़ाकू जेट दुर्घटनाग्रस्त हुए, जो इन जेट विमानों को बेड़े से हटाने की तात्कालिकता को रेखांकित करता है।

वास्तव में, अपने खतरनाक सुरक्षा रिकॉर्ड के कारण इस विमान को फ्लाइंग कॉफिन (उड़ता ताबूत) के उपनाम से भी संबोधित किया जाता है। भारतीय वायु सेना पिछले कई वर्षों से मिग-21 को हटाने में जुटा हुआ है, जबकि एक समय में इनकी संख्या 874 थी और यह देश की वायु रक्षा का मुख्य आधार था। नवीनतम जेट विमानों की खरीद में देरी से उत्पन्न अंतर को भरने के लिए परिचालन की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर विमानों को अपग्रेड किया गया।

पिछले कुछ वर्षों में चरणबद्ध योजना के तहत मिग-21 की जगह फ्रंट-लाइन एसयू-30 लाया जा रहा है। भारतीय वायुसेना अगले कुछ वर्षों में स्वदेशी निर्मित लगभग 100 तेजस हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) को शामिल करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि श्रीनगर स्थित नंबर 51 स्क्वाड्रन, जिसे स्वॉर्ड आर्म्स भी कहा जाता है। इसके सेवा निवृत्त होने पर 30 सितंबर को इसकी बोली लगाई जाएगी। यह स्क्वाड्रन उस समय चर्चा में आया था जब इसके पायलट विंग कमांडर (अब ग्रुप कैप्टन) अभिनंदन वर्धमान, जिन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था, ने 27 फरवरी, 2019 को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक हवाई लड़ाई के दौरान एक पाकिस्तानी एफ -16 को मार गिराया था। यह हवाई लड़ाई पाकिस्तान के बालाकोट में एक आतंकी ठिकाने पर भारतीय वायुसेना द्वारा बमबारी के एक दिन बाद हुई।

यह भी स्पष्ट किया गया कि बचे स्क्वाड्रनों को सेना से हटाने की अनुसूची के अनुसार होगी और गुरुवार को हुए मिग -21 हादसे से इससे जुड़ी नहीं थी जिसमें भारतीय वायुसेना के दो पायलट मारे गए थे। सूत्रों ने मिग के दुर्घटना रिकॉर्ड पर कहा कि अन्य लड़ाकू विमानों की तुलना में आईएएफ लड़ाकू बेड़े का बड़ा हिस्सा रहने वाले मिग जेट मिग जेट अधिक ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,570 | ↑ 712 | |
| निफ्टी | 17,158 | ↑ 228 | |
| सोना | 51,783 | ↑ 255 | /10g |
| चांदी | 58,387 | ↑ 1610 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पांच साल में उत्तर प्रदेश के खजाने में 67 प्रतिशत वृद्धि

**लखनऊ।** सरकार की आर्थिक नीतियों का असर है कि राजस्व जाय में दिखने लगा है। यूपी के खजाने में बीते पांच सालों में 67 फीशदी की रिकार्ड बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। यह उपलब्धि तब हासिल हुई है, जब सरकार ने बिना कोई टैक्स बढ़ाए आम जनता को राहत देते हुए पेट्रोल डीजल पर लगने वाले वैट में भी कटौती की है। मुख्यमंत्री योगी ने राजस्व वृद्धि के लिए व्यापक स्तर पर आर्थिक सुधारों को लागू किया। इसके अलावा तकनीक का उपयोग करते हुए अधिक से अधिक पारदर्शिता को बढ़ावा दिया गया। इसके साथ ही कारोबारियों को भी टैक्स देने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुक किया गया। यही वजह है कि मात्र सौ दिनों में निर्धारित लक्ष्य 35 हजार से अधिक 63032 नए कारोबारियों का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन हुआ है।

# यूपी में अब पेट्रोल-डीजल पर वैट नहीं बढ़ेगा: योगी

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ

**एसजीएसटी** की चोरी के खिलाफ अभियान चलाकर करें कार्रवाई करने के निर्देश देते हुये सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा है कि राज्य में पेटोल-डीजल पर वैट नहीं बढ़ेगा। इसके साथ ही सीएम ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सी 1.50 लाख करोड़ राजस्व संग्रह का लक्ष्य अधिकारियों के सामने रखा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ राजस्व संग्रह की समीक्षा की। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की उपस्थिति थे। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से सभी जोन कमिश्नरों से उनके प्रभार वाले ज़ोन में जीएसटी में व्यापारियों की पंजीयन स्थिति, जीएसटी और वैट संग्रह, कर चोरी रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की ताजा जानकारी ली। सीएम ने कहा कि नियोजित प्रयासों से राजस्व संग्रह में वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रदेश का कुल राजस्व संग्रह 8700 करोड़ था, जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर लगभग एक लाख करोड़ हो गया है। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लक्ष्य ?31786 करोड़ के सापेक्ष 2386 करोड़ का संग्रह है। उन्होने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए 1.50 लाख करोड़ के जीएसटी और वैट संग्रह लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति के लिए ठोस कोशिश की जाएं। सीएम ने कहा कि हमने प्रदेश में वैट की दर में बढ़ोतरी अथवा अन्य कोई नया कर नहीं लगाया है। पेट्रोल डीजल पर सबसे कम वैट की दर उत्तर प्रदेश में है। निकट भविष्य में भी वैट में कोई बढ़ोतरी नहीं होगा।

# बारिश के लंबे अंतराल से धान की बुवाई प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

- खरीफ फसलों का कुल रकबा 18.26 फीसदी तक घटा



**मानसून** के लंबे विराम और मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के चलते उत्तर और पूर्वी भारत में धान फसल की बुवाई प्रभावित होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने के पहले सप्ताह तक केवल गंगा क्षेत्र में बारिश होने की उम्मीद है।

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के बाद से अब तक भारत में 9 फीसदी अधिक 465.6 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य 428.3 मिमी है, लेकिन मानसून में लंबा अंतराल चिंता का विषय बन गया है। कृषि मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि खरीफ फसलों का कुल रकबा शुक्रवार तक 18.26 फीसदी घटकर 823.43 लाख हेक्टेयर रह गया है, जो पिछले साल 841.66 लाख हेक्टेयर था। धान का रकबा 231.59 लाख हेक्टेयर बताया गया है, जो पिछले साल 267.05 लाख हेक्टेयर था। जिसमें अभी तक 35.46 फीसदी की गिरावट है, जो समग्र खाद्यान्न उत्पादन और अंतत: बफर स्टॉक की संभावित स्थिति का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। खरीफ सीजन के दौरान दलहन की बुवाई भी 41.75 लाख हेक्टेयर से घटकर 36.11 लाख हेक्टेयर रह गई, जो इस साल 5.64 फीसदी की गिरावट है। विशेषज्ञों ने कहा कि बुवाई में कमी से कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी आने की संभावना है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, 1 जून से 8 जुलाई के बीच संचयी वर्षा 19 में से 15 जिलों में कम थी। ओडिशा में 30 में से 16 जिले में घट गई । इस तरह अन्य राज्य झारखंड (24 जिलों में से 23), बिहार (38 जिलों में से 30) और यूपी (75 जिलों में से 71) बारिश का स्तर घटा है।

आंकड़ों से पता चला है कि बिहार में 41 फीसदी वर्षा, झारखंड 50 फीसदी, गंगीय पश्चिम बंगाल 47 फीसदी और पूर्वी यूपी 52 फीसदी। ये राज्य धान के रकबे के लिए जाने जाते हैं और बुवाई में गिरावट आम आदमी के साथ-साथ नीति निर्माताओं के लिए भी एक गंभीर चिंता का विषय है। आमतौर पर, पूर्व-मानसून अवधि में उत्तर पूर्व और पूर्वी अपनी वार्षिक वर्षा का लगभग 20-25 फीसदी प्राप्त करते हैं। लेकिन इस साल, यह औसत से 62 फीसदी अधिक था, भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार यह पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक था। हालांकि, 2022 में मॉनसून के दक्षिण की ओर प्रवास के कारण उत्तर पूर्व और पूर्वी राज्यों के 50 फीसदी से अधिक जिलों में कम वर्षा हुई। आईएमडी के अनुसार, अधिकांश कमी मॉनसून के शुरुआती हिस्से में कम बारिश के कारण थी और जब तक अगले दो महीनों में बारिश में मजबूत सुधार नहीं होता है अन्यथा शुरुआती कमी परेशानी का कारण बन सकती है। आईएमडी ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में इस सप्ताह के दौरान बारिश कमी बनी रही और लगातार चौथे सप्ताह कम बारिश हुई और यह बंगाल की खाड़ी से उस क्षेत्र में प्रमुख हवाओं और नमी के अभिसरण की निरंतर अनुपस्थिति के कारण था।

सप्ताह के अधिकांश दिनों में मॉनसून के सक्रिय होने और अपनी सामान्य स्थिति के दक्षिण में रहने की संभावना है। मध्य और प्रायद्वीपीय भारत में बारिश की गतिविधि सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। देश के बाकी हिस्सों में इसके सामान्य के करीब रहने की संभावना है। चिलचिलाती गर्मी ने गेहूं के उत्पादन में लगभग 5-10 प्रतिशत की कटौती की, जिससे सरकार को निजी निर्यात पर प्रतिबंध लगाना पड़ा था।

# 'यमुना डूब क्षेत्र में पक्का निर्माण अवैध, हटाएं-नहीं तो हम गिराएंगे'

**● 100 फार्म हाउस संचालकों को नोएडा प्राधिकरण का जवाब**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में यमुना डूब क्षेत्र में फार्म हाउस संचालाकों की आपत्तियों का जवाब प्राधिकरण ने दिया है। करीब 400 के आसपास आपत्ति प्राधिकरण में ईमेल और पोस्ट के माध्यम से मिली। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इनमें से एक भी आपत्ति में फार्म हाउस संचालकों ने बैनामा कांपी नहीं लगाई। जिससे ये तय नहीं हो रहा कि फार्म हाउस किस गांव के है और इनका मालिक कौन है। ऐसे करीब 100 से ज्यादा प्रत्यावेदनों का जवाब प्राधिकरण ने दिया है।

फार्म हाउस संचालकों ने नोएडा प्राधिकरण में आपत्ति दर्ज कराई थी जिस गांव नगला नगली खादर में फार्म हाउस बने है वह गांव नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में नहीं आता है। नोएडा मास्टर प्लान 2031 में ग्राम नगला नगली का यमुना नदी से बांध के बीच का क्षेत्र रिवर फ्रंट डेवलेपेंट जोन के अंतर्गत है। इस प्रकार नगला नगली प्राधिकरण का अधिसूचित क्षेत्र है। फार्म हाउस संचालकों ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने 8 जून 2022 को जारी किया गया सार्वजनिक नोटिस अवैध है। और सुनवाई का कोई अवसर नहीं दिया गया। प्राधिकरण डूब क्षेत्र और बांध रोड पर जगह जगह नोटिस बोर्ड लगे हुए है। जिसमे स्पष्ट रूप से है कि यहां किसी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं किया जा सकता है। फार्म हाउस संचालाको ने प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र और फ्लड जोन की परिभाषा के संबंध में आपत्ति लगाई।

प्राधिकरण ने बताया कि सिचाईं विभाग के तहत जहां नदी के दोनों ओर मार्जिनल तटबंध निर्मित है ऐसे स्थानों पर दो तटबंध के बीच का क्षेत्र और जहां नदी के दोनों ओर तटबंध निर्मित नहीं है ऐसे स्थानों पर शहरी क्षेत्र में 1;50 बाढ आर्वत और ग्रामीण क्षेत्र में 1;25 बाढ आवर्त का डूब क्षेत्र होगा। यही वजह है कि नोएडा की 5000 हेक्टेयर जमीन को रिवर फ्रंट के रूप में विकसित किया जाना है। जिसे मास्टर प्लान में शामिल किया गया है। यहां केवल एक प्रतिशत स्थान पर ही अस्थाई निर्माण कराया जा सकता है। फार्म हाउसों के नक्शों को जिला पंचायत ने पास किया है।फार्म हाउस डेवलपर की ओर से गलत तरीके से जिला पंचायत से नक्शे पास कराए गए जिसे बाद में निरस्त भी कर दिया गया है।

प्राधिकरण ने ये भी स्पष्ट किया कि प्रत्यावेदन के जवाब के साथ एक सप्ताह में सभी अवैध फार्म हाउसों को खुद ध्वस्त कर लिया जाए। अन्यथा प्राधिकरण उन्हें तोड़ेगी और खर्चा भी वसूल करेगी। यमुना के डूब क्षेत्र में अब तक 124 फार्म हाउस तोड़े जा चुके है। इसमें से तीन क्लब थे। जिसके बाद हरित किसान कल्याण समिति की ओर से हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने फ ार्म हाउस संचालकों को नोएडा प्राधिकरण में आपत्ति जमा करने और नोएडा प्राधिकरण को उनका निस्तारण करने के लिए कहा था।

# एमराल्ड कोर्ट के 500 पिलर में 50% कमजोर

**● मरम्मत का काम हुआ शुरू**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रियल एस्टेट डेवलपर सुपरटेक ने एमराल्ड कोर्ट के बेसमेंट में कालम और पिलर की मरम्मत और रेट्रोफिटिंग का काम करने के लिए नोएडा की एक कंपनी रसम इंजीनियर्स को दिया है। सुपरटेक एमराल्ड की आरडब्ल्यूए ने ही बेसमेंट का दिल्ली की कंपनी डीएंडआर कंसल्टेंट द्वारा स्ट्रक्चरल आडिट कराया था, जिसमें 500 कालम की स्थिति नाजुक थी। इसमें से सुपरटेक बिल्डर 40 कालम की मरम्मत करवा रहा है, जोकि सियान.एपेक्स से 50 मीटर की दूरी पर है। दोनों टावरों को गिराने का स्टेटस क्या है।

कंपनी को 21 अगस्त को सुपरटेक के दोनों टावर के ध्वस्तीकरण होना है। इसके पहले मरम्मत का काम पूरा करना होगा। दिल्ली स्थित डीएंडआर कंसल्टेंट द्वारा किए गए आडिट से पता चला कि स्ट्रक्चरल ड्राइंग के विपरीत, जिसमें बेसमेंट कालम का डिजाइन एम.15 ग्रेड कंक्रीट होना चाहिए, लेकिन यहां कई बेसमेंट कालम की ताकत एम-8, एम-10, एम-12, एम-13 के आसपास है।

डीएंडआर कंसल्टेंट अधिकारियों ने बताया कि एमराल्ड कोर्ट के 500 बेसमेंट कालम में से कम से कम 50 फीसदी में खामियां पाई गई हैं। बेसमेंट में करीब 2200 कालम हैं, जिनमें से 500 को अप्रैल और मई में विजुअल इंस्पेक्शन के लिए चुना गया था। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि सामग्री की गुणवत्ता प्रारंभिक रूप से डिजाइन मानकों से काफी कम थी। पिलर और बीम की सतह पर जंग और दरारें साफ देखी जा सकती है। रिपोर्ट के आधार पर सुपरटेक ने दोनों टावर के किनारे से क्रिटिकल जोन के 50 मीटर के दायरे में आने वाले स्तंभों की मरम्मत करने का फैसला किया है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रसम इंजीनियर्स ने यहां पहले ही मैनपावर को लगाकर काम शुरू करवा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार



शादी के नाम पर ठगी करने वाला विदेशी नागरिक समेत दो गिरफ्तार।

### स्टंट करने वाले छह युवकों को भेजा जेल

**नोएडा।** शहर की सड़कों पर स्टंट करने वालों से आम लोग बेहद परेशान हैं। कई शिकायतों के बाद पुलिस ने अब स्टंटबाजों के खिलाफसख्त रुख अख्तियार किया है। नॉलेज पार्क थाने की पुलिस ने कार से स्टंट करने वाले 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्टंट में प्रयुक्त कार को भी सीज कर दिया है। पुलिस कमिश्नर के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कुछ लोग कार से स्टंट कर रहे थे। वायरल वीडियो की की जांच करने पर पता चला कि यह वीडियो नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के ब्लू बेल होटल के सामने का है। इसके बाद नॉलेज पार्क थाने की पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार नंबर के आधार आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस ने कुशाग्र सेन, उसके साथी प्रशांत रावत, हिमांशु सैनी, सुमित, कुणाल नेगी और तनिष्क यादव को गिरफ्तार कर स्टंट में प्रयुक्त कार को सीज कर दिया है।

### कुत्ता टहलाने निकले युवक को कार ने मारी टक्कर

**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में सड़क पर कुत्ता घूमाने निकले व्यक्ति को कार से टक्कर मारकर घायल करने के मामले में परिजनों की ओर से अज्ञात कार चालक के खिलाफलापरवाही से कार चलाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने शिकायत के अधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हादसे में घायल कौशांबी निवासी राकेश शर्मा के साले शरद मोहन चौबे की ओर से दी गई शिकायत में कहा गया है कि 26 जुलाई की रात करीब दस बजे राकेश घर के बाहर कुत्ते को घूमाने लाए थे। लापरवाही और तेजी से कार चलाकर आ रहे चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। शिकायतकर्ता के अनुसार इस हादसे के दौरान वहां खड़ा एक ठेला भी टूट गया। राकेश शर्मा के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

### खाली किया जाएगा श्वान सेंटर

**गाजियाबाद।** नंदीपार्क स्थित स्वान सेंटर अब खाली होगा। मगर इस सेंटर में रह रहे 36 में से तीस स्वान ठीक होने के बाद भी वहां नहीं छोड़े जाए सकेंगे जहां से उन्हें पकड़ कर लाया गया है। दरअसल स्वान सेंटर का संचालन अभी तक पीएफए संस्था कर रही है। इस बार स्वान बर्थ कंट्रोल करने के लिए पीएफए संस्था को ठेका नहीं मिला है। अब नगर निगम इस संस्था से स्वान सेंटर खाली कराने की कोशिश में लगा है। हाल ही में संस्था की ओर से एक नोटिस जारी किया गया।नोटिस के बाद नगर निगम अब कह रहा है कि संस्था स्वान सेंटर को खाली करने पर राजी है। उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह का कहना है कि बर्थ कंट्रोल करने के लिए अब एक अन्य संस्था को ठेका दिया गया है। कोर्ट के एक आदेश के मुताबिक अब इन सभी स्वान को उनके स्थान पर छोड़ा जाना है जहां से इन्हें लाया गया था। निगम का कहना है कि निगम के पास जानकारी नहीं है कि इन्हें पीएफए संस्था कहां से पकडकर लेकर आई थी। ऐसे में उन्हें कैसे वहां छोड़ा जाए इसको लेकर निगम की टेंशन बढ़ गई है।

### युवती को बंधक बनाकर पीटा

**नोएडा।** एक युवक ने अपनी महिला मित्र को अपने घर बुलाकर उसे बंधक बना लिया। फिर आरोपी ने युवती की जमकर पिटाई की। इस संबंध में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सेक्टर 39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में यानि अग्रवाल ने बताया कि वह सेक्टर.44 स्थित एक पीजी में रहती है। युवती का कहना है कि उसका दोस्त अपूर्व उसे बुलाकर सेक्टर-108 स्थित अपने घर ले गया। आरोप है कि आरोपी ने युवती को अपने घर पर बंधक बना लिया। साथ ही उसके साथ मारपीट की। जैसे तैसे करके युवती उसके घर से निकली। फिर मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हर प्रॉपर्टी का अलग होगा यूआईडी कोड

**गाजियाबाद।** अब निगम और भी डिजिटल होने जा रहा है। इसके तहत अब शहर में हर प्रॉपर्टी पर यूआईडी डिजिटल कोड़ लगाया जाएगा। इस कोड़ के डालते ही प्रॉपर्टी की पूरी डिटेल वेबसाइट पर ओपन हो जाएगी। इस व्यवस्था के लागू होने से गाजियाबाद प्रदेश का पहला निगम बन जाएगा। निगम एरिया में हाल ही में सभी प्रॉपर्टी का जीआईएस सर्वे कराया गया है। इसके लिए शासन ने एक प्राइवेट कंपनी को ठेका दिया हुआ है।


**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS RIZOO SOOD, CS (COMM) No. 798/2019 | Vehicle No.- UP14ET9537, Make and Model- HYUNDAI MOTORS LTD XCENT, Manu Year- 2018 |
| ICICI BANK LTD VS SOKIN KHAN, CS (COMM)1019/19 | Vehicle No.- UP16ET6562, Make and Model- HONDA SIEL CARS INDIA LTD MOBILIO SMT-P, Manu Year- 2017 |
| ICICI BANK LTD Vs. RANVIJAY SINGH, CS SCJ 2275/18 | Vehicle No.- DL4SCQ5806, Make and Model-TVS MOTORS LTD JUPITER, Manu Year - 2017 |
| ICICI BANK LTD. VS. SURENDER, CS (COMM) NO. 5448/21 | Vehicle No.- HR26EK0380, Make and Model-MARUTI UDYOG LTD VITARA BREZZA VXI, Manu Year- 2020 |
| STATE VS. UNKNOWN, NO. 0082/2019 | Vehicle No.- UP14DV9028, Make and Model-MARUTI UDYOG LTD VITARA BREZZA ZXI+, Manu Year- 2018 |
| ICICI BANK LTD. VS. Gulzar CS(COMM) 3338/21 | Vehicle no- DL5CQ5177 Make and Model: Maruti Celerio VXI CNG Manu year-2019 |
| ICICI BANK LTD. VS. Mohd Amjad Ali, CS No 280/2018 | Vehicle no- DL9CT6524 Make and Model: Chevrolet Beat Manu year- 2014 |
| ICICI BANK LTD. VS. Aashu Khan Saifi CS (COMM) NO. 33/22 | vehicle no DL8CAY6143 Make and Model: Mahindra XUV 300 Manu year- 2019 |

**Auction Date: August 08, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS BABAR, CS (Comm) No. 1377-21 | Vehicle No.- UP14JT1939, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD, AL GURU 1010 GURU 1010, Manu Year- 2019 |
| ICICI Bank Ltd. Vs Sonam Tomar and Anr. (Comm) No. 1829/2021 | Vehicle No. UP14HT8563, Make and Model– Ashok Leyland Ltd Partner, Manu Yr. 2019 |

**Auction Date: August 08, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP- 201102
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SANJEET, CS (COMM) No. 1270 OF 2021 | Vehicle No.- HR38Y5915, Make and Model - EICHER MOTOR LTD, EICHER PRO 1110XP, Manu Year- 2018 |
| ICICI BANK LTD VS PASHMEEN KAUR CS(COMM) NO 338/2018 | Vehicle No.- DL1LX7564, Make and Model - FORCE MOTORS LTD, DELIVERY VAN LONG, Manu Year- 2017 |

**Auction Date: August 08, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., PioManiyaari road, Opposite KanyaGurukulschool, Narela, New Delhi- 110040
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LIMITED Vs. PRAMOD KUMAR GUPTA, CS SCJ 3548/17 | Vehicle No.- DL8CAJ4214, Make and Model-MARUTI UDYOG LTD EECO/5 STAR AC CNG, Manu Year-2015, Reserve Price: Rs 1,60,000/-, EMD Amount: Rs 16,000/-, EMD is to be made in favour of ICICI Bank Ltd payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO of EMD amount alongwith his KYC at site of auction. |
| ICICI BANK LTD VS SOBHA RAM, CS No. 3168/19 | Vehicle No.- UP14ET0758, Make and Model- HYUNDAI MOTORS LTD XCENT BASE CRDI, Manu Year- 2016 |
| ICICI BANK LTD VS JAGDISH KUMAR, CS (COMM) No. 1992/2021 | Vehicle No.- UP16ET9417, Make and Model- HYUNDAI MOTORS LTD XCENT, Manu Year- 2018 Reserve Price: Rs 1,80,000/-, EMD Amount: Rs 18,000/-, EMD is to be made in favour of ICICI Bank Ltd payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO of EMD amount alongwith his KYC at site of auction. |

**Auction Date: August 16, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and EMD Amount (Wherein applicable) to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD (Wherein applicable) amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


# गौतमबुद्ध नगर में 5 कोतवालों के तबादले

**● जारचा थाना प्रभारी को लाइन हाजिर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पांच प्रभारी निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। इनके अलावा जारचा थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस कमिश्नर के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेश पर सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव का तबादला जालौन कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना की तरफ से यह आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोतवाली फेस 3 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी को सेक्टर 58 कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। निरीक्षक विजय कुमार को थाना फेज 3 का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। ग्रेटर नोएडा के आईटी सेल में तैनात निरीक्षक सत्येंद्र कुमार को थाना सेक्टर 126 का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

सेंट्रल नोएडा के आईटी सेल में तैनात निरीक्षक अमित कुमार को थाना सेक्टर 24 का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह को थाना जारचा का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जारचा थानाध्यक्ष श्रीपाल को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेजा गया है।

## 22 दरोगाओं का प्रमोशन, इंस्पेक्टर बनाए गए

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने कमिश्नरेट में तैनात 22 उपनिरीक्षक को तरक्की मिली है। निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर शुक्रवार को सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह व ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार ने उन्हें स्टार लगाकर शुभकामनाएं दीं।

अलग-अलग जिलों में तैनात 1017 उप निरीक्षकों को पदोन्नत कर निरीक्षक बनाया है। पदोन्नति की सूची में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के 22 उप निरीक्षक भी शामिल हैं।

# पीआरडी जवानों की भर्ती में फर्जीवाड़े की आंच

**● शिकायत मिलने डीएम ने सीडीओ को सौंपी रिपोर्ट**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जिलाधिकारी सुहास एलवाई

**" पीआरडी जवानों की भर्ती में धांधली होने के शिकायत मिली है। जिलाधिकारी ने जांच सौंपी है। जिला युवा कल्याण अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। यदि भर्ती प्रक्रिया में धांधली मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफकार्रवाई होगी।"**

-तेज प्रताप, सीडीओ, गौतमबुद्ध नगर

प्रांतीय रक्षक दल पीआरडी जवानों की भर्ती में फर्जीवाड़े के आरोप लगे है। लोगों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी सुहास एलवाई से की है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) तेज प्रताप मिश्र को जांच सौंपी है।

शासन ने युवा कल्याण विभाग को जिले में 45 पीआरडी जवानों की भर्ती का आदेश दिया था। ग्रामीण क्षेत्र से 15 और शहरी क्षेत्र से 30 पीआरडी जवान भर्ती होने थे। भर्ती के लिए शासन के आदेश पर जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। समिति ने 14 और 15 जुलाई को युवाओं का साक्षात्कार किया। 318 युवक-युवतियों ने भर्ती के लिया आवेदन किया था। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार ने भर्ती के एवज में उनसे रिश्वत की मांग की।

रिश्वत देने के बाद भी उन्हें नौकरी नहीं मिली। पीड़ितों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। पीआरडी जवान की भर्ती के एवज में 30 से 50 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। जिलाधिकारी को सौंपे गए अलग.अलग शिकायती पत्रों में शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि युवा कल्याण अधिकारी को रिश्वत देने के बाद उन्हें नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था, पर चयनित की सूची में उनका नाम नहीं आया। 12 से अधिक शिकायतकर्ताओं ने अलग-अलग शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपे हैं।


**DEBT RECOVERY TRIBUNAL, DELHI**
**4th FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING,**
**PARLIAMENT STREET, NEW DELHI-110001**

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD Amount |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AVLESH KUMAR, OA No. 293/2021, IA No. 1837/2021 | Vehicle No- HR26CG4646, Make & Model- BMW X1 SDRIVE 20D, Manu Year-2013 | Rs. 7,02,000/- | Rs. 70200/- |
| ICICI BANK LTD VS Ankit Bhadana, Case no OA/1140/2021 | Vehicle No- HR87C2981, Make & Model- Maruti Swift VDI, Manu Year-2018 | Rs. 2,80,000/- | Rs. 28,000/- |

**Auction Date: August 16, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD Amount |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK LTD VS CHITRANSH EXPRESS CARGO PRIVATE LIMITED, OA 55/2020 | Vehicle No- NL01AC0895, Make & Model- TATA ULTRA 1518, Manu Year- 2018 | Rs. 6,75,000/- | Rs. 67,500/- |
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019 | Vehicle No- UP14GT8288, Make & Model- SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT, Manu Year- 2017 | Rs. 315000/- | Rs. 31,500/- |

**Auction Date: August 16, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., PioManiyaari road, Opposite Kanya Gurukul school, Narela, New Delhi - 110040
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)
Note: EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original EMD at site with KYC

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi (Wherein applicable) to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount wherein applicable) within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi- 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


## भाइयों पर हमला करने वाले तीन सगे भाई गिरफ्तार

**नोएडा।** सूरजपुर पुलिस ने दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला करने वाले तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की तरफ से आरोपी भाइयों के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मूलरूप से अलीगढ़ निवासी दो सगे भाई गौरव और रवि मलकपुर गांव में किराए के मकान में रहते हैं। दोनों भाई फैक्टरी में नौकरी करते हैं। गुरुवार को फैक्टरी में किसी बात को लेकर उनका एक युवक कमलकांत से विवाद हो गया था।




कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में तैनात कांस्टेबल गगन कुमार पासवान ने नीदरलैंड में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कास्य पदक जीता।

## नोएडा पुलिस की कांस्टेबल ने जीता कांस्य पदक

**नोएडा।** कांस्टेबल पद पर नियुक्त गगन कुमार पासवान ने विदेश की धरती पर जाकर भारत का परचम लहराया नीदरलैंड में चल रही वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स बैडमिंटन खेल में प्रतिभा दिखा कर ब्रांज मेडल प्राप्त कर गौतमबुद्ध नगर पुलिस एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का तथा भारतवर्ष पुलिस का नाम रोशन किया है, गगन कुमार पासवान विगत कई वर्षों से उत्तर प्रदेश के भी बैडमिंटन करते चले आ रहे हैं, गगन कुमार पासवान मूल रूप से सहरसा बिहार के रहने वाले हैं जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में हुआ था इनके पिता उत्तर प्रदेश पुलिस में नियुक्त थे।

# अपहरण के मामले में एसएचओ समेत 8 पर एफआईआर

**● जिला कोर्ट के आदेश के बाद हुई कार्रवाई**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



साजिश के तहत डेयरी संचालक का अपहरण कर अवैध रूप से हिरासत में रखकर मारपीट करने व अंग भंग करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप चौधरी की अदालत ने तत्कालीन एसएचओ सिहानी गेट मिथिलेश कुमार उपाध्याय, दो सब.इंस्पेक्टर गौरव कुमार व विजय कुमार, अल्का वर्मा, उनके मुकेश वर्मा व तीन अज्ञात कांस्टेबल के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

पूर्व बार सचिव अधिवक्ता परविंदर नागर ने बताया कि सिहानी गेट थानाक्षेत्र के नेहरू नगर में रहने वाले विनोद कुमार डेयरी चलाते हैं।

उनकी डेयरी पर मुकेश वर्मा का आना जाना था। वर्ष 2015 में मुकेश वर्मा ने बच्चों की पढ़ाई के नाम पर उनसे दो लाख रुपये उधार लिए। इसके बाद ऐसे ही बहाना बनाकर करीब 9.72 लाख रुपये ले लिए। विनोद कुमार ने पैसे वापस मांगे तो मुकेश वर्मा ने सब-इंस्पेक्टर के परिचित होने की बात कहकर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

छह सितंबर 2021 की रात साढ़े आठ बजे राकेश मार्ग के पास से डेयरी संचालक विनोद कुमार को पुलिस ने अवैध रूप से हिरासत में लिया और उनकी स्कार्पियो गाड़ी को भी थाने ले गए। आरोप है कि थाने में पीड़ित को बुरी तरह पीटा, जिसके चलते उनकी एक आंख की रोशनी चली गई। सात सितंबर को पुलिस ने उनके खिलाफ शांति भंग करने की कार्रवाई की। पीड़ित ने जब्त गाड़ी को रिलीज कराने के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। 10 सितंबर को सिहानी गेट पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट पेश कर अवगत कराया कि थाने में विनोद कुमार सिंह की कोई गाड़ी नहीं है। पीड़ित ने थाने में खड़ी गाड़ी का फोटो खींचकर अदालत में प्रार्थना पत्र पेश किया, जिसके बाद अदालत ने फिर से सिहानी गेट थाने के रिपोर्ट तलब की। दूसरी रिपोर्ट में सिहानी गेट थाना पुलिस ने लावारिस में गाड़ी दाखिल होने की रिपोर्ट दी।


अदालत ने एसएसपी को स्वयं या किसी राजपत्रित अधिकारी से जांच कराने के आदेश दिए, जिसके बाद सीओ द्वितीय ने पुलिसकर्मियों को बचाते हुए आख्या रिपोर्ट सौंपी। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच रिपोर्ट को दरकिनार किया और तथ्यों व परिस्थिति के आधार पर उपरोक्त सभी के खिलाफ केस दर्ज कराने के आदेश दिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आरटीओ में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेगी एसीबी

## उपराज्यपाल ने सौंपी जिम्मेदारी, ऑटो रिक्शा यूनियन की याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया था निर्देश

● परिवहन प्राधिकरण में दलालों और कर्मियों के बीच साठगांठ का आरोप






पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आरटीओ में भ्रष्टाचार की जांच भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) करेगी। राष्ट्रीय राजधानी की कई ऑटो रिक्शा चालक यूनियन की ओर से आपराधिक रिट याचिका दायर की गई थी, जिस पर उच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। एलजी एसीबी को निर्देश दिया है कि बुराड़ी स्थिति परिवहन प्राधिकरण में दलालों और परिवहन विभाग के अधिकारियों के बीच साठगांठ तथा भ्रष्टाचार की समयबद्ध तरीके से जांच की जाए, जिसके कारण ऑटो रिक्शा चालक प्रभावित हो रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, राजधानी दिल्ली की कई ऑटो रिक्शा चालक यूनियन की ओर से आपराधिक रिट याचिका दायर की गई थी, जिस पर दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर यह निर्देश दिया गया है।

याचिका में सड़क परिवहन कार्यालय में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और ऑटो रिक्शा चालकों के उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। उपराज्यपाल ने एक महीने में जांच पूरी कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। सूत्रों ने कहा कि सतर्कता निदेशालय ने मामले की पड़ताल की थी और पाया कि याचिकाकर्ताओं ने आरटीओ में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार तथा ऑटो रिक्शा चालकों को प्रभावित करने वाले कृत्यों के बारे में गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा, आरोप है कि मोटर लाइसेंस अधिकारी और सड़क परिवहन कार्यालय (आरटीओ) की साठगांठ से परमिट दिए जा रहे थे।

## एलजी से मतभेद हो सकते हैं, लेकिन अनबन नहीं: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ अपनी साप्ताहिक बैठक के मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री एक साथ मिलकर काम करें। कई मुद्दों पर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमारे बीच कोई अनबन नहीं है। उपराज्यपाल ने पिछले हफ्ते केजरीवाल की विदेश यात्रा के प्रस्ताव को वापस कर दिया था और उन्हें अगले महीने सिंगापुर में विश्व शहरों के शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने की सलाह दी थी। उपराज्यपाल ने कहा था कि यह महापौरों का सम्मेलन है और इसमें शामिल होना मुख्यमंत्री के लिए उपयुक्त नहीं होगा। केजरीवाल पिछले शुक्रवार को साप्ताहिक बैठक में शामिल नहीं हुए थे।



शुक्रवार को दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। इंडिया गेट पर सिर पर पन्नी ये अपना बचाव करते पैदल यात्री।

## आधार कार्ड से जुडेंगी डीएसआईआईडीसी की 8 सेवाएं

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड से जुडेंगी दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रीयल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन की आठ सुविधाएं। उपराज्यपाल ने शुक्रवार को इन सेवाओं के आधार प्रमाणीकरण से संबंधित अधिसूचना को जारी करने को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब लोग घर बैठे मोर्टगेज की अनुमति, संपत्ति का फ्रीहोल्ड कंवर्जन, रिफंड का अनुरोध, लीज डीड की पुर्नबहाली, फर्म, कंपनी के संगठन में परिवर्तन, कब्जे के लिए आवेदन, निर्माण हेतु समय विस्तार, देय राशि का आनलाईन भुगतान कर सकेंगे। इस निर्णय से दिल्ली वालें अब मानवीय हस्तक्षेप के बिना डीएसआईआईडीसी कार्यालय के चक्कर काटे बिना, इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। आधार अब डीएसआईआईडीसी की निम्न आनलाईन सेवाओं का लाभ उठा सकेगें।

## सौ करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में बीएसएफ का पूर्व रसोइया गिरफ्तार

● आरोपी पर 59 मामले दर्ज हैं और 46 मामलों में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजस्थान में मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने वाले जालसाज को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रोहिणी से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 59 मामले दर्ज हैं और 46 मामलों में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है। आरोपी की पहचान ओम राम उर्फ राम मारवाड़ी के रूप में हुई है। नजफगढ़ में वर्ष 2020 में वह दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार हुआ था लेकिन उसने अपना नाम राम मारवाड़ी बताया था।

छानबीन में पता चला कि ओम राम 12वीं पास है। वर्ष 2004 से 2006 के बीच में वह बीएसएफ में रसोईया के रूप में भी काम कर चुका है। लेकिन जल्द अमीर बनने के लिए उसने बीएसएफ की नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद जयपुर राजस्थान में एक सुरक्षा एजेंसी खोली थी। उसमें 60 कर्मचारियों की भर्ती की बाद उसने एजेंसी को बेच दिया और मार्केटिंग कंसलटेंसी शुरू की. लगातार वह धोखाधड़ी भी करता चला गया और कंपनियां बंद करके नई कंपनियां खोलता रहा। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर के अनुसार, अपराध शाखा को सूचना मिली थी कि राजस्थान का रहने वाला ओम राम ठगी के 59 मामलों में शामिल है। 46 मामलों में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है। कई मामलों में उसके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी है। इन मामलों में वह लगातार फरार चल रहा है। राजस्थान पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया हुआ है। पुलिस को पता चला कि वह नॉर्मल कॉल इस्तेमाल नहीं करता और सोशल मीडिया ऐप के जरिए ही अपने परिवार एवं दोस्तों से बात करता है।

पुलिस टीम लगभग 6 महीने से उसके बारे में छानबीन कर रही थी। हाल ही में पुलिस को पता चला कि वह रोहिणी सेक्टर 11 में मौजूद है लेकिन पुलिस के पास उसकी फोटो नहीं थी। पुलिस को यह भी पता चला कि वह नजफगढ़ में रेप के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## तिहाड़ में अफसरों के दफ्तर भी तीसरी आंख के दायरे में



● जेल महानिदेशक ने कैदी पर हमले के आरोप की शिकायत को संज्ञान लेते हुए दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में अफसरों के दफ्तर भी तीसरी आंख के दायरे में आएंगे। जेल महानिदेश एक कैदी पर कथित हमले की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया है।

यह निर्देश एक विचाराधीन कैदी मोनू की शिकायत पर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि इस साल 27 मार्च और 31 मई को दो बार जेल के कुछ अधिकारियों ने उसे अपने कार्यालयों में बुरी तरह पीटा।



अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सोनू अग्निहोत्री ने कहा, इस आदेश के तहत, वह तिहाड़ जेल के महानिदेशक को अधीक्षक और उपाधीक्षक कार्यालयों के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और जेल के अन्य हिस्सों की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को नियमोंप्रक्रियाओं के अनुसार सुरक्षित रखने का निर्देश देता हूं।

## चीनी मांझा के 200 कार्टन के साथ पकड़ा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



महेंद्र पार्क इलाके से 43 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से प्रतिबंधित चीनी मांझा के 200 कार्टन जब्त कर लिए गए। आरोपी की पहचान जहांगीरपुरी के रहने वाले अमरजीत के रूप में हुई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक महेंद्र पार्क के रामगढ़ का रहने वाला अमरजीत प्रतिबंधित चीनी मांझा का भंडारण कर फुटकर विक्रेताओं को बेच रहा है। पुलिस ने अमरजीत को रंगे हाथों पकड़ने के लिए उत्तम नामक एक कांस्टेबल को फर्जी ग्राहक बनाकर वहां भेजा, जिसने मांझा के कार्टन की आपूर्ति के लिए अमरजीत के साथ सौदा किया।

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने कहा कि जब वह कांस्टेबल को मांझा के कार्टन सौंप रहा था, पुलिस ने गोदाम पर छापा मारा और वहां से चीनी मांझा के 205 कार्टन जब्त कर लिए। अमरजीत के गोदाम से चीनी मांझा बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अमरजीत ने खुलासा किया कि उसने एक महीने पहले नोएडा के एक आपूर्तिकर्ता से करीब 400 कार्टन चीनी मांझा खरीदा था। पुलिस ने कहा कि जब्त कार्टन में प्रतिबंधित पतंग उड़ाने वाले मांझे के 11,760 रोल बरामद किए गए। गौरतलब है कि टिकाऊपन के लिए चीनी मांझे को वर्ष 2017 में एनजीटी द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया था।

## मंकीपॉक्स की जांच के लिए अस्पतालों में भीड़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




● सामान्य त्वचा संक्रमण होने पर भी लोगों में घबराहट

मंकीपॉक्स के बढ़ते खतरे के कारण दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लोगों में घबराहट है और वे त्वचा की सामान्य एजर्ली होने पर भी मंकीपॉक्स से संक्रमित होने की आशंका में जांच के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं।

नोएडा में रहने वाली 28 वर्षीय प्रियंका ने कहा कि उसके पैर में लाल दाने दिखने के बाद उसे यह लगा था कि वह मंकीपॉक्स से संक्रमित हो गई है। एक ही दिन में ए दाने उसके पूरे शरीर में फैल गए थे। प्रियंका ने कहा कि मंकीपॉक्स को लेकर कई खबरों पर चर्चा हो रही है। ऐसे में पहले मुझे लगा कि मैं भी इससे संक्रमित हो गई हूं। मैं चिंतित हो गई और मैंने इसकी (मंकीपॉक्स संक्रमण संबंधी) तस्वीरें देखीं और समाचार पढ़े। इसके बाद मैंने अपने चिकित्सक को फोन किया, जिसने मेरा डर दूर करने की कोशिश की, लेकिन मुझे दाने गायब होने के बाद ही तसल्ली हुई कि यह त्वचा की सामान्य एलर्जी थी।

प्रियंका की तरह दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में त्वचा की एलर्जी से पीड़ित कई ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जिन्हें आशंका है कि वे मंकीपॉक्स से संक्रमित हो चुके हैं। दिल्ली में मंकीपॉक्स का पहला मामला रविवार को सामने आया था।मेदांता अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. रमनजीत सिंह ने कहा, जागरुकता बढने् के कारण लोग यह पुष्टि करने के लिए अस्पतालों में आ रहे हैं कि क्या उनके लक्षण मंकीपॉक्स से संबंधित तो नहीं हैं। हमने पिछले सात से 10 दिनों में देखा है कि देश में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आने के बाद से लोगों में डर बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि यह डर उन लोगों में अधिक है, जिन्होंने हाल में विदेश की यात्रा की है।सिंह ने कहा कि मंकीपॉक्स के संक्रमण की शुरुआत में आमतौर पर बुखार, अस्वस्थता, सिरदर्द, कभी-कभी गले में खराश और खांसी जैसी समस्याएं होती हैं और करीब चार दिन बाद त्वचा पर दाने, चकत्ते और अन्य समस्याएं नजर आती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व के 70 फीसदी बाघ भारत में: अश्विनी चौबे



**नई दिल्ली।** भारत की सांस्कृतिक विरासत की धरोहर बाघ गति व शक्ति की प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में बाघों के संरक्षण में महत्वपूर्ण कदम उठाने से आज 70 प्रतिशत बाघ भारत में रहते हैं। यह बात शुक्रवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर फॉरेस्ट अकादमी में आयोजित विश्व बाघ दिवस समारोह में कही। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव थे। केंद्रीय राज्यमंत्री चौबे ने कहा कि बाघ जंगल के साथ भारत की शान है। वहाँ उपस्थित लोगों से उन्होंने आह्वान किया कि बाघों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लें तथा जनमानस में इसके प्रति जागरूकता फैलाएं।

### विस का मानसून सत्र तुरंत बुलाया जाए : भाजपा



**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधानसभा का दस दिन का मानसून सत्र तुरन्त बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में केजरीवाल सरकार इतने सारे आरोपों में घिर चुकी है कि जनता के समक्ष उसकी जवाबदेही बनती है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार विधानसभा में समस्याओं पर चर्चा करने से तो हमेशा भागती है लेकिन अब अपने ऊपर लगे आरोपों पर तो उसे विपक्ष के सवालों का जवाब देना ही होगा। बिधू ?ी ने कहा कि दिल्ली सरकार की शराब नीति की सारी पोल खुल गई है और उपराज्यपाल महोदय ने इस मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी है। स्वयं मुख्य सचिव की जिस रिपोर्ट पर जांच के आदेश दिए गए हैं उसमें उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की भूमिका पर सवाल उठते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इसी तरह सीएजी रिपोर्ट में सरकार की नाकामियों को जिस तरह उजागर किया गया है, उस पर भी विपक्ष जवाब मांग रहा है।

### लैंगिक आधार पर सर्जरी रोकने को मिला समय


**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने जीवन के लिए खतरनाक स्थितियों को छोड़क र इंटरसेक्स शिशुओं की चिकित्सीय रूप से अनावश्यक लिंग आधारित चयनात्मक (सेक्स-सलेक्टिव) सर्जरी करने पर पाबंदी लगाने की, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) की सिफारिश पर उचित फैसला करने के लिए दिल्ली सरकार को आठ हफ्ते का समय दिया है। इंटरसेक्स शिशु ऐसी शरीरिक संरचना के साथ पैदा होते हैं, जो महिला या पुरुष की विशिष्ट परिभाषाओं में फिट नहीं होते हैं। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तरह की प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली एक गैर सरकारी संगठन की याचिका का निपटारा कर दिया और कहा कि अगर याचिकाकर्ता सरकार के फैसले से असंतुष्ट है तो वह नई याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र है।पीठ में न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद भी हैं। पीठ ने यह भी दर्ज किया कि डीसीपीसीआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि, सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद यह विचार किया गया।

### एम्स में रोटेशनल हैडशिप पर फैसला नहीं : मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में रोटेशनल हैडशिप (एक निश्चित समय के बाद विभागों के प्रमुख बदलने) के विषय पर कोई निश्चित फैसला नहीं हुआ है। मांडविया ने लोकसभा में सत्यदेव पचौरी और कौशलेंद्र कुमार के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सदस्यों ने पूछा था कि क्या सरकार के पास एम्स, दिल्ली में रोटेशनल हैडशिप की नीति लागू करने का कोई प्रस्ताव है। जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, फिलहाल एम्स, नई दिल्ली में कोई रोटेशनल हैडशिप नहीं है। इस मुद्दे पर विभिन्न समितियों द्वारा दी गई राय अलग-अलग रही हैं और इनमें कोई एकरूपता नहीं रही। इसलिए कोई निश्चित निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिपमेर, निमहंस, भारतीय विज्ञान संस्थान, आईआईएसईआर, केंद्रीय विश्वविद्यालय और कुछ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोटेशनल हैडशिप की नीति का पालन करते हैं।

## स्कूलों में बनाए कच्चे कमरों के जांच के आदेश

● भाजपा सांसद मनोज तिवारी की शिकायत पर लोकायुक्त कोर्ट में सुनवाई



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकायुक्त कोर्ट ने सरकारी स्कूलों में अतिरिक्त कमरों में घोटाले के आरोप की जांच करने और अगली सुनवाई तारीख पर जांच रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं।

उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी की शिकायत पर शुक्रवार को लोकायुक्त कोर्ट में बहस के बाद शिकायतकर्ता सांसद मनोज तिवारी और सांसद प्रवेश वर्मा का पक्ष सुनने के बाद पत्रकारों से कहा कि दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में अतिरिक्त कमरे की जांच के लिए टेंडर किए थे। जिसकी जांच की मांग हम लोगों द्वारा करने पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मानहानि का दावा किया था।

इस मामले की लोकायुक्त से शिकायत के बाद लोकायुक्त कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पूरे मामले की जांच कर अगली सुनवाई तारीख पर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान मौजूद रहे सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सरकार ने करोड़ों का घोटाला किया है और पूरे मामले की गंभीरता को समझते हुए लोकायुक्त ने संज्ञान लिया है।

## अभिनव पहल: फिल्म के जरिये पूर्वोत्तर के लोगों को गले लगाने का संदेश दे रही दिल्ली पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● 15 मिनट की यह फिल्म दूरदर्शन (डीडी) असम पर प्रसारित की गई

दिल्ली पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है जिसका आदर्श वाक्य है, आइए पूर्वोत्तर के लोगों के प्रति भेदभाव को पूरी तरह रोकें। इसके तहत दिल्ली पुलिस ने एक लघु फिल्म तैयार की है जो पूर्वोत्तर वासियों को गले लगाने और उनकी असुरक्षा की भावना को समाप्त करने की बात करती है।

15 मिनट की यह फिल्म बृहस्पतिवार को दूरदर्शन (डीडी) असम पर प्रसारित की गई और जल्द ही दिल्ली पुलिस और उसके अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूट्यूब चैनल पर रिलीज की जाएगी। दिल्ली में रहने वाली त्रिपुरा की पत्रकार मधुमिता चक्रवर्ती द्वारा लिखी गई इस फिल्म में ओलंपियन मैरी कॉम, मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन जैसी पूर्वोत्तर की कई जानी-मानी हस्तियां हैं।

फिल्म में पूर्वी राज्य के लोगों के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा की गई विभिन्न पहलों का भी उल्लेख किया गया है। फिल्म की पटकथा के मुताबिक, जब पूर्वोत्तर क्षेत्र के भारतीय नागरिक ओलंपिक और अन्य प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में पदक जीतते हैं तो देश तालियां बजाता है। हम हर दिन उनकी सेवाओं का आनंद लेते हैं। फिर भी हम में से कई लोग हमारे बारे में फैलाई गई गलत सूचना आपत्तिजनक नाम चिंकी, मोमो, नेपाली, बहादुर, कोरोना पर आपत्ति जताने के लिए खड़े नहीं होते हैं।

फिल्म में दिखाया गया है कि, शिक्षा और रोजगार के उद्देश्य से देश भर के महानगरों और कस्बों में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों, लद्दाख और दार्जिलिंग के कई भारतीय नागरिकों को इस तरह की अपमानजनक टिप्पणियों के साथ संबोधित किया जाता है। यह नस्लीय भेदभाव है जो राष्ट्रीय एकीकरण की प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। चक्रवर्ती का कहना है कि मंगोलिया के लोगों जैसे चेहरे-मोहरे वालों को अधिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

## हैप्पीनेस उत्सव का समापन, म्युजिकल अवतार में दिखे मुख्यमंत्री



● स्कूलों में बच्चों को कट्टर देशभक्त बना रहे, फैलाएंगे प्यार का पैगाम



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों में हैप्पीनेस पाठ्यक्रम को चार वर्ष पूरे होने पर त्यागराज स्टेडियम में आयोजित हैप्पीनेस उत्सव का शुक्रवार को संपन्न हो गया। ड्रम कैफे टीम के साथ ड्रम बजाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहली बार म्युजिकल अवतार में दिखे।

राजयोग मेटिटेशन की शिक्षिका बीके शिवानी ने सबको खुश रहने का मंत्र दिया। वहीं मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को कट्टर देशभक्ति का पाठ पढ़ाया। समापन समारोह की शुरूआत ड्रम कैफे परफार्मेंस के साथ हुई। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने भी ड्रम कैफे टीम के साथ ड्रम बजाया। उनके साथ स्टेडियम में मौजूद प्रमुख लोगों ने भी ड्रम बजाया। कार्यक्रम में एक इंपैक्ट वीडियो भी प्रदर्शित की गई, जिसमें बच्चे अपने अनुभवों को साझा करते दिखे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हैप्पीनेस कार्यक्रम चलाते हुए चार साल हो गए।

उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया की पहल से दिल्ली के अंदर शिक्षा क्रांति आई है। सरकार ने शिक्षा क्रांति की यात्रा में सबसे पहले इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक किया। बिल्डिंग्स टूटी हुई थीं। टॉयलेट्स नहीं थे। पीने का पानी नहीं था, सफाई नहीं थी। स्कूलों में सुरक्षा नहीं था। हमने बिल्डिंग्स अच्छी बनाई। केजरीवाल ने कहा कि उनकी स्कूली शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को अच्छा मनुष्य, देशभक्त और रोजगार हासिल करने योग्य बनाना है। उन्होंने कहा, लेकिन अब हम अच्छा कर रहे हैं। हमने विभिन्न पाठ्यक्रम जारी किए हैं और शैक्षणिक दबाव को कम किया है। हैप्पीनेस कक्षाओं से बच्चों का तनाव कम हुआ और इसलिए दिल्ली में छात्रों की आत्महत्या का कोई मामला भी नहीं सामने आया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे छात्रों को ऐसा बनाना चाहते हैं, जो नफरत नहीं बल्कि देश में प्रेम के संदेश का प्रचार करें। राजयोग मेटिटेशन की शिक्षिका बीके शिवानी ने सबको खुश रहने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार दिल्ली सरकार इस तरह का कोई कार्यक्रम कर रही है और बच्चों के मानसिक उत्थान के बारे में सोच रही है।

### 7 सालों में शिक्षा बजट 25 फीसद : सिसोदिया

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि साल 2015 से हमने शिक्षा पर काम करना शुरू किया और पिछले 7 सालों से लगातार हमारा शिक्षा का बजट कुल बजट का लगभग 25 फीसद रहा है। लेकिन बात केवल बजट की नहीं, काम करने की भी है। हमनें अपने स्कूलों की रंगत को बदलने का काम किया। मकड़ी के जाल लगे जर्जर स्कूलों की इमारतों को शानदार बनाया। न केवल हमारे स्कूल शानदार हुए, बल्कि रिजल्ट भी शानदार हुए और हमारे स्कूलों में प ?ने वाले गरीब परिवारों के बच्चे भी आईआईटी, नीट के लिए चयनित होने लगे। हम हैप्पीनेस के जरिए बच्चों को कोई थ्योरी नहीं पढ़ाते हैं, बल्कि चर्चाओं, कहानियों, गतिविधियों के माध्यम से उनको खुश रहना सिखाते है।

# वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी : डॉ. शाहीन

## जीयू में उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विवि में एक दिवसीय कार्यशाला में बोलते मुख्य वक्ता प्रो. डा. शाहीन खान।

**आजादी** का अमृत महोत्सव के अवसर पर 25 जुलाई से 30 जुलाई तक उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुग्राम विवि के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें मेवात इंजीनियरिंग कालेज नूंह के प्रोफेसर डा. शाहीन खान मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। मुख्य वक्ता डॉ. शाहीन खान ने छात्रों के समक्ष एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि कैसे 2047 तक हमारा देश वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा साथ ही साथ उन्होंने ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत सरकार के रोडमैप के बारे में भी छात्रों को बताया।

उन्होंने सोलर, बायोमास, हाइड्रोजन आधारित ईंधन, इथेनॉल, जैसे ईंधनों पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी है। तभी हम आने वाले सालों में ऊर्जा के क्षेत्र में सुपर पावर बन सकते हैं।

इस मौके पर गुरुग्राम विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान की नींव पर भविष्य खड़ा होता है, क्योंकि ऊर्जा के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी देश की प्रगति और विकास में ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऊर्जा किसी भी देश के विकास का इंजन होती है। हमें पर्यावरण और भविष्य की पीढ़ी को ध्यान में रखकर आगे की रणनीति बनानी चाहिए। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के डीन डॉ. अशोक खन्ना समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# समाज को पर्यावरण के प्रति जागरुक करें स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के रॉक फोर्ड स्कूल में पौधारोपण करते अतिथि।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शुक्रवार को रॉक फोर्ड स्कूल गांधी नगर में पौधारोपण करके अपनी मुहिम को आगे बढ़ाया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम के तहत उन्होंने कपड़े के थैले भी वितरित किए।

इस अवसर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी विषय पर समाज में जागरुकता लाने के लिए शिक्षण संस्थानों (स्कूल और कालेज) का अहम योगदान होता है। वहां बच्चों को दी जाने वाले शिक्षा के साथ सामाजिक मुद्दों पर उन्हें जानकारी देकर समाज तक पहुंचाई जा सकती है। इस दिशा में सभी शिक्षण संस्थान कार्य करें। उन्होंने गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा के स्कूल, कालेज प्रबंधन से यह आह्वान किया है कि वे पर्यावरण में सुधार के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की ना केवल प्रेरणा दें, बल्कि पौधारोपण करें भी। उन्होंने रॉक फोर्ड स्कूल के चेयरमैन मुकेश डागर व मैनेजमेंट को शुभकामनाएं दी कि उन्होंने पूरा विद्यालय कैंपस हाईजीन किया हुआ है। यह पर्यावरण के प्रति सजगता के लिए बेहतरीन कार्य है। नवीन गोयल की ओर से इस कार्यक्रम में पौधारोपण करने के साथ कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विनोद कटारिया ने किया कि पर्यावरण में सुधार के लिए गुरुग्राम में जागरुकता लाने में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा प्रमुख नवीन गोयल कामयाब हो रहे हैं।

# ड्रैगन फ्रूट : खेती पर लें प्रति एकड़ एक लाख बीस हजार

**गुरुग्राम।** प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के किसानों को ड्रैगन फ्रूट की खेती के प्रति जागरुक करने के लिए प्रति एकड़ करीब एक लाख बीस हजार का अनुदान दिया जा रहा है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने बताया कि ड्रैगन फ्रूट रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, मैग्नीशियम, विटामिन ए, सी, आयरन, कैल्शियम, फाइबर आदि काफी अधिक मात्रा में मौजूद होता है। इसके साथ ही ड्रैगन फ्रूट डायबिटीज और शुगर लेवल को नियंत्रित करने में भी काफी सहायक है। विदेशी फल होने व भारत में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नहीं होता, जबकि बाजार में इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

# गुरुग्राम में बिजली बिलों की 100 फीसदी वसूली




बिजली निगम के अमृत मोहत्सव कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश देतीं स्कूली छात्राएं।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## हरियाणा में बिजली से कुल आय 12 करोड़ जबकि गुरुग्राम हर माह 5 करोड़ रुपये दे रहा

## जीडी गोयनका विश्वविद्यालय में आजादी का अमृतोत्सव में बोलते हुए कहा

**बिजली** निगम के एसई पीके चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार भर में बिजली सप्लाई से जिला गुरुग्राम में हर माह 500 करोड़ रुपये की आय हो रही है। जबकि प्रदेश में कुल आय 1200 करोड़ रुपये की होती है। सोहना व सोहना से लगता जिला नूंह में केन्द्र सरकार की सौभाग्य योजना के तहत 10 उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन घर-घर जाकर दिए है।

बिजली निगम ने शुक्रवार को जीडी गोयनका विश्वविद्यालय में केन्द्र सरकार की उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य के तहत आजादी का अमृतसव महोत्सव मनाया। इस अवसर पर सोहना सबडिविजन, तावडू सबडिविजन, बादशाहपुर और सोहना रोड सबडिविजन से आए निगम के अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण उपभोक्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घर-घर बिजली कनेक्शन योजना को लेकर महोत्सव और बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनता देश की गौरवगाथा का विवरण देना।

बिजली के क्षेत्र में उपभोक्ताओं के कल्याणकारी योजना से मिली सफ्लता का विस्तारपूर्वक बताना तथा बिजली के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को भविष्य में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर बिजली निगम के गुरुग्राम एसई पीके चौहान ने बताया कि जिला गुरुग्राम में बिजली चोरी की दर 60 से घटकर 15 फीसदी रह गई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पुरानी तारों को हटाते हुए केवल बिछाने से लेकर उपभोक्ताओं को घर-घर जाकर बिजली कनेक्शन देने में जो सहयोग निगम कर्मचारियों से लेकर अधिकारी व उपभोक्ताओं ने दिया है। वह कार्य गुरुग्राम जिला के लिए गर्व की बात है। वर्तमान समय में बिजली वितरण से 100 फीसदी वसूली हो रही है। यही कारण है जो बिजली निगम अपने उपभोक्ताओं को 24 घंटा बिजली उपलब्धता के क्षेत्र में नई-नई योजनाएं लेकर आ रही है।

### बिजली चोरी और बचत का संदेश

**इस** अवसर पर स्कूली छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक तथा सांस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से केन्द्र, प्रदेश सरकार और बिजली निगम के कार्यों की प्रशासन करते हुए आम उपभोक्ताओं को बिजली चोरी तथा बिजली बचत करने का संदेश दिया।

# नगर परिषद ने नौ विभागों को एक करोड़ 27 लाख के नोटिस भेजे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## नगर परिषद आर्थिक हालत सुधारने को बकाया संपत्ति कर की वसूली को दे रही नोटिस

**नगर** परिषद ने 9 सरकारी विभागों को बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के नोटिस भेजे हैं। सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स हरियाणा टॅरिज्म निगम का बना बारबेट कॉम्पलेक्स पर 74 लाख का नोटिस दिया है। नगर परिषद अब अपनी आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने के इरादे से सरकारी विभागों पर बकाया संपत्ति कर की वसूली करने के इरादे से नोटिस देना शुरू कर रही है। विभागों में बारबेट टूरिज्म कॉम्पलेक्स, पुराना कोर्ट परिसर, मार्केट कमेटी विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, देवीलाल खेल स्टेडियम, सामान्य बस स्टैंड तथा बिजली निगम का एसडीओ और एक्सएइन कार्यालय परिसर शामिल है।

सबसे ज्यादा संपत्ति कर हरियाणा रोडवेज विभाग का सामान्य बस स्टैंड परिसर पर 74 लाख 7000 रुपये का है। यह संपत्ति कर रोडवेज विभाग पर वर्ष 2011-11 से 2022-23 तक का है। दूसरे नंबर पर बारबेट टूरिज्म कॉम्पलेक्स पर वर्ष 2015-2016 से 2022-23 का बकाया है। सबसे कम बिजली निगम के एक्सइएन कार्यालय परिसर पर मात्र 33000 रुपये है।

| विभाग का नाम | कब से कब तक | बकाया राशि |
|---|---|---|
| खेल स्टेडियम | 2010-11 से 2022-23 | 1920338 |
| मार्केट कमेटी | 2022-2023 | 121829 |
| पुराना कोर्ट | 2010-11 से 2022-23 | 301760 |
| बिजली निगम | 2021-22 से 2022-23 | 204918 |
| बिजली निगम 66केवी | 2022-23 | 33000 |
| टूरिज्म कॉम्पलेक्स | 2015-16 से 2022-23 | 2422580 |
| बीडब्ल्यूडी कार्यालय-18 | 2022-23 | 91666 |
| एक्सइएन जनस्वास्थ्य | 2010-11 से 2022-23 | 241368 |
| सामान्य बस स्टैंड | 2010-11 से 2022-23 | 7407000 |

“ संपत्ति कर की वसूली होने पर शहर में विकास कार्यों को गति मिलेगी। बकाया संपत्ति कर जमा न कराने वालों पर केस दर्ज कराएं जाएंगे। सभी बकायादारों को नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।


**अतर सिंह ( कार्यकारी अधिकारी नप )**

**दूसरे चरण सोसायटियों को नोटिस :** नगर परिषद अपने दूसरे चरण में निजी सोसायटियों से लेकर कॉलेज, स्कूल और सामाजिक संस्थाओं को संपत्ति कर बकाया के नोटिस भेजने की तैयारी में जुट गई है। परिषद को निजी संस्थानों से भी करोड़ों रुपये का संपत्ति कर बकाया है। जिसकी वसूली जल्द की जाएगी।

# प्रोपर्टी आईडी का पोर्टल बंद बताकर टरका रहे

## पोर्टल बंद होने की अफवाह से नागरिकों में बनी है संशय की स्थिति

पायनियर समाचार सेवा। सोहना




सोहना नगर परिषद का कार्यालय।

**नगर** परिषद विभाग में नई प्रॉपर्टी आईडी बनाये जाने का कार्य बन्द कर दिया गया है। नागरिकों को अपनी जायदादों की आईडी बनवाने के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। किंतु फिर भी उनकी आईडी नहीं बन रही है। जिससे लोग काफी मायूस हैं। वहीं अधिकारी पोर्टल बन्द होने की बात कहकर नागरिकों को टरका रहे हैं। जिससे नागरिकों में संशय की स्थिति बनी हुई है।

नगरपरिषद विभाग के रिकॉर्ड में परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी जायदाद दर्ज हैं। जिनमें आवासीय व कमर्शियल शामिल हैं। जिनकी संख्या विभाग अनुसार 52 हजार 342 है। ऐसी जायदादों की सर्वे विभाग अपने स्तर पर 5 वर्षों में करता था। किंतु इस बार विभाग ने निजी स्तर पर सर्वे नहीं किया था। जिसके लिए सरकार ने याशी एजेंसी को सर्वे का ठेका दिया था। ये कार्य सरकार ने एजेंसी को करीब 4 वर्ष पूर्व दिया था। किंतु हैरत की बात है कि एजेंसी की मनमानी के चलते कार्य अभी तक भी पूरा नहीं हो सका है। जबकि नागरिक अपनी जायदादों की आईडी हासिल करने के लिए परिषद कार्यालय के धक्के खाते घूम रहे हैं।

**आईडी बगैर रजिस्ट्री नहीं :** नागरिक प्रॉपर्टी आईडी के बगैर अपनी जायदादों की रजिस्ट्री नहीं करा सकते हैं। जिससे रजिस्ट्री का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। रजिस्ट्री कराने के लिए तहसील और परिषद कार्यालय के बीच दौड़ते लगाने पर आईडी नहीं बन रही।

### पोर्टल बन्द होने का बना रहे बहाना

**नागरिकों** का आरोप है कि नगरपरिषद विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी चरम पर है। नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने से स्पष्ट इनकार कर रहे हैं। जिसके लिए पोर्टल की ऊपर से ही बन्द होने की बात कहते हुए पल्लू झाड़ रहे हैं।

### ऐसर कहते हैं टैक्स इंचार्ज

**नगर** परिषद के टैक्स इंचार्ज रवि कुमार बताते हैं कि प्रॉपर्टी का सर्वे याशी एजेंसी को दिया था। जिनका कार्य पूरा हो चुका है। सभी प्रॉपर्टी को ऑनलाइन अगस्त माह तक अपलोड करके डाल दिया जाएगा। जिसके कारण नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने का कार्य बन्द है। जबकि वहीं परिषद कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह बताते हैं कि नई प्रॉपर्टी आईडी का कार्य बन्द होने का दावा कर रहे हैं। ताकि प्रॉपर्टी की आईडी डबल न बन जाये।

# बीएससी स्पोर्टस : नए कोर्स की 80 सीटों पर लें दाखिला

## निरंकारी महाविद्यालय में नये कोर्स के साथ इस वर्ष 1020 सीटों पर होंगे दाखिले

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना का निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय।

**निरंकारी** बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय नये कोर्स बीएससी स्पोर्टस साइंस के साथ एक अगस्त से वर्ष 2022-23 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू करेगा। इस बार कॉलेज में बीए से लेकर बीएससी तक की एक हजार 20 सीटों पर दाखिले होंगे।

निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय अपने नये कोर्स बीएससी स्पोर्टस साइंस में 80 सीटों के साथ दाखिला प्रक्रिया शुरु करने जा रहा है। नया कोर्स सैल्फ फाइनेंस का कोर्स होगा। सभी दाखिले ऑनलाइन के आधार पर होंगे। निरंकारी महाविद्यालय की तरफ से अलग-अलग कक्षाओं में 1020 सीटें ऑनलाइन पर दर्शाई दी हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य पहली दाखिला सूची 12 अगस्त से प्रकाशन होगा। जिसमें विद्यार्थी 13 से 16 अगस्त के बीच में अपना नंबर आने पर दाखिला ले सकेंगे। दूसरी कटऑफ सूची 19 अगस्त को जारी होगी। जिसके आधार पर 20 से 23 अगस्त के बीच में दाखिला प्रक्रिया चलेगी। 26 अगस्त को ओपन काउंसलिंग के आधार पर शेष रहती सीटों पर दाखिला किए जाएंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने वाले विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय ने नया कोर्स बीएससी शुरू किया है।

किस कोर्स में कितनी सीटें

| कक्षा | कुल सीट |
|---|---|
| बीए | 240 |
| बीकॉम | 160 |
| बीकॉम ऑनर्स | 80 |
| एमकॉम | 120 |
| एमएससी | 60 |
| बीबीए | 60 |
| बीसीए | 60 |
| बीएससी (नान मेडिकल) | 80 |
| बीएससी स्पोर्टस | 80 |

# TECNO SPARK ~T अपने 7जीबी रैम और 6.6 इंच के फुल एचडी+ डिस्प्ले के साथ बाजार में हलचल मचाएगा

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

## अमेजन पर बिल्कुल नया स्मार्टफोन 6 अगस्त 222 से उपलब्ध होगा




**वैश्विक** प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड TECNO Mobile ने अपनी भविष्य की ÒSPARK seriesÓ के तहत TECNO SPARK ~T लॉन्च किया। फोटोग्राफी को और अधिक सहज बनाने के लिए उद्योग-प्रथम सुविधाओं के गुणों पर खरा उतरते हुए, नया TECNO SPARK ~T विशेष शुरुआती ऑफर मूल्य 9,299 रुपये में उन्नत ट्रिपल-रियर कैमरा सेट-अप के साथ उपलब्ध होता है।

अपने निरंतर नवाचार को ध्यान में रखते हुए, काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, TECNO ने 10 हजार से कम कीमत वाले मोबाइल बनाने की श्रेणी में खुद को चौथे सबसे बड़े स्मार्टफोन निर्माता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। TECNO SPARK ~T एक प्रीमियम स्मार्टफोन है जिसमें 6.6 इंच के फुल एचडी+ डिस्प्ले के साथ 'कैटेगरी डिफाइनिंग' फीचर भी है, जो देखने का शानदार अनुभव देता है। यह स्मार्टफोन एक सुपर-कुशल मीडियाटेक हीलियो जी35 प्रोसेसर द्वारा समर्थित है। SPARK series के इस नए मोबाइल में 5000 एमएएच की बैटरी और 18W फ्लैश चार्जर है। यह शक्तिशाली संयोजन 39 दिनों का स्टैंडबाय टाइम और 147 घंटे संगीत सुनने की सुविधा देता है। TECNO SPARK ~T, TECNO SPARK series के स्मार्टफोन्स के संतुष्टि स्तर को बढ़ाता है। TRANSSION India के सीईओ, अरिजीत तालापात्रा ने इस लॉन्च पर कहा, ÒTECNO में, हम अपने भविष्य के लिए तैयार उपभोक्ता-केंद्रित उत्पादों के माध्यम से नवाचार की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी SPARK series के साथ, हम उपभोक्ताओं की जीवनशैली को समायोजित करने और मध्य से उच्च श्रेणी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए सस्ती कीमतों पर अपने उपकरणों में शक्तिशाली सुविधाओं को एम्बेड करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्रत्येक लॉन्च के साथ, हम अपनी उपभोक्ता की नब्ज और मांगों का बारीकी से अध्ययन करने और उन्हें उन्नत तकनीक के साथ सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास उत्पादों की पेशकश करके आवश्यकता आधारित समाधान की पेशकश करके सभी क्षेत्रों में बाजार हिस्सेदारी हासिल कर रहे हैं। TECNO SPARK ~T के साथ, हम सभी मोर्चों पर सीमाओं को तोड़ने और आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टोल पर बाउंसरों का आतंक समाप्त होगा : उपासना सिंह



गुरुग्राम डीसीपी साऊथ उपासना सिंह के कार्यालय में पहुंचे संघर्ष कमेटी के सदस्य।

**सोहना।** गुरुग्राम डीसीपी साऊथ उपासना सिंह ने पोल संघर्ष कमेटी को घामडौज टोल पर किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी को पनपने न देने का आश्वासन दिया है। गुंडागर्दी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने के आदेश जारी किए है। मंगलवार को एलिवेटेड मार्ग के घामडौज टोल पर दंपति की बाउंसर द्वारा की गई मारपीट और महिला के साथ अभद्र व्यापार को लेकर शुक्रवार को टोल संघर्ष कमेटी की टीम ने डीसीपी साऊथ उपासना सिंह से मुलाकात की। संघर्ष कमेटी सीपी से शिकायत करने के इरादे से उनके कार्यालय पहुंची। लेकिन सीपी किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण मुलाकात न कर सकी। बाद में टीम डीसीपी के पास पहुंची। जहा घामडौज टोल पर बाउंसरों का बढ़ता आतंक की शिकायत ज्ञापन देकर की। करीब 30 मिनट तक टोल पर चर्चा चली। कमेटी के सदस्य सतबीर पहलवान ने बताया कि साऊथ डीसीपी उपासना सिंह स्पष्ट शब्दों में पोल पर बाउंसरों की दादागिरी नहीं चलने देने को कहा है। साथ ही भोंडसी थाना पुलिस को बाउंसरों पर कड़ी नजर रखने को कहा है। पहलवान ने बताया कि उपासना सिंह ने स्वयं ही पोल का औचक निरीक्षण करने को भी कहा है। जानकारी के अनुसार पीडिता महिला ने गुरुवार को अदालत में अपने बयान दर्ज कराए थे। इस अवसर पर अदालत ने भोंडसी थाना प्रभारी और मामले की जांच कर रहे अधिकारी को भी बुलाया था। जिन्हे टोल पर बाउंसरों की गुंडागर्दी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया था।

### गुरुग्राम को नौ खेलों के लिए अलॉट हुई 10 खेल नर्सरियां

**गुरुग्राम।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा की ओर से खेलों को बढ़ावा देने के लिए तथा शुरुआती स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए गुरुग्राम जिले में 10 खेल नर्सरी अलॉट की गई हैं। इनमें दो खेल नर्सरी सरकारी स्कूल में चार निजी स्कूलों में व चार निजी प्रशिक्षण केंद्रों में अलॉट की गई है। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला ने बताया कि खेल विभाग की इस पहल से खिलाड़ियों में काफी उत्साह है, जिसके चलते अन्य बच्चों में भी खेलों के प्रति रुचि का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि हॉकी, शूटिंग, कयाकिंग व कैनोइंग, बेसबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, रेसलिंग सहित जिम्नास्टिक खेलों के लिए अलॉट की गई इन खेल नर्सरियों के शुरू होने से जिला के बच्चों में खेल भावना में बढ़ोतरी होने के साथ साथ आगामी वर्षों में हरियाणा में मेडल की संख्या में भी वृद्धि होगी।

### लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिखाई कला एवं शिल्प में प्रतिभा



**गुरुग्राम।** लायंस पब्लिक स्कूल ने आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी श्रेष्ठकला का आयोजन किया। इसमें प्रतिभागियों का उत्साह और उनकी प्रतिभा का यहां बेहतरी से प्रदर्शन किया गया। छात्राओं की सुंदर कृतियों की प्रस्तुति देख सभी मंत्रमुग्ध हो गए। नवोदित कलाकारों ने कई रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त काकुल सहरावत द्वारा किया गया। पूर्व अध्यक्ष लायन डीवी तनेजा ने भी अपनी सौम्य उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। उन्होंने प्रसन्नता के साथ कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां स्कूलों में नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए ताकि छात्रों को कला और शिल्प के माध्यम से अपने विचार साझा करने का अवसर मिले। लायन डॉ. सुनील सिंगला, सचिव, लायन तरुण वाधवा, कोषाध्यक्ष और लॉयन निशांत गाबा, एसोसिएट ट्रस्टी भी प्रदर्शनी में उपस्थित थे। प्रबंधक राजीव कुमार ने छात्रों की सराहना की और कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों को सहयोग और समय प्रबंधन के कौशल से सशक्त बनाती हैं। प्रिंसिपल दीपिंदर कौर ने जोर देकर कहा कि इस तरह के प्लेटफार्म रचनात्मक दिमागों के लिए असीम अवसर प्रदान करते हैं। पोस्टर बनाने से लेकर कांच की पेंटिंग और पेपर मैशे से लेकर अनेक लोककलाओं के प्रदर्शन के साथ यह प्रदर्शनी ऊर्जा और जोश से भरी रही।

### पर्यूषण पर्व के दौरान मांस की दुकानें बन्द रखने के निर्देश

**गुरुग्राम।** शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के निदेशक द्वारा दिए गए आदेशों की पालना में नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में पर्यूषण पर्व (जैन फेस्टीवल) के दौरान मांस की सभी दुकानें 9 दिनों तक बन्द रहेंगी। संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय) डा. विजयपाल यादव ने बताया कि इस बारे में शहरी स्थानीय निकाय विभाग से आदेश प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आदेशों के तहत 24 अगस्त से 1 सितम्बर तक नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में सभी मांस बिक्री की दुकानें एवं स्लॉटर हाऊस बन्द रहेंगे। इन 9 दिनों में जैन समाज का फेस्टीवल पर्यूषण पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने निगम क्षेत्र में स्थित मांस बिक्री करने वाले व्यक्तियों से कहा कि वे इन 9 दिनों के दौरान अर्थात 24 अगस्त से 1 सितम्बर तक अपनी दुकानों को बन्द रखें। नगर निगम गुरुग्राम की टीमें इन दिनों के दौरान क्षेत्र में लगातार निगरानी करेंगी तथा आदेशों की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यार्थियों को विशेषज्ञों ने दी व्यवसायों के बारे में जानकारी

**गुरुग्राम।** जिला रोजगार कार्यालय की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में 25 जुलाई से शुरू हुए व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का शुक्रवार को समापन हो गया। जिला रोजगार कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि 25 जुलाई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरुग्राम व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा से इस व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का शुभारंभ किया गया था।

# सावन माह का स्पेशल हरियाली तीज है कल : मुनिराज

कविता। फरीदाबाद

**हिन्दु** धर्म के लोगों को श्रावण मास का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। 26 जुलाई को श्रावण मास की शिवरात्रि थी। इसके बाद से त्योहार शुरू हो जाते है। सबसे पहले शिवरात्रि, उसके बाद हरियाली तीज, नाग पंचमी, रक्षा बंधन, कजरी तीज, जन्माष्टमी, हरतालिका तीज, नवरात्रि, दशहरा, करवा चौथ, दिवाली गोवर्धन पूजा, भाई दूज और छठ पूजा का त्योहार आता है। यह बात एनएच-पांच स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक महंत मुनिराजजी ने पायनियर को दी।

मुनिराजजी ने बताया कि इस बार हरियाली तीज आगामी 31 जुलाई को पड़ रही है। सावन के महीने में तीज के मौके पर झूले डाले जाते हैं। महिलाएं अपने अपने पति की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती है। पहले तीज तीन दिन मनाई जाती थी, लेकिन अब एक ही दिन मनाया जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखती है। इस मौके पर विवाहित महिलाए नए वस्त्र पहनती हैं और हाथों में मेहंदी और पैरों में अल्ता लगाती है। इस मौके पर मां पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है।



**तीज है खास:** मुनिराजजी ने बताया कि सावन का महीना 14 जुलाई से शुरू हुआ है। इसी माह में सावन शिवरात्रि होती है, जो 26 जुलाई को थी। सावन में तीज खास त्योहार होता है। इसमें महिलाएं हाथों पर मेहंदी लगवाती है और झुले पर झुलती है। शहरभर में जगह-जगह तीज महोत्सवों का आयोजन किया जाता है। साल में 12 शिवरात्रियां होती है। जो प्रत्येक महीने त्रयोदशी के दिन पड़ती है। 12 शिवरात्रियों में से फाल्गुन माह की शिवरात्रि और सावन माह की शिवरात्रि का महत्व सबसे अधिक हैं, इसे महाशिवरात्रि भी कहा जाता है। सावन शिवरात्रि पर विधि पूर्वक भगवान शिव के लिए व्रत रख, पूजा करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और भगवान शंकर की असीम कृपा आप पर बनी रहती है।



मुनिराज जी।

**चिकित्सक की राय :** महंत मुनिराजजी ने बताया कि हरियाली तीज पर निर्जला व्रत रखा जाता है। जिसे देखते हुए पायनियर संवाददाता ने बीके सिविल अस्पताल में तैनात वरिष्ठ फिजिशियन व चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. योगेश से बात की तो उन्होंने बताया कि निर्जल व्रत के साथ महिलाओं को सेहत का ध्यान रखना चाहिए। लम्बे समय तक भूखे रहने के बाद एकदम से ज्यादा हैवी भोजन नहीं करना चाहिए। इससे पेट की पाचन क्रिया पर असर पड़ता है। कुछ खाने से पहले पानी जरूर पीना चाहिए। भोजन से पहले नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी या कोई भी जूस पी सकते हैं।



डॉ. योगेश गुप्ता।

# छांयसा में हुए राहुल हत्याकांड के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

## आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रुपये का रखा गया था ईनाम

## गर्लफ्रैंड से बात करने का बदला लेने के लिए की गई थी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हत्या के आरोप में गिरफ्तार अजय,पदम,राधे और राहुल के साथ पुलिस अधिकारी।

**वारदात** 21 जुलाई के सुबह करीब 6.15 बजे छायंसा की है। राहुल अपने घर के पास अपने दोस्तों के साथ में बैठा था। तभी एक सफेद रंग की गाड़ी पोलो में चार लड़के आये और चालक गाड़ी की सीट पर ही बैठा रहा और तीनों लड़कों ने गाड़ी से उतरकर पिस्टल/रिवाल्वर से राहुल पर ताबड़तोड़ गोलिया चला दीं। राहुल ने भागने की कोशिश की लेकिन तीनों हमलावरों ने उसे घेर कर कई गोलियां मारीं।

वहां उपस्थित आस-पड़ोस के लोगों ने हमलावरों पर ईंट-पत्थर बरसाये, तो ये लोग अपनी गाड़ी में बैठकर भाग गये। राहुल को घायल अवस्था में सर्वोदय अस्पताल लेकर गए। जहां पर डाक्टर ने राहुल को मृत घोषित कर दिया था। घटना स्थल पर डीसीपी क्राइम, एसीपी क्राइम, क्राइम ब्रांच डीएलएफ, क्राइम ब्रांच सेक्टर-56, क्राइम ब्रांच बोर्डर, सीन ऑफ क्राइम टीम के साथ डॉक्टर मनीषा पहुंच कर निरीक्षण किया।

मृतक राहुल के माता-पिता घर से बाहर गए हुए थे। राहुल के मामा हरेन्द्र की शिकायत पर थाना छांयसा में हत्या कि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। पुलिस कमिश्नर द्वारा मुकदमे में शामिल आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का ईनाम रखा गया था। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा ने प्रेस वार्ता में खुलासा करते हुए बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा डीएलएफ, अपराध शाखा सैक्टर 65 और अपराध शाखा बॉर्डर टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सोनीपत के खरखौदा से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियो में अजय, पदम उर्फ राधे, राहुल उर्फ ब्रहमचारी और रोहित उर्फ केडी का नाम शामिल हैं। अजय(27) सोनीपत के गांव भैंसवाल, पदम(22) सोनीपत के गावं रीढाऊ, राहुल उर्फ ब्रह्मचारी (25) रोहतक जिले के गांव बलियाना और रोहित उर्फ केडी (22) रोहतक जिले के गांव खरैटी के रहने वाले है। अजय हत्याकंड का मुख्य आरोपी है। आरोपी अजय और रोहित उर्फ केडी ने बी फार्मा कर रखी है। आरोपी पदम बीए तथा आरोपी राहुल उर्फ ब्रह्मचारी 11वीं पास है। प्रारम्भीक पूछताछ में सामने आया की मुख्य आरोपी अजय की एक लड़की से दोस्ती थी। लड़की मृतक राहुल से बात करने लगी, आरोपी अजय लड़की को राहुल से बात करने से मना करता था। इस कारण आरोपी ने राहुल को अपने रास्ते से हटाने के लिए अपने दस्तो के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी राहुल उर्फ ब्रह्मचारी पर पूर्व में अवैध नशा तस्करी तथा लड़ाई-झगडे के दो मुकदमे दर्ज है।

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि राहुल के मर्डर के बाद आरोपियों ने चार अन्य संगीन वारदातों की योजना बना रखी थी। वारदातों को अंजाम देने से पहले ही क्राइम टीम ने आरोपियो को धर-दबोचा। आरोपियो को अदालत में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात में प्रयोग हथियार की बरामदगी व वारदात में शामिल अन्य आरोपियो के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग गाड़ी को बरामद कर लिया है।

# भाजपा ने शहर का विकास नहीं, विनाश किया: भड़ाना



सेक्टर-48 में सड़क पर भरे पानी को लेकर प्रदर्शन करते आप के कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** के बदतर हालातों, स्मार्ट सिटी के नाम पर मचाई गई लूट और नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी ने जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में बड़खल विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के सेक्टर 48 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मेनरोड पर जमकर प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि सेक्टर-48 में पूरी तरह रोड पर पानी भरा हुआ है, मगर स्थानीय विधायक और पार्षद अपनी मस्ती में मगरुर हैं और विकास के बड़े बड़े वादे करते हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने फरीदाबाद का विकास नहीं, विनाश किया है। विपक्ष का कोई भी नेता, कोई भी पार्टी जब इनके विकास कार्यों की पोल खोलता है, तो उसको ईडी व विजिलेंस का डर दिखाया जाता है। भड़ाना ने कहा कि भाजपा के नेता स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर में आए 2200 करोड़ रुपए भी डकार गए हैं। मगर, आम आदमी पार्टी चुप नहीं बैठेगी, जब तक इनको जनता के सामने नंगा नहीं करेंगे, हम चुप नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव भीम यादव, वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना, प्रवेश मेहता एवं वार्ड नं 15 से आम आदमी पार्टी की प्रताशी पद की उम्मीदवार परमजीत कौर ने कहा कि आज जो सुविधाएं दिल्ली की जनता को मिल रही हैं, वही सुविधाएं फरीदाबाद की जनता को भी मिलनी चाहिए। उन्होंने भाजपा सरकार के विकास के दावों को खोखला बताते हुए कहा कि बीजेपी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जिस प्रकार से बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली में दी जा रही हैं, उसी तर्ज पर हरियाणा की जनता को भी सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। आम आदमी पार्टी लगातार शहर में जन सुविधाओं के मुद्दों को उठा रही है। पूरे फरीदाबाद शहर में आम आदमी पार्टी प्रदर्शन करेगी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएगी। विस्तार हो रहा है।

# लापता दो भाइयों को परिजनों से मिलवाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शहर में व्यक्ति, बच्चे, महिलाओं के गुम होने के मामले में तुरंत कार्रवाई के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम वे चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने परिवार से बिछड़े दो भाइयों को दो उसके परिवार से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को रात के समय रेलवे पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त हुई की दो बच्चे हैं। जिनकी उम्र लगभग 7 साल और 9 साल है, जो अकेले रेल में बैठकर कही जाने की सोच रहे हैं। इस सूचना पर चाइल्ड हेल्प लाइन से रविंद्र और क्राइम ब्रांच कैट की टीम मौके पर पहुंची और टीम ने बच्चो से बात करने की कोशिश की तो बच्चे अपना नाम के अलावा अपना पता नहीं बता रहे थे। टीम ने बच्चो को आसपास भी घुमाया किन्तु अधिक रात होने के कारण बच्चे अपना पता बताने में असमर्थ थे। उसके बाद टीम ने बच्चो का मेडिकल कराकर बाल आश्रय में छोड़ दिया था। फिर अगले दिन क्राइम ब्रांच की टीम ने दोनों बच्चों को दिन में फरीदाबाद में घुमाया तो बच्चों ने अपना घर पहचान लिया। टीम ने बाल कल्याण समिति के आदेश से बच्चों को उनके परिजनों हवाले कर दिया। दोनों बच्चे सगे भाई थे और उनका पिता घर पर नही था और बच्चों ने बताया कि उन्हें उनके पिता की याद आ रही थी इसलिए वो घर से निकल गए और रास्ता भटक जाने के कारण प्लेट फार्म पार पहुंच गए बच्चों की मां का बच्चो से मिलने के बाद उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था।




बच्चों को परिजनों को सौंपते क्राइम ब्रांच कैट के अधिकारी।

# विधायक राजेश नागर ने किया माता अमृतानंदमयी का भव्य स्वागत

## अमृता अस्पताल के उद्घाटन के लिए ग्रेटर फरीदाबाद पहुंची हैं आध्यात्मिक अमृता मठ की प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**अम्मा** के नाम से विख्यात आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी देवी के ग्रेटर फरीदाबाद पहुंचने पर विधायक राजेश नागर ने जोरदार स्वागत किया। माताजी ने भी विधायक नागर को गले लगाकर आशीर्वाद दिया।

माता अमृतानंदमयी देवी के निर्देशन में माता अमृतानंदमयी मठ ग्रेटर फरीदाबाद में 2400 बैड का अस्पताल बना रहा है। जिसका 24 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इस उद्घाटन पूर्व सभी तैयारियों को पूर्णता देने के लिए अपनी कोर टीम के साथ माता अमृतानंदमयी देवी यहां पहुंची हैं। जहां स्थानीय विधायक राजेश नागर ने उनकी अगवानी की। नागर ने बताया कि माताजी ने उन्हें गले लगाया और सुभाशीर्वाद भी दिया। इसके बाद जब माताजी प्रमुख शिष्यों से मिलीं तब भी विधायक राजेश नागर को अपने साथ ही बैठाया। माताजी ने क्षेत्र में सुख शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि अमृता अस्पताल क्षेत्र समेत देश की जनता की सेवा करेगा। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि माता अमृतानंदमयी देवी का तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आना उनके क्षेत्र के लिए खुशहाली का सबब बनेगा। जब इतनी विराट आध्यात्मिक शख्सियतें कहीं पहुंचती हैं तो वहां की फिजा भी बदल जाती है। माताजी ने ग्रेटर फरीदाबाद में अमृता अस्पताल बनाकर पहले ही जनता पर बड़ा उपकार किया है अब वह स्वयं भी आई हैं जिससे उनका क्षेत्र गुलजार हो जाएगा। नागर ने बताया कि अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन 24 अगस्त को माताजी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। वहीं उन्होंने भी प्रशासन के जरिए पूरे मामले पर नजर बनाए रखी है।

# लाभकारी है पीएम किसान सम्मान निधि योजना

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में केंद्र सरकार किसानों के आर्थिक विकास में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करते हुए किसानों के लिए लाभकारी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को खेती करने के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है।

इस योजना का लाभ निर्बाध रूप से जारी रहे। इसके लिए 31 जुलाई तक पंजीकृत किसानों का ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जिला के किसानो से अनुरोध किया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभ जारी रखने के लिए 31 जुलाई 2022 से पहले नजदीकी सीएससी सेंटर में जाकर अपने बैंक खाते का सत्यापन ई-केवाईसी के माध्यम से करवा लें। जिला में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13510 किसानों द्वारा अभी तक ई केवाइसी नहीं कराई गई है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना को इन किसानों को 31 जुलाई से पहले सीएससी पर जाकर ई केवाइसी अपडेट कराना होगा।

# दो शिफ्ट में लगेगा सेहतपुर गांव का स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कैसे पढ़ें : 2800 बच्चों के ... स्कूल में सिर्फ 18 कमरे

पायनियर इम्पेक्ट

...के ...वाले ...दुर्शा

...। फरीदाबाद

...स्थित सीनियर ... बच्चों की ज्यादा ...ते हुए शिफ्टों में ...हा था। लेकिन अब फिर ... शिफ्ट किये जाने से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की काफी दुर्गति हो रही है। स्कूल में 2800 बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन इनके बैठने के लिए सिर्फ 18 कमरों की ही व्यवस्था है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों किस तरह से स्कूल में बैठकर पढ़ना पड़ता होगा, लेकिन किसी को इन बच्चों की फिक्र नहीं है। जानकारी के मुताबिक सेहतपुर

कक्षा के बाहर गैलरी में पढ़ते छात्र।

शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने स्कूल को दो शिफ्ट में चलाने की व्यवस्था की थी। जिससे बच्चों को पढ़ने में आसानी हो रही थी, लेकिन उनके तबादले के बाद आई शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने स्कूल को एक शिफ्ट में कर दिया। जिससे बच्चों को बैठने के लिए स्कूल में पर्याप्त कमरों की समस्या फिर उत्पन्न हो गई है। बच्चों को बरामदे में बैठाया जा रहा है। बरामदे में कई कक्षाओं के

विरोध किया था। क्योंकि दो शिफ्टों में पढ़ाई आसानी से हो रही थी। नियमों के मुताबिक इस कमेटी का निर्णय मान्य होता है, लेकिन अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। गांव के भूपेंद्र शर्मा भी इस समस्या के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से मिलने गए थे, लेकिन अधिकारी नहीं मिली तो उन्होंने शिकायत कार्यालय में दे दी है। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी

**सेहतपुर** गांव का सीनियर सेकेंडरी स्कूल अब दो शिफ्ट में ही चलेगा। इससे की स्टूडेंट्स को पढ़ाई करने में सहूलियत होगी। जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने शुक्रवार को इसके आदेश कर दिए हैं। पायनियर में गत 27 जुलाई को ही इस खबर को प्रकाशित किया था। जिसमें बताया गया था कि कमरों का अभाव है और यहां स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 2800 है। जिसे देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने तुरंत प्रभाव से स्कूल को दो शिफ्टों में शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए है।

**की थी यह मांग :** स्कूल में स्टूडेंट्स की संख्या करीब 2800 है, जबकि कमरों का अभाव है। इस कमी के चलते स्टूडेंट्स को बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होती है। इससे की तत्कालीन शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने स्कूल को दो शिफ्ट में कर दिया था। उनके ट्रांसफर के बाद आई शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने स्कूल को सिंगल शिफ्ट में कर दिया, जिससे की स्टूडेंट्स की पढ़ाई प्रभावित होने लगी। ग्रामीण भूपेंद्र सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्कूल को दो शिफ्ट में चलाने की मांग की थी। इसी कड़ी में तिगांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने गुरुवार को स्कूल की बदहाल दशा सुधारने और स्कूल को दो शिफ्ट में चलाने को लेकर शिक्षा अधिकारी से बात की। अधिकारी ने स्कूल को दो शिफ्ट में चलाने के लिखित आदेश कर दिए हैं।

# वाहन चोर से छह बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 इंचार्ज राकेश कुमार की टीम ने देसी कट्टा रखने वाले आरोपी फैसल को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नूंह जिले के गांव पेमाखेड़ा का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 के क्षेत्र से देसी कट्टा व जिन्दा रोंद सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। क्राइम ब्रांच टीम ने मामले में पूछताछ के लिए आरोपी को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# जरूरतमंदों को समय पर दें सुविधा का लाभ : त्रिखा



अधिकारियों की बैठक को संबोधित करती बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा।

**फरीदाबाद।** बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत जितने भी जरूरतमंद व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त होते हैं। उसे कमेटी के समक्ष जल्द से जल्द प्रस्तुत करें और जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर आर्थिक सहायता प्रदान करें।

वह शुक्रवार को लघु सचिवालय में मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत पहुंचे आवेदनों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रही थी। मीटिंग में फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता, एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा, उपायुक्त जितेंद्र यादव, नगराधीश नसीब कुमार व सीएमओ डॉ विनय गुप्ता भी मौजूद थे। इस दौरान विधायक सीमा त्रिखा बताया कि क्रॉनिक बीमारियों से ग्रसित व बहुत ज्यादा जरूरतमंद व्यक्तियों को ही मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद मिलती हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## नाटक के माध्यम से उठाया जातिवाद और उत्पीड़न का मुद्दा



**फरीदाबाद।** साझा सपना संस्था की तरफ से गुरुवार शाम को सेक्टर-37 स्थित शिवाय् अकेडमी में नाटक दास्तान-ए-कालू भंगी नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से जातिवाद, भेदभाव व उत्पीड़न का मुद्दा उठाया गया, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। नाटक का निर्देशन ईश्वर शून्य ने किया। नाटक में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी को दिखाया गया, जिसे समाज से उपेक्षित किया गया है। हर व्यक्ति की अपनी पहचान होती है, लेकिन तेजी समाज में जातिगत, भेदभाव व उत्पीड़न आज भी बड़ा मुद्दा बना हुआ है। नाटक की कहानी बताती है कि लोगों का मैला साफ करने वाले, गटर साफ करते हुए अपनी जान देने वाले लोग किस प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हैं। किस प्रकार समाज उन्हें अछूत मानता है, उन्हें घृणा की दृष्टि से देखता है और उनका शोषण करता है। कालू भंगी ने भी अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा करने में निकाल दिया, लेकिन मुसीबत के समय कोई उसके साथ खड़ा नहीं होता, बल्कि गलती होने पर उस पीटा भी जाता है। नाटक के माध्यम से वह सवाल करता है कि इस समाज में मेरी जगह क्यों नहीं है। क्यों मेरा जीवन ऐसा है। नाटक मे कालू भंगी का किरदार अभिषेक मौर्य व लेखक का किरदार वैभव ने निभाया।

## बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया

**फरीदाबाद।** साईबर सिक्योरिटी की अग्रणी संस्थान पैनेसिया इन्फोसेक और मेन्टल हेल्थ कंपनी हीलमेड की संयुक्त उपक्रम पैनेसिया हीलमेड ने साई धाम में बच्चों को मानसिक स्वास्थ के प्रति जागरूक करते हुए इसके शुरूआती जाँच के महत्व को समझाया। पैनेसिया हीलमेड एक आर्टीफशियल इंटेलिजेन्स आधारित डिजिटल प्लेटफार्म है जो मेंटल हेल्थ का प्रारंभिक परीक्षण करने का काम करती है। इसके माध्यम से मानसिक समस्या का शुरूआत में ही पता लगाया जा सकता है और समय पर इसके निदान के लिए प्रयास किये जा सकते हैं। साई धाम संस्थापक डा. मोतीलाल गुप्ता जी ने स्वस्थ्य तन के साथ स्वास्थ मन की आवष्यकता पर बल देते हुए पैनेसिया हिलमेड के कार्य को सरहाते हुए मानसिक स्वास्थ के जाँच की आवशयकता पर बल दिया। इस अवसर पर पैनेसिया हीलमेड की सह-संस्थापिका डा. निधि गोयल और मेघा शर्मा ने बच्चों और शिक्षकों को मानसिक रोगों के शुरूआती परीक्षण का महत्व बताते हुए इसकी समय पर जाँच के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर पैनेसिया इन्फोसेक के संस्थापक अजय कौशिक ने भी कंपनी के उददेश्य को विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारा उददेश्य मानसिक रोगों और इनके कुप्रभावों से अपने बच्चों को बचाना है। इस अवसर पर साई धाम के उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, स्कूल प्रिसिंपल बीनू शर्मा, नीरा गोयल आदि उपस्थित रहे।

## नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी गीता की टीम ने महिला (25 वर्ष) के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी तरुण (49 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पीडित युवती की शिकायत के अनुसार लड़की वर्ष 2020 लॉकडाउन के दौरान आरोपी के ग्राहक सेवा केन्द्र मोल्डबंद दिल्ली पर पैसे निकलबाने के लिए गई थी। जिसकी वहां आरोपी से मुलाकत हुई, आरोपी ने युवती से उसका फोन नम्बर ले लिया और बात करने लगा। आरोपी ने युवती को नौकरी लगवाने के लिए बुलाया और अपने ऑफिस में नौकरी लगा कर, होटल में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने अपना एक ग्राहक सेवा केन्द्र ऑफिस सेहतपुर पल्ला में खोला था। युवती को पल्ला ग्राहक सेवा केन्द्र पर भेज दिया। युवती ने महिला थाना में 22 जुलाई को शिकायत दी। जिसपर महिला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए महिला थाना पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए केजीएल, सेहतपुर और मोलारबंद दिल्ली में रेड की। आरोपी तरुण को ग्राहक सेवा केंद्र, सेहतपुर पल्ला से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी फरीदाबाद के सेक्टर-77 केजीएल ग्रीन्स सोसाइटी का रहने वाला है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## एनएचपीसी ने प्रशासन को दिए 5000 तिरंगे झंडे

**फरीदाबाद।** एनएचपीसी, भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी ने 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मनाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान के उत्सव के लिए सीएसआर नीति के तहत जिला प्रशासन, फरीदाबाद को 5000 तिरंगे झंडे प्रदान किए है। 29 जुलाई 2022 को फरीदाबाद में वरिष्ठ एनएचपीसी अधिकारियों द्वारा जितेंद्र यादव, उपायुक्त, फरीदाबाद को झंडे भेंट किए गए। इस दौरान उनके साथ एसडीएम परमजीत चहल, एचएसआईआईडीसी के कार्यकारी अधिकारी विकास चौधरी भी मौजूद थे।

## बुजुर्ग को ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम पहुंचाया



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर लावरिस अवस्था में बदहवास बैठे एक वृद्ध जीआरपी बल्लभगढ़ ने नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक पहुंचाकर एक जिन्दगी को तो बचाया ही है। साथ ही साथ मानवता का परिचय भी दिया है। वृद्ध से जब आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने बात की तो वृद्ध ने अपना नाम गोपाल तिवारी पुत्र राम रतन तिवारी उम्र 74 वर्ष निवासी मकान नंबर 1435 समयुपर निकट गोपाल एसटीडी राजीव कालोनी सेक्टर-56 बताया। वृद्ध ने बताया कि उसके आगे पीछे कोई नहीं है और वो जिन्दगी से परेशान होकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने के उदेश्य से ही रेलवे लाईन पर बैठा था। लेकिन भगवान ने पुलिस के रूप में भेजे विश्वास सिंह ने उनकी जान बचाई और उन्हें इस वृद्धाश्रम में लेकर आए। किशन बजाज ने उन्हें आश्वसन दिया कि वृद्ध की पूरी तरह से देखभाल की जाएगी और उसे किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण

**फरीदाबाद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व श्रीमती सुकीर्ति ने बाल सुधार गृह फरीदाबाद का निरीक्षण किया। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने मानव रचना यूनिवर्सिटी के सहयोग से डेंटल चेकअप कैंप का भी आयोजन कराया गया। जिसमें बच्चों के दांतों की साफ सफाई व उनका इलाज मुफ्त किया गया तथा दवाइयां भी दी गई। वहां उन्होंने उपस्थित बच्चों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि किसी को किसी भी प्रकार की परेशानी है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के पैनल एडवोकेट के द्वारा या बाल बाल सुधार गृह के अधीक्षक के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करवाया जा सकता है। उसके बाद उन्होंने सफाई व खान पान की व्यवस्था का जायजा लिया।

## जरूरी कदम

### आर्थिक सुधार

**सरकार** को प्रगति तेज करने तथा रोजगार सृजन के लिए आर्थिक सुधारों की गति बढ़ानी चाहिए। बेरोजगारी का संकट गहरा होने के साथ ही सरकारी नौकरियों की ओर दौड़ तेज होती जा रही है। पिछले आठ सालों में यह संकट गहरा हुआ है। 2014-15 से 2021-22 के बीच केन्द्र सरकार की नौकरियां केवल 7.22 लाख लोगों को मिलीं। इसका अर्थ लगभग 300 प्रार्थियों में से केवल एक का सफल होना है। ये आंकड़े किसी थिंक टैंक या निजी संस्था द्वारा नहीं तैयार किए गए हैं जिन पर सरकारी अधिकारी या भारतीय जनता पार्टी के नेता विवाद खड़ा कर सकें। सरकार ने स्वयं बुधवार को लोकसभा में ये आंकड़े पेश किए। इसलिए किसी प्रकार इन आंकड़ों को राजनीतिक बहस से अलग रखना संभव नहीं है। निश्चित रूप से इन आंकड़ों के बारे में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। इस बात की ओर संकेत करने के काफी प्रमाण हैं कि स्थिति काफी खराब है। सरकार के किसी भी विभाग द्वारा घोषित थोड़ी सी नौकरियों के लिए भी यदि करोड़ों नहीं तो लाखों प्रार्थनापत्र आते हैं। अग्निवीर योजना के खिलाफ हुए आंदोलन का आंशिक कारण यह भी है कि नौजवानों के लिए रोजगार की सुविधायें बहुत कम हैं। चूंकि बेरोजगारी समस्या एक यथार्थ है, इसलिए इसका समाधान भी यथार्थ होना चाहिए। ऐसा तभी हो सकता है जब आर्थिक वृद्धि तेज की जाए। लेकिन यही समस्या की असली जड़ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि भारत में इस वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत तथा 2023-24 में 6.1 प्रतिशत होगी। दोनों वर्षों



में यह आईएमएफ के शुरुआती अनुमानों से 80 बिंदु कम होगी। अंतरराष्ट्रीय स्थिति हमारी अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर रही है जिसमें कच्चे तेल के अधिक दाम, सप्लाई श्रृंखलाओं में आने वाली बाधायें तथा विश्व अर्थव्यवस्था की सामान्य गिरावट शामिल हैं।

इन कारणों से आईएमएफ ने 2022 तक वैश्विक वृद्धि का अनुमान 40 बिंदु घटा कर 3.2 प्रतिशत कर दिया है। 2033 तक इसमें और गिरावट आने तथा इसके 2.9 प्रतिशत तक पहुंचने की आशा है। आईएमएफ की अद्यतन विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट के साथ शामिल आईएमएफ के चोटी के अर्थशास्त्री पियरे-ओलीवियर गोरिंचास ने लिखा है, 'अप्रैल के बाद इस परिदृश्य में काफी निराशा बढ़ी है। पिछली मंदी के केवल ढाई साल बाद दुनिया जल्द ही एक वैश्विक मंदी की ओर बढ़ सकती है।' इस पृष्ठभूमि में भारत को न केवल स्वयं को बाहरी झटकों से सुरक्षित रखना है, बल्कि बेरोजगारी के कारण पैदा समस्या से भी निपटना है। इससे बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता आर्थिक सुधारों को व्यापक व गहरा बनाना है। यह काम खासकर कृषि व श्रम कानूनों के क्षेत्र में होना चाहिए। सौभाग्य से नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐसा करने का इरादा प्रदर्शित किया है। उसने निजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दिखाई है जिसका एक प्रमाण एयर इंडिया की बिक्री है। दो साल पहले उसने कृषि क्षेत्र की सहायता के लिए तीन शानदार कानून बनाए थे, पर उसे इस मामले में पीछे हटना पड़ा। उसका जोर ढांचागत क्षेत्र के विकास पर है और इससे भी वृद्धि एवं विकास की गति तेज करने का अवसर मिलेगा। इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खैरात संस्कृति' पर भी जोरदार ढंग से हमला बोला है। इस प्रकार अब समय आ गया है कि सुधार प्रक्रिया तेज की जाए तथा नीति-निर्माण व उसके क्रियान्वयन में व्यावहारिक सोच को वरीयता दी जाए। इन सभी कदमों से आर्थिक वृद्धि तेज होगी तथा रोजगारों का सृजन होगा।

# नौकरशाही में व्यापक बदलाव जरूरी

ऐसे समय जब भारत 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहा है, वर्तमान नौकरशाही में व्यापक परिवर्तन जरूरी हो गए हैं।



**सुमित भसीन**
(लेखक लोक नीति शोध संस्थान के निदेशक हैं)



भारत थोड़े ही समय में 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहा है। 2030 तक सरकार का लक्ष्य अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा कर 10 ट्रिलियन डालर करना है। इससे देश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गुणात्मक व मात्रात्मक रूप से आमूल परिवर्तन होगा। इसके लिए सरकार के पास जीवन्त कार्ययोजना होनी चाहिए जो आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को गति दे सके। लेकिन योजनाओं का क्रियान्वयन विभिन्न क्षेत्रों के पुरुषों व महिलाओं द्वारा होता है जो जमीन पर सरकार का चेहरा हैं। यदि प्रशासक सक्षम बनाने में सफल हों तो भारत निश्चित समयसीमा में निर्धारित आर्थिक आकार प्राप्त कर सकता है। लेकिन यदि उनका कौशल ठीक न हो तो भारत लक्ष्य से पीछे रह सकता है। अत: देश में तत्काल प्रशासनिक सुधार लागू करने की जरूरत है। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार प्रशासनिक अधिकारियों को उन कौशलों से लैस करने के अनेक कदम उठा रही है जो 'न्यू इंडिया' बनाने के लिए जरूरी हैं। विभिन्न स्तरों पर क्षमता-निर्माण चुनौतियों से निपटने के प्रयास हो रहे हैं। सिविल सेवाओं का क्षमता निर्माण राष्ट्रीय कार्यक्रम इस दिशा में एक कार्रवाई है जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत व संस्थागत कौशल स्तरों में सुधार करना है। इसके साथ ही सिविल सेवाओं में आवश्यक ज्ञान समाहित करने के लिए डिजिटल तरीके से हस्तक्षेप के अनेक प्रयास हो रहे हैं। इसके लिए राज्य सरकारें भी प्रशासनिक सुधारों के रास्ते पर चल रही हैं। वर्तमान समय में सरकार के प्रयासों से विभिन्न सेवाओं में सरकार व नागरिकों के बीच खाई पाटने के स्पष्ट नतीजे देखने में आ रहे हैं। लेकिन तकनीक जिस गति से आगे बढ़ रही है, उसे देखते हुए नागरिक स्वयं डिजिटल परिस्थितिकी तंत्र से ये सेवायें प्राप्त कर सकते हैं। इसका उदाहरण पासपोर्ट प्राप्त करने में देखा जा सकता है। अतीत में इस काम में सालों और दशकों लगते थे।

यदि नौकरशाही को सेवाओं की समयबद्ध व गतिशील उपलब्धता के प्रति उन्मुख किया जा सके तो नागरिकों को तकनीक की सहायता से ये आसानी से उपलब्ध होंगी। लेकिन भारत में ऐसे सिविल कर्मचारियों की बड़ी संख्या है जो कम उत्पादक हैं तथा राष्ट्रीय खजाने व करदाताओं की मेहनत की कमाई पर बोझ हैं। पीछे की ओर देखें तो नौकरशाही में विचारशील लोगों की बहुत कमी रही है जिन्होंने अपने खोजी तरीकों से देश का आर्थिक परिदृश्य बदला हो। एक प्रकार से भारतीय नौकरशाही ने ब्रिटिश कालीन दृष्टिकोण नहीं बदला है। सिविल अधिकारियों को केवल एक परीक्षा पास करनी होती है और उसके बाद वे जनता से मालिकों जैसा व्यवहार करते हैं। 'न्यू इंडिया' में ऐसे नौकरशाही संसाधनों के लिए कोई स्थान नहीं होगा।

देश में प्रशासनिक सुधार कई दशकों से लागू करने के प्रयास हो रहे हैं। इस दिशा में पहले आयोग की अध्यक्षता मोरारजी देसाई ने 1966 में की थी जो बाद में देश के प्रधानमंत्री बने। बाद में वीरप्पा मोईली ने ऐसे एक आयोग की अध्यक्षता 2006 में की थी। लेकिन इनका दृष्टिकोण धीमी गति से आगे बढ़ना तथा खर्च बचाने के लिए नौकरशाही का आकार घटाने पर केन्द्रित था। भारतीय रिजर्व बैंक की हालिया

> **मोदी सरकार ने नौकरशाही में सुधार के कुछ प्रयोग किए हैं, जिनमें पार्श्व प्रवेश, अनिवार्य सेवानिवृत्ति के माध्यम से नाकारा लोगों से मुक्ति, आदि शामिल हैं। भारत को नीति निर्माण व जमीन पर उसके क्रियान्वयन के लिए प्रमुख पदों पर ऐसे लोग चाहिए जो ऐसी असाधारण गति व आयाम से काम कर सकें जो दुनिया में सर्वोत्तम हो।**

रिपोर्ट में राज्यों की बढ़ती कर्जदारी एक चिन्ताजनक परिदृश्य सामने लाती है। अनेक राज्य अपने कर्मचारियों के वेतन और पेंशन के बोझ से दबे जा रहे हैं। यह इस तथ्य के बावजूद है कि राज्य 1990 के दशक से अपनी नौकरशाहियों का आकार घटा रहे हैं। इसका अर्थ है कि भारत अभी पुराने युग की नौकरशाही के मकड़जाल में फंसा है। इसे सरकारी खजाने की कीमत पर नौकरियां देने का आवश्यक उपाय समझा जाता था।

मोदी सरकार ने नौकरशाही में सुधार के कुछ प्रयोग किए हैं, जिनमें पार्श्व प्रवेश, अनिवार्य सेवानिवृत्ति के माध्यम से नाकारा लोगों से मुक्ति, आदि शामिल हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि यदि भारत वास्तव में 2030 तक पांच ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पाना तथा उसका आकार 2050 तक तिगुना करना चाहता है तो उसे आमूल परिवर्तन करने होंगे। भारत को नीति निर्माण व जमीन पर उसके क्रियान्वयन के लिए प्रमुख पदों पर ऐसे लोग चाहिए जो ऐसी असाधारण गति व आयाम से काम कर सकें जो दुनिया में सर्वोत्तम हो। यह हस्तक्षेप अनिवार्य रूप से प्रवेश के स्तर पर होना चाहिए। समय आ गया है कि सतही प्रदर्शन करने वालों का सफाया किया जाए। कोई आईएएस एक समय राजस्व सचिव तथा दूसरे समय पर सड़क व परिवहन मामलों का प्रमुख बन सकता है। लेकिन अब इस विचार की प्रासांगिकता समाप्त हो गई है। भारत को ऐसी संस्कृति से मुक्ति पानी होगी जहां कुछ आम लोग सभी भूमिकायें अदा कर सकते थे, जैसे उनको विभाग बदलने के साथ नए कामों के बारे में जानकारी पाने का दिव्य कौशल मिला हो। मोदी सरकार के सबसे बड़े सुधारों का आधार डेटा व डिजिटल इंटरप्ले का प्रयोग है। यह मूलत: डेटा माइनिंग व डेटा विश्लेषण पर आधारित है। इसने भारत के हजारों करोड़ रुपए बचाए हैं। स्पष्ट है कि हमें विशेषज्ञों की आवश्यकता है। विशेषज्ञ खोज करने के लिए ज्यादा उपयुक्त है और इस खोज से ही भारत सामाजिक-आर्थिक ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। अब हम बीसवीं शताब्दी में नहीं हैं जब लोग नौकरशाही की धीमी प्रगति से संतुष्ट हों। तकनीक पुरानी चीजों को अप्रासांगिक बना रही है। लेकिन विशेषज्ञ अपने आप आगे नहीं बढ़ सकते हैं। हमें अपने संस्थानों से कौशल मिलता है अत: समय आ गया है कि शिक्षा व्यवस्था में आमूल परिवर्तन कर विविध क्षेत्रों में विशेषज्ञता पैदा की जाए जिनमें अर्थव्यवस्था, वाणिज्य, तकनीक, सामाजिक व राजनीतिक विज्ञान, जैव-तकनीक, अद्यतन प्रबंधन, आदि शामिल हैं। यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि नौकरशाहों का कॅरियर 30 साल या उससे अधिक क्यों होना चाहिए। वे 10-15 साल के बाद निजी क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों में काम क्यों नहीं कर सकते हैं। इस दृष्टिकोण से अग्निवीर योजना परिवर्तनकारी है जिसका विस्तार अन्य क्षेत्रों में हो सकता है। सरकार को अपनी कतारों में पेशवर कार्यबल का सर्वोत्तम प्रयोग कर उनको जोश ठंडा होने पर सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त कर देना चाहिए। इस प्रकार 10-15 साल का कॅरियर संस्थाबद्ध किया जा सकता है। इस परिस्थितिकी तंत्र से निजी कंपनियों के लिए एक प्रशिक्षित कौशल आधार तैयार होगा जो उनकी क्षमताओं का विस्तार कर भारत को 2050 तक 30 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जा सकता है। इस प्रकार न केवल सरकार के पास सर्वोत्तम प्रतिभा होगी, बल्कि निजी क्षेत्र में उसके सहज प्रवाह से 'न्यू इंडिया' के लिए बेहतर विचार सामने आ सकेंगे। भारत वास्तव में एक कल्याणकारी राज्य है। समय आ गया है कि गरीबों की देखभाल में निजी क्षेत्र सरकार का बोझ साझा करे। यदि सरकारी क्षेत्र से निजी क्षेत्र में प्रतिभा प्रवाह हो तो यह संभव है।

कार्पोरेट जगत की सामाजिक जिम्मेदारी समेत अन्य क्षेत्रों में नए प्रकार के प्रबंधकों की आवश्यकता होगी। इसके लिए प्रबंधन संस्थानों के स्नातकों तथा सरकारी सेवाओं में प्रशिक्षित लोगों का प्रयोग भी हो सकता है। इसके लिए तत्काल प्रशासनिक सुधार करने होंगे।

# रूस-यूक्रेन युद्ध का भारत पर प्रभाव

> **"इस साल फरवरी में जब रूस ने यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेजा तो जो लगभग अकल्पनीय था, वह अब एक जीवित दु:स्वप्न बन रहा है।"**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



संसद के चल रहे मानसून सत्र ने मंत्रियों द्वारा उच्च-स्तरीय विदेश यात्राओं को कुछ समय के लिए रोक दिया है, जबकि भारत के पड़ोस में व्याप्त अनिश्चितता के साथ-साथ जी-7 के साझेदार भी समान रूप से खेल में हैं। यूक्रेन में युद्ध भी छह महीने में प्रवेश कर चुका है और दुनिया कड़ाके की सर्दी की तैयारी कर रही है! इन सबका भारत पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। इस साल फरवरी में जब रूस ने यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेजा तो जो लगभग अकल्पनीय था, वह अब एक जीवित दु:स्वप्न बन रहा है, जिसने दुनिया भर के अरबों लोगों को प्रभावित किया है। जब रूस यूक्रेन में गया, तो सभी ने सोचा कि यह पूर्ण अधिग्रहण से कुछ दिनों पहले की बात होगी। हालांकि, अचानक पश्चिमी एकता और रूस के खिलाफ एक नैतिक युद्ध जीतने के लिए अमेरिका और यूरोप द्वारा 'जो कुछ भी लेता है' में फेंक दिया गया था।

अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ प्रतिबंध व्यवस्था को सख्त कर दिया, शीत युद्ध के युग के सत्ता ब्लॉकों को पुनर्जीवित किया। इसने जर्मनी जैसे कई शक्तिशाली यूरोपीय देशों को अपने सैन्य कार्यक्रमों को फिर से मजबूत करने के लिए मजबूर किया, जिससे जलवायु परिवर्तन जैसे अन्य दबाव वाले क्षेत्रों से धन की निकासी हुई। युद्ध का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम शायद चीन के लिए वैश्विक प्रभुत्व के लिए अपने भविष्य के मार्ग के लिए एक कामकाजी खाका है।

चीन रूस का सबसे शक्तिशाली वैश्विक सहयोगी है और उसने रूस के साथ किसी भी व्यापार को प्रतिबंधित नहीं किया है, जिससे %किसी भी सीमा से परे दोस्ती% के घोषित उद्देश्य को दोहराया है।



चीन ने पिछले महीने के अंत में रूस के खिलाफ पश्चिमी गठबंधन के नेतृत्व वाले शीत युद्ध युग के प्रतिबंधों की निंदा और चुनौती देने वाले बयान भी दिए हैं। चीन वर्तमान में और भविष्य में रूस के सामने आने वाली चुनौतियों का बारीकी से विश्लेषण कर रहा है, और अगर चीन दुनिया के किसी भी हिस्से में एकतरफा सैन्य आक्रमण को आगे बढ़ाने का फैसला करता है, तो वह इन खतरों से खुद का बीमा कैसे कर सकता है। भारत को भू-राजनीतिक रूप से गलत पैर पर पकड़ा गया है। इसका रूस के साथ एक ऐतिहासिक संबंध है, जो छह दशकों से अधिक पुराना है और रूसी हथियारों के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हालाँकि, यह उल्लेखनीय हो सकता है कि चीन के साथ बड़े पैमाने पर सैन्य भड़कने की स्थिति में, दोनों पक्षों के हथियार रूसी मूल के होंगे। इसका मतलब यह भी हो सकता है कि रूस को वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली वैश्विक सहयोगी (चीन) और एक पुराने भरोसेमंद दोस्त (भारत) के बीच एक कठिन कॉल करना पड़ सकता है। संभावना है कि रूस पूर्व का चयन करेगा। इस बीच, पिछले छह महीनों में सीमा संबंधी मुद्दों पर भारत और चीन की बातचीत में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इसके विपरीत, दोनों पक्षों ने नाजुक हिमालयी इलाके में प्रमुख बुनियादी ढांचे को विकसित करने वाले उत्तर-पश्चिमी सीमा बिंदुओं को स्थायी सैन्य क्षेत्र बना दिया है। चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए 2022 की सर्दियां और आने वाली कई अन्य सर्दियां तनावपूर्ण होने की संभावना है।

इस बीच, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर चीन आक्रामक रूप से एक आरक्षित मुद्रा पर जोर देने की कोशिश कर रहा है, जिसका उद्देश्य डॉलर मूल्यवर्ग के व्यापार के महत्व को कम करना है। चीन रेनमिनबी में व्यापार लेनदेन पर भी जोर दे रहा है और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय इंटरबैंक भुगतान प्रणाली के लिए एक विकल्प स्थापित करना चाहता है, जो यूरोप और अमेरिका के नेतृत्व वाले आदेश के लिए एक और सेंध है। यह उल्लेख किया जा सकता है कि भारत ने भी रुपया मूल्यवर्ग के अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों की अनुमति दी है, और सीमा पार अंतरबैंक बस्तियों के लिए एक विकल्प पर काम कर रहा है।

ये रुझान एक वैकल्पिक वित्तीय प्रणाली स्थापित कर सकते थे, बशर्ते भारत और चीन नियमों, मानकों और शासन के सिद्धांतों पर चर्चा करने के लिए बातचीत की मेज पर आ सकते थे। भारत, चीन अपने अन्य ब्रिक्स भागीदारों, रूस और ब्राजील के साथ, कई छोटी अर्थव्यवस्थाओं को नई वित्तीय प्रणाली में शामिल होने के लिए राजी कर सकते थे। हालांकि, वर्तमान में प्रचलित भू-राजनीतिक कैनवास के कारण यह जगह से बाहर है।

## आप की बात

### जनसेवकों के असली चेहरे

**जनसेवक** कहलाने वाले विपक्षीय सांसद एक तरफ तो संसद में हंगामा करते हैं, उपसभापति पर कागजात फेंकते हैं और जब निलंबन होता है तो गांधीजी की प्रतिमा पर प्रदर्शन के बहाने चिकन पार्टी करते हैं और ये ही गांधीवादी जब सत्ता में थे तो गांधी जयंती पर मांस व शराब की दुकानें बंद रखने का सन्देश देते हैं। जो परंपरा आज भी लागू है। वे जनधन का दुरुपयोग करके जनता का खून चूसते हैं तब शायद उन्हें वो मीठा लगता हैं. कांग्रेस के अधीर रंजन का तो मानों दिल और दिमाग दोनों ही ग़फ़लती हो गए हैं। राष्ट्रपति तो बापू हैं और हमारी भारत माता हैं. इतना तो सब जानते हैं किन्तु उन्हे कहां से उनके अपमानित भरे ज्ञानकोष में राष्ट्रपति के लिए राष्ट्रपत्नी शब्द ईजाद हो गया? जब सोनिया गांधी से स्मृति ईरानी ने माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए अधीर रंजन द्वारा अपमानित शब्द कहे जाने पर माफी मांगने को कहा तो वे नौक-झौक पर उतारू हो गईं और माफी मांगना तो दूर उलटे अपना गुस्सा जाहिर कर डाला। इधर जब सत्ता पक्ष राष्ट्रपति से माफी मांगने पर अड़ गया तो रंजन जी ने कहा मैं राष्ट्रपति से माफी मांग लूंगा किन्तु पाखंडियों से नहीं। अरे भाई सत्ता में भी तो आपके ही जनप्रतिनिधि भाई हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### भ्रष्टाचार पर प्रहार

महोदय,जब तक सत्ता पक्ष और प्रशासन एक दूसरे के प्रति समर्पित है। जब तक हमारे देश से भ्रष्टाचार खत्म होना नामुमकिन है। मामूली से सरपंच जब 5 साल में लखपति से उठकर करोड़पति बन जाते हैं ,तो फिर बड़े ओहदे पर बैठे हुए जनप्रतिनिधियों के तो ठाठ ही ठाठ है। भारत मे नताओं को मान सम्मान के साथ सभी हाई लेवल की सुविधाएं मुफ्त मिलती है, भारी-भरकम तनख्वाह व पेंशन मिलती है, सो अलग। मगर सत्ता का दोहन करने में जो पैसा मिलता है उसके आगे बाकी सब कुछ फीका है, और भ्रष्टाचार की यह गंगा अदने से क्लर्क से लेकर बड़े अफसरों तक होती हुई मंत्री स्तर तक पहुंच जाती है। और यह कुछ मामले तो सैकड़ों की संख्या में ही ही प्रवर्तन निदेशालय ने खगाले हैं। 2011 के बाद से अब तक सत्रह सौ छापे मारे, जिनमें से करीब पंद्रह सौ सत्तर की गहन जांच की गई। कायदे से तो प्रतिवर्ष कम से कम 10,000 अफसरों व उच्च पद आसीन राजनेताओं की जांच पड़ताल की जा सके इतनी पुख्ता व्यवस्था ईडी के पास होना चाहिए। वर्तमान केंद्र सरकार ने उस कानून को बदल कर और कड़ा बना दिया है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम


### राज्यपाल की सलाह

**उप्र** की योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर 27 जुलाई को राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के सामने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सभी मंत्रियों के साथ विभागों के कामो और दो दो मंडल भृमण के अनुभव को साझा किया। मंत्रियों द्वारा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर काफी अच्छा प्रभाव और जनता में सरकार के सुशासन का संदेश जाने को बताया। राज्यपाल पटेल ने मुख्यमंत्री योगी और उनके मंत्रियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुये गुजरात मॉडल के सफल सूत्र साझा करते हुये महत्वपूर्ण सुझाव दिये।उन्होंने कहा कि सरकार के लिये अच्छी बातें सुनने के साथ मंत्रियों को उन लोगो की बाते भी सुननी चाहिए। जो सरकार की कमियां बता कर सुधार के सुझाव दे सके। राज्यपाल का यह सुझाव उप्र सरकार के लिये प्रेरक ही नही आंखे खोलने वाला है। मंत्रियों और उच्चाधिकारियों को आमजनता के पास जाकर और विकास योजनाओं के जमीनी हकीकत को देखना चाहिये।

– **कुलदीप त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**कनेक्टिविटी** से अवसर, प्रगति व समृद्धि आते हैं। अछूते गांवों को कनेक्ट करने पर इन क्षेत्रों में लोगों का जीवन बदलेगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**भारत** के राष्ट्रपति को इस तरह संबोधित करना न केवल उनके पद, बल्कि आदिवासी विरासत का भी अपमान है।

– **स्मृति ईरानी**
भाजपा नेता





**केवल** एक बार मैंने 'राष्ट्रपत्नी' कहा। भाजपा इस पर बवाल मचा रही है। मैंने केवल एक बार एक शब्द की गलती की।

– **अधीर रंजन चौधरी**
कांग्रेस नेता

गुरु तेग बहादुर के 401वें प्रकाश पर्व पर गुरुबानी से गूंजा राजभवन

# सिख परंपरा को इतिहास में उचित स्थान नहीं मिलाः योगी

● सिख धर्म मानवता की महान संस्कृतिः राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिख** परंपरा को इतिहास में उचित स्थान न मिलने पर रोष जताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरूओं का इतिहास देश की विजय गाथा का प्रमाण है। उन्होंने कहा है कि गुरुनानक देव ने ऐसी विशुद्ध भक्ति धारा को प्रवाहित किया था, जो जरूरत पड़ने पर जब भी देश, समाज और धर्म के लिये क्रांति पुंज बनकर सामने आयी। सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान हमें अपने धर्म, अपनी संस्कृति परंपरा तथा राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए प्रेरित करता है।

राजभवन में आयोजित गुरु तेग बहादुर के 401 वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री ने सिख समाज के त्याग, बलिदान की परंपरा, धर्म के प्रति समर्पण और समाज के प्रति सेवाभाव को भी नमन किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सानिध्य में गुरु तेग बहादुर जी के 401वें प्रकाश पर्व के आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए सीएम ने सिख परंपरा को इतिहास में उचित स्थान न मिलने पर रोष भी जताया। उन्होंने कहा कि हम आज मंगल ग्रह तक पहुंच रहे हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स की बात हो रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ दुनिया काफी आगे बढ़ गई है, लेकिन हमें अपने इतिहास को भी याद रखना होगा। इतिहास को भुलाकर कोई समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता।

सीएम ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास भारत की गौरवशाली विजय गाथा का स्मरण कराता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम लोग श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन करते हैं तो मंदिर को स्वर्णमंडित करने वाले महाराजा रणजीत सिंह का स्मरण भी होता है। महाराजा रणजीत सिंह उनके वंशजों अथवा किसी सिख भाई ने कभी यह दावा नहीं किया कि हमने इस मंदिर को स्वर्ण मंडित किया है।

राजभवन परिसर में गुरुबानी पाठ से हुए आध्यात्मिक माहौल के बीच मुख्यमंत्री ने सभी पराधीनता काल की विपरीत परिस्थितियों की याद भी दिलाई। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के लिए राष्ट्र की एकता और धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान किया। गुरुओं ने हमें डरना और डराना नहीं सिखाया। अपने स्वाभिमान के लिए लड़ना सिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस प्रकार बिना भय के उल्लास और उमंग के बीच यहां हम सभी कार्यक्रम कर रहे हैं, क्या संभव है कि ऐसा ही कार्यक्रम ननकाना साहिब और काबुल आदि में भी हो! यह भय रहित, भेदभाव से परे समाज ही हमारे गुरुओं की प्रेरणा है। इसकी रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों ने देश व धर्म के लिए स्वयं का बलिदान कर दिया था। साहिबजादों का बलिदान कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। इतिहास अगर गौरव का भाव भरता है तो ऐतिहासिक गलतियों के परिमार्जन के लिए प्रेरित भी करता है। साहिबजादों की स्मृति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्वीर बाल दिवस की घोषणा करके वर्तमान पीढ़ी को देश व धर्म के लिए किस भाव के साथ कार्य करना है, उसकी एक नई प्रेरणा प्रदान की है। सीएम ने गुरुद्वारों में लंगर आयोजन को मानवता की अद्भुत परंपरा बताते हुए गुरुमुखी लिपि को पवित्रता का प्रतीक भी कहा। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सिख परंपरा को मानवता की महान संस्कृति कहा। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने हमें धर्म के प्रति आस्था, संस्कार, करुणा, सेवाभाव सहित मानवता के सभी गुणों से प्रकाशित किया तो राष्ट्र और धर्म की रक्षा की प्रेरणा भी दी।

मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के मोबाइल पंजाबी ऐप का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सिख इतिहास पर होने वाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए प्रकाशित पुस्तक सिक्खी ज्ञानमाला प्रतियोगिता तथा पंजाबी अकादमी द्वारा प्रकाशित तथा सरदार नरेन्द्र सिंह मोंगा द्वारा लिखित पुस्तक अनमोल कलमां का विमोचन भी राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रन्थ साहिब को अपने सिर पर रखकर आसन पर स्थापित किया। पंज प्यारों द्वारा श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की अगुवाई की गयी।

इस अवसर पर लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धन समिति के पूर्व अध्यक्ष मनजिन्दर सिंह सिरसा, राष्ट्रीय सिख संगत के अध्यक्ष सरदार गुरु चरन सिंह गिल, राष्ट्रीय महामंत्री अविनाश जायसवाल, उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के उपाध्यक्ष गुरुविन्दर सिंह छाबड़ा, रअल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविन्दर सिंह, स्वामी रामेश्वरानन्द, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान पर कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**पीएम** गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के मददेनजर राज्य विभिन्न विभागों के नोडल एवं तकनीकी अधिकारियों ने रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर में आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशाला में भाग लिया। इस मौके पर इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान का उद्देश्य आर्थिक एवं बुनियादी ढांचे के विकास को एकीकृत करना, बेहतर व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए इंटरकनेक्टेड तथा मल्टीमोडल परिवहन नेटवर्क निर्यात और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रणाली विकसित करना है।

श्री प्रकाश ने पीएम गति शक्ति पोर्टल के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि तीन प्रकार के डेटा प्रारूपों यानी पॉइंट लाइन और पॉलीगॉन टाइप डेटा के बारे में बतायाए। जिसके माध्यम से विभाग अपनी सूचना व डेटा अपलोड कर सकते हैं। बिजली के खंभों को बिंदु डेटा के रूप में रखा जाएगा, ट्रांसमिशन लाइनों और सड़कों को लाइन डेटा के रूप में दिखाया जाएगा तथा जलाशयोंए,बांधों आदि से संबंधित सूचना को पॉलीगॉन डेटा के रूप में पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कार्यशाला में पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से संबंधित राज्य सरकार के 25 से अधिक विभागों के नोडल एवं तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। आरएसएसी.यूपी के परियोजना प्रबंधक सुशील चंद्रा ने पीएम गति शक्ति पोर्टल के उपयोग तथा सत्यापन एवं विभिन्न लेयर्स के एकीकरण पर एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया। उल्लेखनीय है कि माननीय प्रधानमंत्री ने 13 अक्टूबर 2021 को मल्टीमोडल कनेक्टिविटी के विकास के लिए पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान का शुभारंभ किया था, जो विशेष रूप से विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों को एकीकृत योजना तथा इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स के कार्यान्वयन के लिए एक साथ लाने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। मल्टीमोडल कनेक्टिविटी के माध्यम से नागरिकों, वस्तुओं एवं सेवाओं के परिवहन के एक से दूसरे मोड में आवाजाही के लिए एकीकृत और निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी। यह बुनियादी ढांचे की अंतिम मील की कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगा तथा लोगों के लिए यात्रा के समय को भी कम करेगा। कार्यशाला में भाग लेने वालों में विभागीय नोडल एवं तकनीकी अधिकारियों के अतिरिक्त विशेष सचिवए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी.श्री प्रकाश बिंदुए आरएसएसी.यूपी के वरिष्ठ अधिकारी. डॉ एम एस यादव, डॉण उदयराज और डॉ पीपीएस यादव आदि सम्मिलित थे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार कर सभी लोगो को जोड़ेंः केशव मौर्य

## उपमुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हर** घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों समीक्षा करते हुए कि तिरंगे झण्डे को मानक के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जो झण्डे बनाये जा रहे है, उनका नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को जो अमृत सरोवर बन के तैयार हो गये हैं, वहां पर भी झण्डा रोहण की व्यवस्था कर ली जाये। उन्होंने हर घर तिरंगा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा सभी लोगो को कार्यक्रम से जोडने के लिए कहा है।

केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को प्रयागराज में सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित कराये जाने में कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त होनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में अपात्रों का चयन करने वालो के विरुद्ध की गयी कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आवास योजना के अन्तर्गत अपात्रों को लाभान्वित कराने वाले 34 ग्राम सचिवों//ग्राम विकास अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है।

हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर को नल से जोड़ने का कार्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने योजना को तीव्र गति के साथ पूरा कराये जाने के लिए कहा है, जिससे की हर अमीर, गरीब, दलित, पिछड़े सभी को योजना से जोड़कर उनके घरों तक नल के द्वारा साफ पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को हर घर नल योजना की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री ने जिला पंचायतए क्षेत्र पंचायतों की सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों से पूछ कर ही सड़कों के निर्माण की सूची बनायी जाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जिन सड़कों के निर्माण की सूची बनायी गयी है, उन्हें तत्काल जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दें।

## गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित ईनामी बदमाश दो साथियों सहित गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में आजमगढ़ से वांछित 15 रुपए के ईनामी अपराधी रजनीश यादव को उसके दो साथियों सहित गिरफ्तार किया। अपराधियों के बारे में आजमगढ़ में छानबीन कर रही एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि थाना जीयनपुर में पंजीकृत मुकदमें में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधी रजनीश यादव अपने दो साथियों के साथ मुबारकपुर बाजार में किसी सर्राफा व्यवसायी से लूट करने के उद्देश्य से मुबारकपुर बाजार जाने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने तत्काल स्थानीय पुलिस को साथ लेकर पावर हाउस बेरमा मुबारकपुर.जीयनपुर मार्ग थाना क्षेत्र जीयनपुर पर इन्तजार करने लगी। तभी एक हीरो हांडा सीडी डीलक्स मोटर साइकिल पर सवार तीन यक्ति आते हुए दिखाई दिए। जिन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो वह लोग पुलिस टीम पर लक्ष्य बनाकर जान मारने की नियत से फायर कर दिए। एसटीएफ ने आवश्यक बल प्रयोग करके रजनीश यादव निवासी मैगापुर, थाना मुबारकपुर, माता प्रसाद वर्मा निवासी जीयनपुर, विशाल रजक निवासी बड़हलगंज को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से अवैध असलहे, कारतसू और मोठरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ पर अभियुक्त रजनीश ने बताया कि मेरे विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानों में कई अभियोग पंजीकृत है तथा थाना जीयनपुर में गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। जिसमें गिरफ्तारी के लिए मेरे ऊपर 15 हजार रुपए का ईनाम घोषित था। गिरफ्तारी बचने के लिए इधर उधर छिपकर रह रहा था। मुकदमें की पैरवी के लिए पैसे की जरूरत थी। जिसके लिए अपने साथियों के साथ प्लान बनाकर मुबारकपुर बाजार के किसी सर्राफा व्यवसायी से लूट करने जा रहा था। अभियुक्त माता प्रसाद ने बताया कि मेरे विरुद्ध थाना सरायमीर, आजमगढ़ में तीन मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2017 में 17 अवैध पिस्टल के सहित अपने साथियों के साथ गिरफ्तार हुआ था।

## तस्कर गिरफ्तार, एक करोड़ मूल्य की स्मैक बरामद



**लखनऊ।** एसटीएफ ने अन्तराज्यीय गिरोह के एक तस्कर अशोक सिंह निवासी सहारनपुर को मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया। तस्कर के कब्जे से 1.195 किलोग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। एसटीएफ के मुताबिक अन्तरराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की कीमत एक करोड़ रुपए है। गिरफ्तार अभियुक्त ने संक्षिप्त पूछताछ पर बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने का एक गिरोह है जिसका वह सक्रिय सदस्य है। जनपद बरेली से स्मैक लाकर सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व आसपास के जनपदों में इसकी सप्लाई करता है। यह स्मैक पीलीभीत बाईपास पर एक व्यक्ति इसे देता हैं। इसके पहले भी 2-3 बार वही से स्मैक ला चुका है। यह स्मैक ग्राम दूमखेडा चिलकाना सहारनपुर में रोहित नाम के एक व्यक्ति को भी देता है। यह लोग इस स्मैक को फुटकर में सप्लाई करते है, जिससे काफी मुनाफा होता है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना मीरापुर, जनपद मुजफ्फरनगर में मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेज दिया गया।

## उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करें:राज्यपाल

**लखनऊ।** नैक मूल्यांकन हेतु निर्धारित सभी सातों क्राइटेरिया में व्यापक सुधार हेतु क्राइटेरिया वाइस गठित सभी सदस्य कुलपति के साथ प्रतिदिन योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। शुक्रवार को यह निर्देश प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के प्रज्ञा कक्ष में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के नैक मूल्यांकन की तैयारियों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये प्रस्तुतिकरण पर दिये। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय नैक के सातों क्राइटेरिया पर व्यापक तैयारियों हेतु बनायी गयी कमेटियों में नये भर्ती हुए शिक्षकों को भी जोड़े। जिससे उनमें नैक तैयारियों के लिए समझ विकसित हो। राज्यपाल ने कहा कि प्रस्तुतिकरण की विविध कमियों के प्रत्येक बिंदु पर सुधार करते हुए इसे बेहतर बनाएं। सुदृढ़ तैयारी के पश्चात ही नैक मूल्यांकन के लिए अपना आवेदन करें। नवीन छात्रवर्ग आधुनिक तकनीक से परिपक्व है इसलिये इस कार्य में उनकी प्रतिभा का भी सहयोग लिया जाये।

# बिहार में भाजपा बनाना चाहती है अपना वर्चस्व



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को पार्टी संगठन को मजबूती देने सहित संगठन के कामकाज को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। 9 राज्यों बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा आदि राज्यों में स्टेट पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन राज्यों के सभी हालात, राजनीतिक उतार.चढ़ाव, पार्टी संगठन को मजबूती और जनाधार को बढ़ाने आदि के बारे में गहन समीक्षा की तथा आगे इन मिशनरी कार्यों में गति प्रदान करने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश देकर उन पर ईमानदारी से अमल करने की हिदायत दी गई।

पूर्वी भारत के इन चार राज्यों की बैठक में उन राज्यों में पार्टी यूनिट के स्टेट व जिलों के प्रमुख तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों आदि की लगभग पूरे दिन चली। अहम बैठक में फीडबैक लेते हुए मायावती ने कहा कि बिहार गठबंधन सरकार में जबर्दस्त खींचतान चल रही है तथा भाजपा वहाँ भी अपना वर्चस्व बनाने वाला व्यवहार लगातार करती रहती है जिससे राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बना रहता है व इससे आम जनजीवन व खासकर ग्रामीण विकास खासा प्रभावित होता है। इसके साथ ही, प्रमुख विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल भी दलबदल आदि को बढ़ावा देकर कांग्रेस की तरह ही वहाँ विपक्ष को ही कमजोर करता रहता है। उन्होंने अम्बेडकरवादी शक्तियों पर ज्यादातर भरोसा करके उन्हें आगे बढ़ाने की हिदायत दी ताकि घोर स्वार्थी, विश्वासघाती व बिकाऊ सोच रखने वाले लोगों को पार्टी व मूवमेन्ट से थोड़ी मुक्ति मिल सके। पश्चिम बंगाल व झारखण्ड राज्य में सरकार के खिलाफ उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार के जो आरोप लग रहे हैं या विद्वेष द्वारा लगाए जा रहे हैं तथा कार्रवाई भी हो रही है वह जनहित व विपक्ष की राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं। पूरा देश इससे चिन्तित लगता है। इसके अलावा, ओडिशा राज्य में विकास तथा ख़ासकर आदिवासी समाज व उनके इलाकों के प्रति बीजू जनता दल व केन्द्र सरकार के विकास के दावे/रवैये का तब काफी पर्दाफाश हो गया जब देश व दुनिया में यह खबरे फैली कि किस प्रकार द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद पर निर्वाचन सुनिश्चित होने के बाद उनके गाँव में बिजली की व्यवस्था हुई।

# पुलिस हिरासत में मौत के मामले में यूपी नंबर वनः अखिलेश यादव



● सपा अध्यक्ष ने कहा, खुलती ही जा रही हैं भाजपा सरकार की नकली विकास की परतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की नकली विकास की परतें खुलती जा रही हैं। खुद सरकारी आंकड़े ही भाजपा सरकार की नकारात्मक उपलब्धियों और झूठे दावों की पोल खोल रहे हैं। जहां पुलिस की हिरासत में मौतों के मामलें में उत्तर प्रदेश नम्बर वन है वहीं केन्द्र सरकार के रोजगार सम्बंधी झूठ की सच्चाई भी सामने आ गई है कि किस तरह लोगों को भ्रमित करने की साजिशें भाजपा रचती है।

अखिलेश ने कहा कि पुलिस की हिरासत में मौत होना दरअसल हत्या के बराबर होता है। इस मामले में उत्तर प्रदेश का नम्बर वन होना प्रदेश की भाजपा सरकार पर कलंक से कम नहीं है। उत्तर प्रदेश में सन् 2020 से 2021 तक पुलिस हिरासत में 451 मौतें हुईं वहीं 2021 से 2022 में ये आंकड़ा बढ़कर 501 पहुंच गया है। इस तरह 2020 से 2022 के बीच भाजपा राज में उत्तर प्रदेश में कुल 952 पुलिस हिरासत में मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि आठ साल की भाजपा सरकार में बड़ी तादात मैं युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। सन् 2014 के बाद से 22 करोड़ लोगों ने केन्द्र सरकार में नौकरी के लिए आवेदन किया है लेकिन सिर्फ 7 लाख 22 हजार 311 युवाओं को ही नौकरी मिली है। भाजपा ने वादा किया था 2 करोड़ नौकरियां देने का जो वादा ही रह गया। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार युवाओं को नौकारी देने में फिसड्डी ही साबित हुई है। उन्होंने कहा कि उपर्युक्त आंकड़ों से साफ है कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें झूठे प्रचार के ही सहारे अपना कार्यकाल पूरा कर रही है। प्रदेश में जंगलराज है। महंगाई, बेकारी और भ्रष्टाचार की मार से आम आदमी परेशान है। भाजपा जनरोष से बचने के लिए क्षणिक उत्तेजना वाले मुद्दे उछाल कर अपना बचाव कर रही है। उसकी मंशा सच को छुपाने और झूठ फरेब को बढ़ाने की है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच तो यह है कि उत्तर प्रदेश जंगलराज में तब्दील हो गया है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। अपराधियों की पौबारह है। सत्ता के संरक्षण में सभी बेखौफ हैं।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पुतला



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**युवा** कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को माल एवन्यू में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पुतला फूंका। युवा कांग्रेस पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कनिष्क पांडेय के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ स्मृति ईरानी द्वारा संसद में की गई अमर्यादित टिप्पणी पर विरोध जताया और नारेबाजी की।

उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव शिवम त्रिपाठी ने भारतीय जनता पार्टी और स्मृति ईरानी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि स्मृति ईरानी एक तरफ जहां गोवा में अपनी बेटी को अवैध बार संचालन में सहयोग करती हैं वहीं जब इसका खुलासा होता है तो बौखलाहट में संसद में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर अनाप.शनाप टिप्पणी करती हैं। कांग्रेस पार्टी स्मृति ईरानी के संसद में बयान में कड़ी निन्दा करती है और आगाह करती है कि उनके द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर की गयी असंसदीय टिप्पणी के विरोध में उत्तर प्रदेश में स्मृति ईरानी को घुसने नहीं देगी। स्मृति ईरानी अपने इस कुकृत्य के लिए सोनिया गांधी और पूरे देश से माफी मांगें। पुतला फूंकने वालों में प्रमुख रूप से उप्र युवा कांग्रेस के महासचिव शिवम त्रिपाठी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान, जिलाध्यक्ष अंकित तिवारी एवं सैय्यद इमरान, प्रदेश सचिव मुकेश अवस्थी, देवांश तिवारी, पुनीत तिवारी, आफ ताब आलम, जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय, विशाल कुमार, जिला महासचिव अभिषेक चौरसिया, एनएसयूआई के लालू कनौजिया, सदफ तसनीन, जीत सिंह, आर्यन मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## त्वरित कार्रवाई पर नगर विकास मंत्री को प्रकट किया गया अभार

**लखनऊ।** ट्वीटर पर किए गए निवेदन पर नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की जबरदस्त सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को जेपी सिंह द्वारा ट्वीटर के माध्यम से नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से एक आग्रह किया गया था। उक्त आग्रह पर मंत्री अरविंद कुमार शर्मा तत्काल किए गए हस्तक्षेप के परिणाम स्वरूप जल संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों के सकारात्मक कारवाई से जे पी सिंह द्वारा लम्बित शिकायत का निस्तारण किया गया।

# पहली अगस्त से मतदाताओं से एकत्र किए जाएंगे आधार नंबर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही पहली अगस्त 2022 से प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के नियम-23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1980 के उप नियम 26बी द्वारा अधिसूचित फार्म-6बी में दिया जाएगा। मतदाता, मतदाता पोर्टल/एप पर ऑनलाइन फार्म-6बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है। स्व प्रमाणीकरण के बिना मतदाताओं द्वारा आवश्यक संलग्नकों के साथ फ ार्म-6बी ऑनलाइन जमा किया जाएगा। शुक्ला ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी-निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान बीएलओ, ईआरओ या अधिकृत किसी भी अधिकारी के माध्यम से आफलाइन फ ार्म जमा कराने के लिए समुचित मात्रा में फार्म 6 बी उपलब्ध कराने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आधार नम्बर एकत्रीकरण के लिए अगस्त माह में 2 तिथियां- 7 व 21 अगस्त दिन रविवार को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म-6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं।

मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जाएगा।

# अमृत महोत्सव को सैनिक सम्मान पखवाड़ा के रूप में मनाएगा रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में राष्ट्रीय लोकदल की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को पत्र भेजकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की है।

राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल 1 अगस्त से 15 अगस्त तक इस कार्यक्रम को सैनिक सम्मान पखवाड़ा के रूप में मनाएगा। सभी जनपदों में 1 अगस्त को बैठके आयोजित करके 15 दिन तक कार्यक्रम चलाने को योजनाबद्ध किया जायेगा। यह बैठक तिरंगे के साथ होगी। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि 2 अगस्त से 5 अगस्त तक सभी विधान सभाओं में स्वतंत्रता सेनानियों से भेंट करके उन्हें सम्मानित किया जायेगा एवं संविधान सभा का संकल्प पत्र दिया जायेगा। 6 से 8 अगस्त तक आजादी के दीवानों एवं शहीदों को याद किया जायेगा, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान दिया। साथ ही साथ जीवित बचे स्वतंत्रता के सैनिकों को विशेष रूप से सम्मानित भी किया जायेगा। शहीद हुये सैनिकों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित करके राष्ट्रीय लोकदल अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करेगा।

# विद्यालयों की मूलभूत सुविधाएं सही कराएं अधिकारी: डीएम

**● डीएम ने की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश**



संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी अनुज** सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत विद्यालयों में कन्वर्जनस से कार्य कराये जाने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं जैसे बाउन्ड्रीवाल, स्वच्छ पेयजल, विद्युत कनेक्शन, रंगाई-पुताई, ब्लैक बोर्ड, फर्नीचर आदि की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है उनकी सूची तैयार करते हुये उपलब्ध करा दी जाये। साथ ही उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये कि वह अपने प्रधानों से भी सम्पर्क करते रहें ताकि विद्यालयों का कायाकल्प कराने में आसानी हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों की सप्ताह में एक बार वृहद स्तर पर साफ-सफाई करा दी जाये तथा जहां पर लाईटों की सुविधा नही है वहां पर हाईमास्क लाईटों को लगाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। साथ ही सभी प्रधानाचार्यों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्यालय की साफ-सफाई के लिये एक सफाई कर्मी रख ले तथा उसको मानदेय भी दिया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक देवी सहाय तिवारी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी सीतापुर वैभव त्रिपाठी, सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हनी ट्रैप के शिकार छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या, परिवार में हाहाकार

**● व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर युवती ने छात्र की बनाई अश्लील वीडियो, अश्लील वीडियो का हवाला देकर छात्र को किया ब्लैकमेल**

**● बदनामी के डर से छात्र ने उठाया कदम, अस्पताल में मौत**

**सीतापुर।** सीतापुर में हनी ट्रैप का खौफनाक मामला सामने आया है। एक छात्र को हनी ट्रैप के जाल में फंसाकर उससे ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी गई। साइबर अपराधियों ने छात्र पर इस कदर मानसिक दबाव बनाया जिसे किशोर उम्र का छात्र बर्दाश्त नहीं कर सका और उसने जो फैसला लिया उसके नतीजे ने हर किसी को दहला कर रख दिया है। बदनामी के डर से छात्र ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस हैरत अंगेज घटना से जहां छात्र के परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं किशोर उम्र के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। दिलो दिमाग को झकझोर कर रख देने वाली यह कहानी इंटरमीडिएट के छात्र पियूष चौरसिया की है। सीतापुर के थाना मानपुर में रहने वाले छात्र पीयूष चौरसिया व्हाट्सएप के माध्यम से वीडियो काल के जरिये हनी ट्रैप के जाल में फंस गया। दरअसल, व्हाट्सप्प पर एक युवती ने वीडियो काल कर पीयूष को अपने जाल में फंसाया और मीठी-मीठी बातें की, उसके बाद पीयूष का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने लगी। दो दिनों से इस वीडियो को लेकर एक युवक का फोन छात्र पीयूष के पास आ रहा था और वह पैसो की मांग कर रहा था। तीन लाख रुपए की मांग उस युवक के द्वारा पीयूष से की जा रही थी और पैसे न देने पर पीयूष का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देने की धमकी दे रहा था। छात्र पीयूष इतनी बड़ी रकम का इंतजाम करता तो भला कैसे। बदनामी के डर से उसने यह बात किसी को बताई भी नहीं। इस दौरान लगातार धमकी से छात्र की मानसिक हालत इस कदर बिगड़ी कि उसने एक खौफनाक फैसला ले लिया। कोचिंग से लौटकर रास्ते में एक दुकान से छात्र ने जहरीला पदार्थ खरीदा और खा लिया। अचानक उसकी तबियत बिगड़ी तो पीयूष ने अपने चाचा को फोन कर जहर खाने की बात कही, तत्काल परिजनों द्वारा पीयूष को जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गयी। मृतक छात्र के चाचा ने मामले की पूरी जानकारी दी।

# चल यार धक्का मार, गाड़ी फंस गई फिर इस बार!

**● सड़क पर भरे पानी-कीचड़ में फंसी कार, लोग हुए बेहाल**



**सीतापुर।** हल्की सी बरसात होने पर नैपालापुर से लखीमपुर जाने वाले मार्ग पर लोगो को निकलना तक भी दूभर हो जाता है, कारण उस मार्ग पर बने गड्ढे व कीचड़ में आए दिन कोई न कोई गाड़ी फंस जाती है और लम्बी-लम्बी गाड़ियों से जाम लगने के बाद लोग परेशान हो जाते है। ऐसा ही कुछ शुक्रवार को भी देखने को मिला। शुक्रवार सुबह हुई बरसात के बाद सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से दो वाहन कीचड़ में फंस गए, फिर क्या था देखते ही देखते वहां पर गाड़ियों की लम्बी लाइन लग गई और लोग जाम से कराहने लगे। करीब एक घंटे तक आदर्शनगर से नैपालापुर-लखीमपुर मार्ग पर जाम से लोग जूझते नजर आए। आपको बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं हुआ है, यहां पर जब कभी भी बरसात होती है तो लोगो को पानी भरे गड्ढो से होकर निकलने को मजबूर होना पड़ता है और कई वाहन गड्ढो में पड़कर पलट जाते है, लोग चोटिल होते रहते है जिम्मेदार मौन रहते है, आखिर ऐसा क्यो ? आपको बताते चले कि इसी मार्ग पर कई विद्यालय है और इसी मार्ग पर भाजपा का जिला कार्यालय भी है पार्टी की केन्द्र और प्रदेश में सरकार है फिर इस मार्ग को दुरूस्त नहीं कराया जा रहा है।

# सीडीओ ने की अधिकारियों संग बैठक

संवाददाता। सीतापुर



**सहायक श्रमायुक्त** उमेश कुमार ने बताया कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पांच लाख तक नि:शुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, इस हेतु समस्त सीएससी एवं राशन वितरण से सम्बन्धित कोटेदारों एवं आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से गोल्डेन कार्ड/आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। इसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आहूत की गयी, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत, जिला पंचायत राज अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सीएससी एवं सहायक श्रमायुक्त, तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा आयुष्मान मित्रों एवं सीएससी संचालकों की सहायता से अधिक से अधिक गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देश दिये गये तथा सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से अधिक से अधिक लाभार्थियों को जागरूक करते हुए आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि सीएससी केन्द्रों, कोटेदारों एवं आरोग्य मित्रों से सम्पर्क करते हुए अपना गोल्डेन कार्ड/आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें, जिससे उन्हें व उनके समस्त परिवार को पांच लाख रूपये तक नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिल सके।

# सरकारी धन के बंदरबांट की जिलाधिकारी से शिकायत, कार्रवाई की मांग

**हरगांव सीतापुर।** विकासखंड के ग्राम नरहरपुर में विकास कार्यों में भारी अनियमितताएं बरती जा रहे हैं। सरकारी योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है। शासकीय धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। मानक विहीन घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर कार्य कराए जा रहे हैं। जिसकी शिकायत शपथ पत्र देते हुए गांव के निवासियों ने जिला अधिकारी से की है। प्रधान जय देवी पत्नी विनोद कुमार, एवं प्रतिनिधि राजेश बंसल पर आरोप है उन्होंने सांठगांठ कर, बिना काम करवाए, कागज पर काम दिखा कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। विदुर सिंह के घर से प्रमोद के घर तक नाली मरम्मत एवं मजदूरी का दो लाख आठ हजार 427 रुपए का भुगतान करवा लिया गया। लेकिन कोई काम नहीं कराया गया। रामचंद्र के घर से भगवानदीन के घर तक खड़ंजा मरम्मत के नाम पर 237640 रुपए का भुगतान करा लिया गया लेकिन कोई काम नहीं कराया गया केवल सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय की बनवाई जा रही बाउंड्री वाल में ना तो न्यू भरवाई गई है , ना गिट्टी डलवाई गई है, केवल घटिया मसाले से मिट्टी पर ईंट रखकर बाउंड्री वाल का निर्माण कराया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को डर है वह गिर सकती है किसी बच्चे के साथ भी अप्रिय घटना घट सकती है कोई भी अनहोनी इसी के साथ हो सकती है। अत: गांव के शिव प्रसाद सिंह, व उमाशंकर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र शपथ पत्र के साथ देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# श्मशान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर डीएम आफिस पहुंचे ग्रामीण



**● थाना रामकोट के बिजौर गांव का मामला**

**● हाइवे से सटा है बिजौरा गांव, दबंग कर रहे कब्जा**

**सीतापुर।** अवैध कब्जे पर सरकार भले ही सख्त हो लेकिन सीतापुर में प्रशासन की मिली भगत से अवैध कब्जेदारों के हौंसले बुलंद है। ऐसा ही एक मामला रामकोट थाने के बिजौरा लक्ष्मनपुर का सामने आया है, यहां पर श्मशान की जमीन पर दबंग अवैध कब्जा किए जाने को लेकर वहां पर उगी झाडियों को जेसीबी से साफ कराकर उसपर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है, ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद जमीन की सफाई का काम बंद हो गया। इसी को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र सौंपा है व कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी अभी कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन देने वालों में रामप्रसाद, अरूण कुमार, भगौती, प्रमोद, नंदकिशोर, सुनील, तेजपाल सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति को अपमानित करने के वाले सांसद के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**बरेली।** कांग्रेस सांसद अधीर रजन चौधरी के द्वारा देश की राष्ट्रीपति को अपमानित करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अमन सक्सैना के नेतृत्व में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। कोतवाली में मुकदमा लिखने की मांग की महानगर अध्यक्ष अमन सक्सेना ने बताया कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के द्वारा देश की राष्ट्रपति महोदया के खिलाफअभद्र अशोभनीय एवंम अपमानजनक टिप्पणी एक सांसद के द्वारा की गयी है। टिप्पणी यह साफ प्रदर्शित होता है की नारी शक्ति को लेकर कांग्रेस की क्या मानसिकता है भारतीय जनता युवा मोर्चा भारत की राष्ट्रपति के खिलाफकी गई टिप्पणी से कडे शब्दो में निंदा करता है । मांग करते है भारत की सर्वोच्च पद पर आसीन एवं नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाने वाली भारत की राष्ट्रपति महोदया के खिलाफआपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता एवं सांसद अधीर चौधरी के खिलाफसंगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

### मौर्य मंदिर से हजारों कांवड़ियों का जत्था रवाना



**बरेली** । पुराना शहर स्थित मौर्य मंदिर शुक्रवार को हजारों शिव भक्तों और कांवरिया का जत्था कछला के लिए रवाना हुआ ट्रक ट्राली बाइक पर सवार कांवड़ियों पर मंदिर में पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया मुख्य रूप से विश्व हिंदू महासंघ के जिला प्रभारी राजेश मौर्य उर्फबबलू भैया, जिलाध्यक्ष नीरज पटेल के नेतृत्व में आयोजन कावड़ यात्रा एक अगस्त को कछला से वापस लौटेगी कावड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों ने भजनों की धुन में उत्साह देखने ही बन रहा है शिव की भक्ति के भजनों में झूमते नाचते हुए जयकारे लगाते रहे राजेश मौर्या उर्फबबलू ने बताया कि एक अगस्त को शिव भक्त भोलेनाथ की विधि विधान से जलाभिषेक करेंगे बताया कि यात्रा में लगभग हजारों कावड़िया और सहयोग इसी बार कछला घाट के लिए रवाना हुए हैं इसी दौरान मंदिर में शिव भक्तों की रवानगी के मौके पर विधि विधान पूजा-पाठ व शिव आरती की गई इसी दौरान मौर्य मंदिर महंत मनोज पंडित , विशाल रस्तोगी द्वारा पूजा अर्चना की जिसकी मुख्य अतिथि के रूप में नीरज पटेल, राजेश मौर्या (बब्लू ) व अन्य भोले भक्त उपस्थित रहे।

### पेड़ पर लटकी मिली लापता ड्राइवर की लाश

**बरेली** । एक लापता ड्राइवर की लाश काफी दिनों बाद घर से दूर आम के पेड़ पर लटकी पाई गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। कस्बा व थाना शीशगढ़ निवासी 38 वर्षीय रामप्रकाश पुत्र सिपाही लाल की लाश कल शाम को घर से दूर शाही थाने मिर्जापुर गांव में आम के एक भाग में पेड़ से बंधी चादर के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राम प्रकाश ट्रक चालक था और वह मजदूरी भी करता था लगभग 3 महीने पहले वह घर से बिना बताए बाहर निकला था लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा तब घर वालों ने उसे तलाशने की कोशिश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी गई और तलाशने की कोशिशें जारी रहीं कल शाम को लोगों ने उसकी लाश को शाही के गांव मिर्जापुर में आम के पेड़ से बंधी एक चादर के सहारे लटका देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक के घर वालों ने किसी भी रंजिश से इनकार किया ।

# अवैध बालू खनन से मिट गया नाले का अस्तित्व

संवाददाता। बेहजम-खीरी



**खनन माफियाओं** ने थाना नीमगांव क्षेत्र में जगह-जगह पर सरकारी जमीनों पर कब्जा करते हुए पीली बालू व सफेद बालू निकाल कर करोड़ों का कारोबार चरम सीमा पर वारा न्यारा कर रहे हैं। इस अवैध खनन के मामले में नीमगांव थाना क्षेत्र के अमेठी ईदगाह के पीछे गुजरे नाले में सफेद बालू की खुदाई से नाले का अस्तित्व मिट गया है। हजारों ट्राली बालू निकलने के बाद नाला एक बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुका है। अब असपास के किसानों के खेत इस गड्ढे में गिरने लगे हैं लेकिन जिम्मेदार अब तक चुप्पी साधे हैं। गज मोचन नाथ मंदिर की झील व अमेठी गांव के पास बड़े तालाब से निकल कर यह नाला आगे जाकर नदी में मिला है। नाले से बरसात का पानी निकलता है। जो किसानों के सिंचाई के काम भी आता है। इसी नाले में पांच साल पहले सफेद बालू निकलने लगी। क्षेत्र के बालू कारोबारी नाले से बालू निकाल कर बेचते हैं। खुदाई से नाले का अस्तित्व मिट गया है। अब यहां बड़ा गड्ढा बन गया है। लेकिन लोग अब भी मानते नहीं। आसपास के किसानों को खेत भी धंसने की कगार पर हैं। कई बार ग्रामीणों ने पुलिस में शिकायत भी की लेकिन खुदाई नहीं रुकी। जहां खुदाई हो रही है वह जगह सरकारी कागजों पर गजमोचनड्रेन और नवीन परती के नाम से सरकारी कागजों में दर्ज है।

**पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल:** नाले से बालू खुदाई को लेकर नीमगांव पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है। इस नाले में पांच साल से खुदाई हो रही है। इसी मार्ग पर पुलिस का रोज आना जाना है। फिर भी पुलिस की नजर बालू खुदाई पर नहीं पड़ती। दूसरी ओर कई बार पुलिस इन ट्रालियों को पकड़ कर ले देकर छोड़ भी देती है। जिस से पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। साथ ही खनन विभाग भी सवालों के घेरे में है।

**राजस्व विभाग इस अवैध कारोबार में सवालों के घेरे में:** मितौली तहसील के अमेठी गांव के पास सरकारी जमीन को खोदकर खनन माफिया करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। वहीं राजस्व विभाग के द्वारा इस सरकारी जमीन का कोई खनन करने के लिए कोई पट्टा आवंटन नहीं किया गया। आखिर सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध खनन को राजस्व विभाग आखिर क्यों नहीं कर रहा है कार्रवाई। कार्रवाई न करने की वजह से राजस्व विभाग सवालों के घेरे में गिरता जा रहा है।

# डीएम ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों संग की बैठक

**● एक अगस्त से आधार नम्बर एकत्रित करने की होगी कार्रवाई**

**लखीमपुर खीरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों संग एक जरुरी बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रुप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही 01 अगस्त से शुरू होगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1950 के नियम-23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उप नियम-26बी द्वारा अधिसूचित प्रारूप-6ख में दिया जायेगा। विस निर्वाचक नामावली में शामिल मतदाताओं को आधार नम्बर दिए जाने की आफलाइन व आनलाइन सुविधाएं प्रदान की। ऑनलाइन प्रारूप-6ख भरने हेतु ईआरओ नेट, गरूणा, एनवीएसपी, वीएच इत्यादि पर उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन प्रारूप-6ख जमा करने हेतु ;स्व प्रमाणन व स्व प्रमाणीकरण के बिनाद्ध की सुविधाएँ हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रुप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने से सम्बन्धित कार्य का शुभारम्भ 01 अगस्त को जनपद व तहसील स्तर पर किसी बड़े शिक्षण संस्थानध्कालेज में किया जायेगा। समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा दिनांक 1 अगस्त 2022 को कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा ऑफ्लाइन प्रारूप-6ख बीएलओ घर. घर भ्रमण के दौरान स्वैच्छा से मतदाताओं से एकत्र करेंगे। इसके अलावा 07 अगस्त, 21 अगस्त को बूथ पर आयोजित विशेष कैम्प में भी प्रारूप-6ख मतदाता जमा कर सकेंगे। आधार नम्बर प्राप्त करने का उद्देश्य मतदाता सूची में मतदाता की प्रविष्टियों का प्रमाणीकरणए भविष्य में मतदाताओं को बेहतर चुनावी सेवाएं प्रदान करना है। मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है। मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि को इस आधार पर अपमार्जित नहीं किया जायेगा कि मतदाता द्वारा आधार नम्बर प्रस्तुतध्सूचित नहीं किया गया है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सीपीआई से जेपी मिश्रा, सपा से मो. उमर, राष्ट्रीय लोकदल से पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सीपीआईएम से बालेश्वर यादव, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, डिप्टी कलेक्टर कार्तिकेय सिंह, नायब तहसीलदार अतुलसेन सिंह, एडीआईओ नरेंद्र कुमार, डायट प्राचार्य जेपी मिश्रा, यूआईडी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर एवं नोडल अधिकारी एनएसएस डा. सुभाष चंद्रा, बीएसए डा. लक्ष्मी कांत पांडेय सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## सोनिया पर...

से अच्छी तरह अवगत हैं। यह परिपाटी रही है कि इस सदन में दूसरे सदन या उसके सदस्यों के बारे में उल्लेख अथवा आलोचनात्मक टिप्पणी नहीं की जाती। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सीतारमण और गोयल टिप्पणियों के कुछ अंश का भी पत्र में उल्लेख किया और कहा कि दूसरे सदन के सदस्य के विशेषाधिकार से जुड़ा सवाल इस सदन में नहीं उठाया जा सकता। खड़गे ने कहा, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल द्वारा 28 जुलाई को सोनिया गांधी के संदर्भ में की गई टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटाया जाए। मैं यह भी आग्रह करता हूं कि दोनों मंत्री माफी मांगें क्योंकि उन्होंने संसदीय प्रक्रियाओं और परिपाटी का उल्लंघन किया है। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बीच लोकसभा में हुई नोकझोंक के विषय को लेकर मुख्य विपक्षी दल के सांसदों ने आज संसद परिसर में धरना दिया और कहा कि सत्तापक्ष के सदस्यों की ओर से सोनिया के साथ अमर्यादित व्यवहार किए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार को माफी मांगनी चाहिए। पार्टी के लोकसभा सदस्यों और राज्यसभा सदस्यों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। कांग्रेस के लोकसभा सांसदों के धरने में रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के सांसद भी शामिल हुए। अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी को लेकर वित्त मंत्री ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा था, यह राष्ट्रपति का अपमान है। यह अस्वीकार्य है। कांग्रेस और उसकी अध्यक्ष इसके लिए माफी मांगें। सदन के नेता पीयूष गोयल ने भी इस विषय पर राज्यसभा में कांग्रेस को घेरा था। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से इस विषय पर माफी मांगने की मांग की थी और सवाल किया था, क्या कांग्रेस राष्ट्रपति पद को जाति-पांति के दायरे में बांधना चाहती है।

## कर्नाटक में...

कर दोषियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले को सुलझाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर धर्मगुरुओं के साथ शांति बैठकें की जाएंगी। सूरथकल निवासी मोहम्मद फाजिल की गुरुवार रात दुकान के बाहर चार अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूरथकल, बाजपे, मुल्की और पन्नमबुर थाना क्षेत्र के स्कूल और कॉलेज बंद रहे। दक्षिण कन्नड़ जिले के उपायुक्त के वी राजेंद्र ने खुफिया रिपोर्ट के आधार पर शुक्रवार शाम से 1 अगस्त की सुबह तक सभी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि होटल, रसोई और भोजन वितरण सेवाओं सहित आवश्यक सेवाएं खुली रहेंगी, जबकि शहरी क्षेत्रों और पंचायत की सभी गैर-जरूरी दुकानें, सिनेमा हॉल भी बंद रहेंगे। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त एन शशिकुमार ने कहा कि गुरुवार रात से 30 जुलाई की सुबह तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। मंगलुरु दक्षिण कन्नड़ जिले का जिला मुख्यालय है। विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया ने बोम्मई के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। राज्य में हत्याएं खुफिया विफलता को दर्शाती हैं।

## भारत वैश्विक...

वैश्विक वित्तीय क्षेत्र में नए रुझानों को आकार देते हैं। मैं इस उपलब्धि के लिए देश के लोगों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और आगे चलकर ए और भी बड़ा होगा। हमें ऐसे संस्थानों का निर्माण करना चाहिए, जो हमारी वर्तमान और भविष्य की भूमिकाओं को पूरा कर सकें। मोदी ने कहा कि दुनिया में डिजिटल भुगतान में भारत की हिस्सेदारी 40 फीसदी है और इस मामले में देश अगुआ है। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी के जरिए भारत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा क्षेत्र में अपनी जगह मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईएफएससीए के मुख्यालय भवन का शिलान्यास करने के बाद कहा, मुझे विश्वास है कि ए भवन अपने जितना भव्य होगा, उतना ही भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के असीमित अवसर भी तैयार करेगा। आईएफएससीए नवाचार का समर्थन करेगा और वृद्धि अवसरों को शक्ति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी केवल व्यापार-कारोबार या आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे भारत के भविष्य का दृष्टिकोण और स्वर्णिम अतीत के सपने भी जुड़े हैं। उन्होंने अपने गृह नगर का उदाहरण देते हुए कहा, मेरे जन्म स्थान वडनगर में खुदाई चल रही है और वहां प्राचीन काल के सिक्के मिल रहे हैं। ए इस बात का सबूत है कि हमारी व्यापारिक व्यवस्था और संबंध कितने व्यापक थे। लेकिन, आजादी के बाद हम खुद ही अपनी विरासत को, अपनी इस ताकत को पहचानने से कतराने लगे। शायद ए गुलामी और कमजोर आत्मविश्वास का असर था कि हमने अपने व्यावसायिक, सांस्कृतिक और दूसरे सम्बन्धों को जितना हो सका सीमित कर दिया। मोदी ने कहा कि अब नया भारत इस पुरानी सोच को बदल रहा है और गिफ्ट सिटी भारत के साथ ही वैश्विक अवसरों से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसलिए, भविष्य में जब हमारी अर्थव्यवस्था आज से भी कहीं ज्यादा बड़ी होगी, तो हमें उसके लिए अभी से तैयार होना होगा। सोने के कारोबार के बारे में उन्होंने कहा, सोने के लिए भारत के लोगों का प्यार किसी से छिपा नहीं है। ए एक बड़ी वजह है कि भारत आज सोने-चांदी का एक बहुत बड़ा बाजार है। लेकिन, क्या भारत की पहचान सिर्फ इतनी ही होनी चाहिए? भारत की पहचान एक बाजार निर्माता की भी होनी चाहिए। आईआईबीएक्स इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश रिकॉर्ड स्तर पर आ रहा है। ए निवेश देश में नए अवसर पैदा कर रहा है। युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा कर रहा है। जो भारत में निवेश कर रहे हैं, वे अपने निवेश पर अच्छा प्रतिफल हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज तत्काल डिजिटल भुगतान में पूरी दुनिया में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले भारत की है। फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) क्षेत्र में भारत की ताकत पूरी दुनिया को आकर्षित कर रही है। इसलिए, मेरी आप सबसे अपेक्षा है कि फिनटेक में आप नए नवाचार को बढ़ावा दें। गिफ्ट आईएफएससी फिनटेक की वैश्विक प्रयोगशाला बनकर उभरे। मोदी ने कहा कि आज भारत में एक बड़ा वर्ग है जो वृद्धि के लिए निवेश करना चाहता है। उनके लिए वित्तीय शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड के मुताबिक 2014 में भारत में म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के तहत संपत्ति करीब 10 लाख करोड़ थी, जो जून 2022 तक बढ़कर 35 लाख करोड़ रुपए हो गई। यानी लोग निवेश करना चाहते हैं। वो इसके लिए तैयार हैं। हमें चाहिए कि हम उनके लिए शिक्षा और सूचना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय शिक्षा...

अनुमोदित एनईपी ने 1986 में तैयार 34 वर्षीय पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का स्थान लिया है। इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने के लिए स्कूल और उच्च शिक्षा प्रणालियों में व्यापक सुधारों का मार्ग प्रशस्त करना है।

## वायुसेना से...

दुर्घटनाओं में शामिल हैं। संयोग से, रूस और तत्कालीन सोवियत संघ ने बांग्लादेश और अफगानिस्तान के अलावा मिग-21 को उड़ाना बंद कर दिया है। लड़ाकू जेट स्क्वाड्रन बेड़े की संख्या में कमी का सामना करते हुए, भारतीय वायुसेना अब विदेशी सहयोग से देश में बहु-भूमिका वाले विमान बनाने की योजना बना रही है। सामरिक भागीदारी नीति के तहत यहां कम से कम 114 जेट बनाने की योजना है। सौदे की प्रस्तावित लागत 15 अरब डॉलर से अधिक है। अमेरिका, रूस, फ्रांस और स्वीडन के क्रमश: अपने एफ-16 और एफ-18, एमआईजी-25, राफेल और ग्रिपेन जेट के साथ सौदे के लिए बोली लगाने की संभावना है।

# शिव मंदिर के लिए निकली कांवड़ यात्रा

**तिकुनियां-खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिंहोना व अयोध्यापुरवा से कांवर यात्रा छोटी काशी गोला गोकरन नाथ के लिए निकली पंडित राजेश तिवारी ने कावड़ियों को पूजन तिलक चंदन लगाकर वेद मंत्रों का उच्चारण कर हुए जौराहा नदी (सरयू नदी) से जल भरकर गोला गोकरन के शिव मंदिर के लिए कावड़ यात्रा पैदल जा कर श्रद्धालु भोलेनाथ का जल अभिषेक करेंगे। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष श्रावण मास मे सिंहोना व अयोध्या पुरवा से भारी संख्या मे श्रद्धालु कावड़ यात्रा तय करके छोटी काशी जाते रहे हैं। आज शुक्रवार को सिंहोना व अयोध्या पुरवा से गोला गोकरण नाथ शिव मंदिर तक निकाली गई।

# उत्तराखंड को 2025 तक नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य : धामी

भाषा। देहरादून



**उत्तराखंड** को 2025 तक नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सभी संबंधित विभागों से मिशन मोड पर काम शुरू करने का आह्वान किया। देहरादून में नार्को कोऑर्डिनेशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए सभी को जिम्मेदारी और समन्वय के साथ काम करते हुए 2025 तक यह लक्ष्य हासिल करना होगा। धामी ने कहा कि एक ओर जहां नशीले पदार्थों के तस्करों पर कड़ा प्रहार करना है, वहीं दूसरी तरफ बच्चों और युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाना है। नशा आपूर्ति की शृंखला तोड़ने के लिए धामी ने पुलिस विभाग को मुखबिर तंत्र को और मजबूत बनाने तथा आबकारी व नशा नियंत्रक विभाग के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया।

कॉलेज में दाखिले के समय युवाओं को नशे को लेकर विशेष परामर्श देने की जरूरत पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा करते पकड़े जाने वाले बच्चों के साथ अपराधियों की तरह बर्ताव न करके उनके पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कॉलेज में माता-पिता और शिक्षकों के बीच नियमित बैठक करने तथा जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य साधनों का इस्तेमाल करने का सुझाव भी दिया। धामी ने प्रदेश में दो सरकारी नशामुक्ति केंद्र बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों में जरूरी सुविधाओं के साथ ही कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी नशामुकित केंद्रों के लिए सख्त दिशा-निर्देश बनाकर उनकी निगरानी करने तथा सभी संबंधित विभागों में ड्रग्स रोधी कार्यबल को सक्रिय करने के निर्देश भी दिए।

## बांघ संरक्षण अभियान से स्थानीय समुदायों को जोड़ने के लिए अभिनव कदम उठाए जा रहे हैः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के मौके पर इस वन्यजीव के संरक्षण की दिशा में सक्रियता से काम कर रहे लोगों की सराहना की और कहा कि इस अभियान में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए सरकार अभिनव कदम उठा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस 29 जुलाई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य एक विश्वव्यापी प्रणाली का निर्माण करना है, जो बाघों और उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए समर्पित हो और बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़े। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर मैं उन सभी लोगों की सराहना करता हूं, जो बाघों के संरक्षण की दिशा में सक्रियता से काम कर रहे हैं। न्होंने कहा, आपको यह जानकर गर्व होगा कि भारत में 52 बाघ अभ्यारण्य हैं, जो 75,000 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। बाघों के संरक्षण में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए अभिनव कदम उठाए जा रहे हैं। मालूम हो कि बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है और भारतीय उसे देश की शक्ति, शान, सतर्कता, बुद्धि और धीरज का प्रतीक मानते हैं।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करते हुए गृहमंत्री अमित शाह।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने स्वतंत्रता दिवस पर विधवाओं को तिरंगा फहराने की अनुमति देने का आग्रह किया

**मुंबई।** विधवा प्रथा से जुड़ी कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाने वाले कार्यकर्ता प्रमोद जिंजादे ने महाराष्ट्र के सभी गांवों के सरपंचों से इस स्वतंत्रता दिवस पर विधवाओं को तिरंगा फहराने की अनुमति देने का आग्रह किया है। जिंजादे ने सभी सरपंचों से एक सार्वजनिक अपील में कहा कि विधवाओं को गांवों में झंडा फहराने के बाद भाषण देने के लिए कहा जाना चाहिए। अगर महाराष्ट्र के सभी 28 हजार गांव 28,000 विधवाओं को इस तरह से सम्मानित करते हैं, तो महाराष्ट्र को लैंगिक समानता वाले राज्य के रूप में देखा जाएगा। जिंजादे ने कहा, सभी ग्राम सभाएं ध्वजारोहण कार्यक्रमों की तस्वीरें लें और वीडियो बनाएं तथा उन्हें जिलाधिकारियों के माध्यम से राज्य सरकार को भेजें। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम सभाओं को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए, जिसमें चूड़ियाँ तोड़ना व सिंदूर पोंछना जैसी रीतियों को समाप्त करना चाहिए।

## आरसीपी सिंह को भविष्य का मुख्यमंत्री बताने को लेकर उनके समर्थकों को जद(यू) ने लगाई फटकार

भाषा। पटना

**बिहार** में सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह को भविष्य के मुख्यमंत्री के रूप में प्रायोजित करने के लिए की जा रही नारेबाजी को लेकर शुक्रवार को नाखुशी जाहिर की। जद(यू) के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी संजय कुमार झा ने चेतावनी दी कि जो लोग इस तरह की नारेबाजी कर रहे हैं उन्हें पार्टी का सदस्य नहीं माना जाएगा।

झा ने संवाददाताओं से कहा, नीतीश कुमार पार्टी के अविवादित नेता हैं। इस तरह की नारेबाजी कर रहे लोगों को पार्टी का सदस्य नहीं माना जाएगा। इस तरह की नारेबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने यह बात कही। मुख्यमंत्री के पूर्व करीबी विश्वस्त सिंह ने हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। दरअसल, जद(यू) ने उन्हें फिर से राज्यसभा भेजने से इनकार कर दिया था।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी सिंह इस्तीफे के बाद नालंदा जिले में अपने पैतृक गांव में रह रहे हैं और संभवत: अपना जनाधार बनाने की कोशिश के तहत आसपास के गांवों का दौरा कर रहे हैं। हालांकि, सिंह को पार्टी की ओर से अब तक किसी कार्वाई का सामना नहीं करना पड़ा है लेकिन जद(यू) के प्रवक्ता अजय आलोक सहित अन्य को हाल में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। सिंह ने हाल में कहा था कि उनका जन्म नालंदा में हुआ था जबकि मुख्यमंत्री का इस जिले से ताल्लुक रहा है लेकिन उनका (नीतीश का) जन्म और परवरिश पटना के पास बख्तियारपुर में हुई थी।

## अन्नाद्रमुक विवाद पर शीर्ष अदालत का निर्देशः उच्च न्यायालय तीन सप्ताह में करे निर्णय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अन्नाद्रमुक पार्टी की आम परिषद की बैठक के खिलाफ ओ. पनीरसेल्वम गुट की याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय को तीन सप्ताह के भीतर फैसला करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने प्रतिद्वंद्वी ओ. पनीरसेल्वम और ई. पलानीस्वामी गुटों से पार्टी के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने को भी कहा। गौरतलब है कि पार्टी की आम परिषद की बैठक में, अन्नाद्रमुक में दोहरे नेतृत्व वाले मॉडल को समाप्त कर दिया गया था और ई. पलानीस्वामी को पार्टी के अंतरिम महासचिव के रूप में पदोन्नत किया गया था। वहीं, ओ. पनीरसेल्वम को पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया गया था।

## सोनिया के माफी मांगने के बाद ही लोकसभा चलेगीः भाजपा सांसद दुबे

भाषा। नई दिल्ली

**भाजपा के** सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को कहा कि संसद तभी चलेगी जब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबंध में इस्तेमाल किए गए आपत्तिजनक शब्दों के लिए माफी मांगेंगी। चौधरी ने बुधवार को एक निजी समाचार चैनल से बातचीत के दौरान राष्ट्रपति को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किया था। इसके बाद एक नया राजनीतिक बखेड़ा खड़ा हो गया। भाजपा नेताओं ने चौधरी के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसके लिए सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग की थी। चौधरी की टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों में भी जोरदार हंगामा हुआ और कार्यवाही बाधित हुई।

दुबे ने ट्वीट कर कहा, आदिवासी समाज का अपमान भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी। सोनिया गांधी के माफी मांगने के बाद ही लोकसभा चलेगी, यह हम भाजपा सांसदों की मांग लोकसभा अध्यक्ष से है। उन्होंने कहा कि एक गरीब आदिवासी का राष्ट्रपति बनना कांग्रेस के झूठ व वोट बैंक की राजनीति पर करारा तमाचा है। झारखंड के गोड्डा से सांसद दुबे ने कहा कि वर्ष 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने संसद की कार्वाई चलाने पर एक राष्ट्रीय परिचर्चा की थी और उस चर्चा के अनुसार सदन चलाने की जिम्मेदारी विपक्ष की ज्यादा है और सरकार की कम है। उन्होंने कहा, अटल जी की यह सोच आज हमारी मार्गदर्शिका है। सोनिया गांधी माफी मांगें, आदिवासी राष्ट्रपति का अपमान नहीं चलेगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दुबे ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि कांग्रेस ने केवल एक परिवार के ट्रस्ट के बारे में 2012 में बोलने के कारण तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह को संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश होने के लिए 10 नोटिस दिए थे। उन्होंने कहा, यही कांग्रेस का लोकतंत्र है तथा संसद के दुरुपयोग का इतिहास।

## संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति स्त्री है या पुरुष, इस झंझट में पड़ने का कोई मतलब नहींः मनीष तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने लोकसभा में अपनी पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित करने से जुड़े विवाद पर शुक्रवार को कहा कि किसी भी संवैधनिक पद पर आसीन व्यक्ति समान रूप से सम्मानीय है और इस झंझट में पड़ने का कोई मतलब नहीं है कि वह व्यक्ति स्त्री है या पुरूष। पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने ट्वीट किया, महिला हो या पुरुष, संवैधानिक पद पर आसीन कोई व्यक्ति समान रूप से आदरणीय है। सम्मान देना होता है और संस्था के प्रति आदर होना चाहिए। किसी पद पर आसीन व्यक्ति उस पद के अनुरूप हो जाता है। इस झंझट में पड़ने का कोई मतलब नहीं है कि वह व्यक्ति स्त्री है या पुरुष। चौधरी द्वारा राष्ट्रपति को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी और मुख्य विपक्षी दल ने एक-दूसरे पर तीखे प्रहार किए। भाजपा ने कांग्रेस को आदिवासी, महिला और गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने दावा किया कि लोकसभा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और कई भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी के साथ अपमानजनक व्यवहार किया, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माफी मांगनी चाहिए। दूसरी तरफ, चौधरी ने सफाई देते हुए कहा कि चूकवश उनके मुंह से एक शब्द निकल गया, जिसे भाजपा तिल का ताड़ बना रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात कर माफी मांगेंगे, लेकिन इन पाखंडियों से माफी नहीं मांग सकते।


## सुकमा में मुठभेड़ में पांच लाख रुपए का इनामी नक्सली ढेर

भाषा। रायपुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच लाख रुपए के इनामी नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले के बिंद्रापानी गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कटेकल्याण एरिया कमेटी के सदस्य राकेश मडकम को मार गिराया। मडकम के सर पर पांच लाख रुपए का इनाम था।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सुंदरराज पी. ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती इलाके नहनी गुडरा गांव के जंगल में नक्सली गतिविधि की सूचना पर बृहस्पतिवार को दंतेवाड़ा के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दल को गश्त पर भेजा गया था। इस दौरान नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी की जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्वाई की। कुछ देर बाद नक्सली वहां से भाग गए।

शुक्रवार सुबह जब सुरक्षा बल के जवान सुकमा जिले के बिंद्रापानी गांव के करीब जंगल में थे तब एक बार फिर नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। आईजी ने बताया कि हमले के बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई जिसके बाद नक्सली वहां से भाग गए। बाद में, जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल पर छानबीन की तब वहां एक नक्सली का शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि नक्सली की पहचान कटेकल्याण एरिया कमेटी के सदस्य राकेश मडकम के रूप में हुई है। मडकम के खिलाफ आठ मामले दर्ज हैं तथा उसके सर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।



नई दिल्ली में धार्मिक नेताओं को विज्ञान भवन में आशीर्वाद समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मोमेन्टो देते हुए।

## कोलेजियम ने सात महीने में 13 नाम दोबारा भेजे, सरकार ने आठ न्यायाधीश नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम ने पिछले साल एक दिसंबर से लेकर इस साल 26 जुलाई के दौरान उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए 127 नए नामों की अनुशंसा की जिनमें से 61 लोगों को नियुक्त कर दिया गया। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। विधि मंत्री किरेन रीजीजू ने बताया कि इन 127 नामों के अलावा शीर्ष अदालत के कोलेजियम ने इसी अवधि में 13 नाम फिर से भेजे जिनमें से आठ को उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश नियुक्त कर दिया गया। मंत्री ने कहा, एक दिसंबर, 2021 से 26 जुलाई, 2022 के दौरान उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम ने कुल 140 नामों (127 नए नाम, 13 फिर से भेजे गए नाम) की अनुशंसा की। 127 नए नामों में से 61 लोगों की नियुक्ति कर दी गई।

## क्विक न्यूज

### मेरे खिलाफ साजिश हो रहीः पार्थ चटर्जी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सभी पदों से हटाए जाने और मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाने के एक दिन बाद पार्थ चटर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उनके विरुद्ध साजिश की जा रही है। चटर्जी (69) को स्कूल भर्ती घोटाला के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। उन्हें आज चिकित्सीय परीक्षण के लिए शहर के दक्षिण में स्थित जोका क्षेत्र में ईएसआई अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के बाहर एक वाहन के पास उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें साजिश का शिकार बनाया जा रहा है। गिरफ्तारी से पहले चटर्जी के पास औद्योगिक और संसदीय मामलों का विभाग था। उनके शिक्षा मंत्री रहते कथित घोटाला हुआ था जिसकी जांच के दौरान चटर्जी की करीबी सहायक अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों से करोड़ों रुपए की नकदी बरामद हुई। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार शाम को चिनार पार्क इलाके में स्थित मुखर्जी के तीसरे अपार्टमेंट पर छापेमारी की।

### पंचायत चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत : शिवराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को एकतरफा जीत हासिल हुई है। जिला पंचायत अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद शिवराज ने बताया, पंचायत चुनावों में भाजपा तीनों प्रारूप में एकतरफा विजई रही है। लोगों ने गांवों, कस्बों और शहरों में पार्टी का बड़े पैमाने पर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने मध्य प्रदेश की कुल 23,000 पंचायतों में से 20,613 यानी 90 प्रतिशत के सरपंच पद पर जीत हासिल की है। इनमें से 625 पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत हासिल हुई है। शिवराज से कहा कि इसी तरह प्रदेश की 312 जनपद पंचायतों में से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 227 में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर जीत हासिल की है, जबकि 20 अन्य विजई प्रत्याशी भी पार्टी से जुड़े थे और शेष 64 सीटों पर कांग्रेस विजई रही है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के चुनाव में प्रदेश के कुल 51 जिलों में से 41 पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के शहरी प्रशासन एवं विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग भी मौजूद थे।

### गबन के आरोप में पंजाब में सहकारी बैंक के अधिकारी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने 1.24 करोड़ रुपए गबन करने के आरोप में शुक्रवार को एक सहकारी बैंक के दो अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि केंद्रीय सहकारी बैंक रूपनगर में 1,24,46,547 रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी में सांठगांठ रखने के आरोप में सहायक प्रबंधक बिक्रमजीत सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक आशेक सिंह मान को गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया है, ब्यूरो को प्राप्त एक शिकायत की जांच के दौरान यह पाया गया कि 2011 से 2016 तक बैंक में पदस्थ रहने के दौरान बिक्रमजीत सिंह ने बैंक खातों के आईडी, पासवर्ड और अन्य कर्मचारियों तथा बैंक प्रबंधकों के विवरण का दुरुपयोग कर धन की हेराफेरी की। प्रवक्ता ने बताया कि सिंह को सहकारी बैंक की एक आंतरिक जांच में दो साल पहले दोषी करार दिया गया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ लुधियाना में सतर्कता ब्यूरो के थाने में भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगे जांच की जा रही है।

### तेलंगाना के सीएम ने सपा अध्यक्ष अखिलेश से मुलाकात की

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से यहां उनके आवास पर मुलाकात की और राष्ट्रीय राजनीति पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि घंटेभर चली इस बैठक में दोनों नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक स्थिति तथा अन्य राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सपा के नेता रामगोपाल यादव भी मौजूद थे। राव पिछले तीन दिन से राष्ट्रीय राजधानी में हैं और उन्होंने तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के अपने सांसदों के साथ कई बैठकें की और राज्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। वह किसान संघ के नेताओं से भी बातचीत कर सकते हैं।



## शिवसेना के उपनेता अर्जुन खोतकर एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होंगे : बागी विधायक सत्तार का दावा

**औरंगाबाद।** शिवसेना के एक बागी विधायक ने शुक्रवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और शिवसेना के उपनेता अर्जुन खोतकर 31 जुलाई को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होंगे। पूर्व मंत्री एवं औरंगाबाद जिले की सिल्लोड सीट से विधायक अब्दुल सत्तार ने यह दावा किया। जालना जिले से संबंध रखने वाले खोतकर 2014-19 के दौरान देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में मंत्री थे। हाल में उन्हें पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शिवसेना का उपनेता नियुक्त किया था। सत्तार ने कहा, खोतकर (बागी खेमे में शामिल होने के बारे में) उलझन में थे , लेकिन मैंने उनकी उलझन दूर की। अब वह 31 जुलाई को सिल्लोड में एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होंगे। उनके साथ ही स्थानीय बाजार समिति के कई सदस्य, पूर्व पार्षद भी शिंदे खेमे में शामिल होंगे।

## गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के हताहत होने की जानकारी सेना की ओर से नही दिया जाना सही : सीआईसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने व्यवस्था दी है कि दो साल पहले लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सेना के साथ झड़प में चीनी सैनिकों के हताहत होने की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने का फैसला सही है। आरटीआई के तहत शीर्ष अपीलीय प्राधिकार सीआईसी ने नवीनतम फैसले में उस अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें 15-16 जून 2020 की दरमियानी रात देश के बहादुर सैनिकों के साथ हुई झड़प के दौरान चीनी सेना के हताहतों (अगर हुए हैं तो) की जानकारी देने का अनुरोध किया गया था। आरटीआई आवेदक अखंड ने लद्दाख की गलवान नदी घाटी में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई झड़प के दौरान भारतीय बलों के हताहतों, पीड़ितों के परिवार के पुनर्वास एवं उनको दी गई अनुग्रह राशि की भी जानकारी मांगी थी। इसके साथ ही आरटीआई आवेदक ने सेना से जानना चाहा था कि क्या गलवान नदी घाटी में झड़प के बाद से भारतीय सैनिक लापता हैं और उनको छुड़ाने की योजना क्या है। सेना ने यह कहते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया था कि यह तीसरे पक्ष से जुड़ी जानकारी है और आरटीआई कानून की धारा- 8(1)(आई) के तहत इसे साझा नहीं किया जा सकता। कानून की यह धारा इस श्रेणी की जानकारी नहीं देने की छूट देती है। सेना ने कानून की धारा- 8(1)(ए) का भी हवाला दिया जो देश की एकता-अखंडता,सुरक्षा, रणनीति, देश के वैज्ञानिक और आर्थिक हित, दूसरे देशों के साथ संबंध प्रभावित करने वाली जानकारी साझा नहीं करने की छूट देती है। सूचना आयुक्त वनराज एन.सरना ने कहा, यह रेखांकित किया गया कि उचित जवाब आवेदक को दिया गया, जबकि यह सही कहा गया है कि सूचना तीसरे पक्ष से संबंधित है, इसलिए संबंधित सूचना आरटीआई कानून की धारा- 8(1)(आई) के तहत नहीं दी जा सकती।

## गोवा के आबकारी आयुक्त ने विवादित रेस्तरां संबंधी शिकायत पर शुरू की सुनवाई, दो मुद्दे तय किए

**पणजी।** गोवा के आबकारी आयुक्त ने शुक्रवार को वकील एवं आरटीआई कार्यकता आयरेज़ रॉड्रिग्स की उस शिकायत पर सुनवाई शुरू की, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उत्तरी गोवा के असगांव में एक विवादित रेस्तरां को संचालित करने के लिए अवैध तरीके से लाइसेंस लिया गया था और इस साल उस व्यक्ति के नाम से फिर से इसका नवीनीकरण कराया गया, जिसकी 2021 में मौत हो गई थी। सुनवाई के दौरान आबाकारी आयुक्त नारायण गैड ने सुनवाई के लिए दो बिंदु तय किए कि क्या आबकारी लाइसेंस गलत और अपर्याप्त दस्तावेज के आधार पर प्राप्त किया गया और क्या अधिकारियों की ओर से प्रक्रियागत कोई अनियमितता की गई। सिली सोल्स कैफे एंड बार पिछले सप्ताह उस समय विवादों में घिर गया था, जब कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी का इस संपत्ति से संबंध है।

ईरानी की बेटी ने इन आरोपों से इनकार किया है। ईरानी की बेटी के वकील ने कहा कि उनकी मुवक्किल न तो इस रेस्तरां की मालिक हैं और न ही वह इसका संचालन करती हैं। अधिवक्ता और वकील आयरेज़ रॉड्रिग्स ने शिकायत दर्ज कराई है। आबकारी आयुक्त नारायण गैड ने रॉड्रिग्स और शराब लाइसेंस धारक दिवंगत एंटनी डीगामा के परिवार का पक्ष रख रहे अधिवक्ता बेनी नाजरेथ को सुना। सुनवाई दिन में पूर्वाह्न 11 बजे शुरू हुई और दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर समाप्त हुई। सुनवाई के बाद रॉड्रिग्स ने कहा कि आबकारी आयुक्त ने सुनवाई के लिए दो मुद्दे तय किए हैं। पहला कि क्या लाइसेंस गलत या अपर्याप्त दस्तावेज या गलत तथ्यों के आधार पर प्राप्त किया गया। दूसरा क्या आबकारी अधिकारियों ने लाइसेंस देने में कोई प्रक्रियागत अनियमितता की।

आबकारी आयुक्त ने लाइसेंस धारक को इन दो मुद्दों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त तक के लिए टाल दी। दिवंगत एंथनी डीगामा का बेटा डीन सुनवाई के दौरान उपस्थित रहा। इस दौरान रॉड्रिग्स ने आबकारी आयुक्त का ध्यान आकर्षित कराया गया कि एक अन्य बेटे डाले का नाम जानबूझकर दबा दिया गया है। रॉड्रिग्स ने अपनी शिकायत में कहा कि गोवा में आबकारी नियम के तहत केवल मौजूदा रेस्तरां को बार लाइसेंस जारी किया जा सकता है, लेकिन इस मामले में नियमों का उल्लंघन किया गया है। आबाकारी विभाग ने 18 फरवरी 2021 को नियमों का उल्लंघन करते हुए परिसर में विदेशी शराब के सेवन के लिए खुदरा बिक्री का लाइसेंस दिया। वहीं बिना रेस्तरां लाइसेंस के उक्त आउटलेट को देश में निर्मित विदेशी और देसी शराब की खुदरा बिक्री का दूसरा लाइसेंस दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगया कि एंथनी डीगामा के नाम पर लाइसेंस को मंजूरी दी गई, जबकि उसके आधार कार्ड के आधार पर वह मुंबई का निवासी है।

# शी ने ताइवान को लेकर बाइडन को दी चेतावनी

**एपी। वाशिंगटन**





**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फोन पर बातचीत के दौरान अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को ताइवान को लेकर उसके मामले में हस्तक्षेप करने के खिलाफ चेतावनी दी। ताइवान स्वशासित द्वीप है जिसे चीन अपना हिस्सा मानता है। शी और बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को फोन पर तीन घंटे हुई बातचीत की जानकारी देते हुए चीन सरकार ने बताया कि शी ने देश की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को विभाजित किए जाने के खिलाफ भी सचेत किया।

व्यवसायियों एवं अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चीनी औद्योगिक नीतियों और प्रौद्योगिकी निर्यात पर अमेरिकी प्रतिबंधों द्वारा लाए एक बदलाव नवाचार को धीमा करके और लागत में वृद्धि करके वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस बीच, अमेरिका के एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि शी और बाइडन व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करने की संभावना तलाश रहे हैं। शी को जी20 देशों की बैठक के लिए नवंबर में इंडोनेशिया आमंत्रित किया गया है और इसी दौरान दोनों नेताओं के बीच सामने-सामने की मुलाकात होने की संभावना है। चीन सरकार ने इस बात का कोई संकेत नहीं दिया किया कि क्या शी और बाइडन ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान की संभावित यात्रा पर चर्चा की या नहीं, लेकिन शी ने ऐसी बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप को खारिज कर दिया, जो ताइवान को अपनी दशकों पुरानी स्वतंत्रता को स्थाई बनाने की कोशिश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। बयान में कहा गया, चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना 1.4 अरब से अधिक चीनी लोगों की दृढ़ इच्छा है। आग से खेलने वाले लोग स्वयं जलकर खाक हो जाएंगे।

शी का यह कड़ा बयान संकेत देता है कि चीनी नेताओं का संभवत: यह मानना है कि वाशिंगटन को ताइवान को लेकर पहले दी गई चीन की चेतावनियों की गंभीरता समझ नहीं आई है। इससे पहले, चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने बुधवार को पेलोसी की प्रस्तावित ताइवान यात्रा को लेकर चेतावनी दोहराई। पेलोसी अगर ताइवान की यात्रा करती हैं तो 1997 के बाद किसी शीर्ष अमेरिकी निर्वाचित प्रतिनिधि की इस द्वीपीय देश की पहली यात्रा होगी। चीन के सरकारी बयान के अनुसार, शी ने आर्थिक मंदी के जोखिम को कम करने, समिष्टि अर्थशास्त्र की नीतियों में समन्वय करने एवं कोविड-19 से निपटने जैसे क्षेत्रों में सहयोग किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने रणनीतिक कारणों से अमेरिकी और चीनी अर्थव्यवस्थाओं को अलग के खिलाफ भी सचेत किया।

## अमेरिका और चीन के लिए स्थिति से निपटने की चुनौती

**ताइपे।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निम्न सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की संभावित ताइवान यात्रा को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनातनी चल रही है। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि इस पूरे विवाद में अहम पहलू पर गौर नहीं किया जा रहा है। यह पहलू है कि अमेरिका और चीन को इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि वे अपने मतभेद को कैसे सुलझाएं जिससे संघर्ष का खतरा अनियंत्रित न हो जाए। पेलोसी की संभावित ताइवान यात्रा के विरोध में चीन की राजनयिक और सैन्य प्रतिक्रिया को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन ताइवान के लिए यह यात्रा (अगर होती है तो) पहले ही तनावपूर्ण चल रहे रिश्तों में खटास पैदा करने का महज एक बिंदु होगा, जिसकी छाया इस देश के लोकतंत्र पर हमेशा से रही। ताइवान की सेंट्रल पुलिस यूनिवर्सिटी में रक्षा अध्ययन के विशेषज्ञ अर्थर झीन शेंग वांग ने कहा, मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि पेलोसी ताइवान आ रही हैं, बल्कि यह है कि अमेरिका और चीन इससे पैदा होने वाले खतरों से कैसे निपटते हैं। वांग ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीनी समकक्ष शी चिनफिंग की बृहस्पतिवार को हुई बातचीत इस बात का उदाहरण है कि कैसे दोनों पक्ष वार्ता के जरिए मतभेदों का प्रबंधन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर हो रही बहस के बीच हुई यह बातचीत आपसी समझ के न्यूनतम स्तर का संकेतक है। इस बीच, ताइवान दोनों महाशक्तियों के बीच शांत रहकर संतुलन बनाए रखे हुए है, भले इस मुद्दे पर तनाव बढ़ गया है। वाशिंगटन में ताइवान के प्रतिनिधि कार्यालय में राजनीतिक प्रकोष्ठ के पूर्व निदेशक विंसेट चाओ ने कहा, ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन ने ताइवान के लोकतत्रं को अक्षुण्ण रखते हुए अनावश्यक उकसावे की कार्वाई से बचने की यथासंभव कोशिश की है। अगर पेलोसी की ताइवान यात्रा होती है तो वह गत 25 साल में न्यूट गिंगरिच के बाद पहली शीर्ष अमेरिकी निर्वाचित पदाधिकारी होंगी जो स्वशासी द्वीप का दौरा करेंगी। ताइवान में मौजूद विशेषज्ञों का कहना है कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि चीन इस यात्रा के जवाब में सैन्य कार्वाई करेगा और यह अहम है कि इस यात्रा के संभावित संदर्भ को देखा जाए। राजनयिक स्तर पर अलग-थलग पड़ी ताइवान सरकार किसी विदेशी नेता की यात्रा को सकारात्मक रूप में देखती है। ताइवान के प्रीमियर सु सेंग चांग ने बुधवार को कहा, हम स्पीकर पेलोसी के बहुत आभारी हैं, जो गत कई सालों से ताइवान के लिए सहयोगी और मित्रवत रहीं। हम किसी मित्र विदेशी मेहमान की यात्रा का स्वागत करते हैं।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री दौड़

# सुनक को टोरी सदस्यों की तीखी टिप्पणियों का करना पड़ा सामना

**भाषा। लंदन**

**कंजरवेटिव** पार्टी का अगला नेता और ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल ऋषि सुनक और लिज ट्रस को उनकी नीतियों को लेकर टोरी सदस्यों की तीखी टिप्पणियों का सामना करना पड़ा।

उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स शहर में बृहस्पतिवार की रात को कंजरवेटिव पार्टी के कट्टर माने जाने वाले सांसदों (टोरी सदस्यों) को संबोधित किया। ए सदस्य भी चुनाव में मतदान करेंगे। टोरी पार्टी के एक सदस्य ने सुनक के इस महीने की शुरुआत में चांसलर पद छोड़ने के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया गया कि उन्होंने अपने पूर्व बॉस की पीठ में ही छुरा घोंप दिया। वेस्ट यॉर्कशायर के एक टोरी सदस्य ने कहा, आप एक अच्छे सेल्समैन हैं और आपके पास कई गुण हैं। इसके बावजूद कई लोग बोरिस जॉनसन का समर्थन करना जारी रखते हैं। उन्होंने कहा, बहुत से लोगों ने देखा है कि आपने उनकी पीठ में छुरा घोंपा है, जबकि उन्होंने ही आपको राजनेता बनाया है और कुछ लोग आपको नंबर 10 में भी नहीं देखना चाहते थे। आरोपों पर जवाब देते हुए ऋषि सुनक ने कहा, मेरे पास कोई विकल्प नहीं बचा था, क्योंकि देश की आर्थिक स्थिति पर उनके साथ काफी गहरे मतभेद थे, खासकर ऐसे समय में जब अर्थव्यवस्था वास्तविक चुनौतियों का सामना कर रही है। इसलिए, मेरे पास कोई विकल्प नहीं बचा था। अपने शुरुआती भाषण में, उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी लिज ट्रस की करों में तुरंत कटौती करने की योजना पर कटाक्ष करते हुए चेतावनी दी कि हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए हमारे बच्चों और नाती-पोतों के भविष्य को गिरवी रखना ठीक नहीं है।सुनक टोरी सदस्यों के बीच ट्रस से पीछे हैं।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **SUKHJEET SINGH S/o SH. MOHINDER SINGH R/o FLAT NO.33,GROUND FLOOR,POCKET-A,SECTOR-17, DWARKA PH-2,NEW DELHI-110078,** Allottee/ Purchaser/**Owner of DDA MIG FLAT NO.33, GROUND FLOOR, POCKET-A, SECTOR-17, DWARKA PH-2, NEW DELHI-110078 vide DDA File No.M.312(3926)2002/NPRS/DW.** The original document i.e. POSSESSION LETTER of the above said flat has been lost. An F.I.R. /NCR /LR NO. 641906/2022 dated 29/07/2022 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9717787839 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest,objection with respect to this property,can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-MIG or Director (H)-MIG, Vikas Sadan, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients, Smt. Urmila Shukla R/o H.no. 32/222, Trilok Puri, Chilla, Delhi-110091 have disowned and debarred their son Rishi Kumar from all their movable and immovable assets. Any person dealing with them shall do so at his/her own risk and responsibilities and my clients shall have no responsibility or liability of any kind whatsoever arising out of act(s) and/or omission(s) of Rishi Kumar.

**Kushagra Azad (Advocate)**
**Enrolment No: D/1894/2020**
**Chamber no. D-218, Karkardooma Court Complex, Delhi- 110032.**

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, Purnima Sharma, w/o Sh. Anil Kumar, R/o-H.No. RZ-50, Shyam Vihar, near Sector-14, Dwarka, New Delhi-110078 declare that name of mine has been wrongly written as Purnima in my minor son's Aaradhaya Naithani, aged 13 years in his school records. The actual name of mine is Purnima Sharma, which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री रोहित पुत्र श्री धर्मेंद्र ने ग्राम न्यू मुल्तान नगर, परगना, तहसील और जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित संपत्ति जिसमें शामिल भूमि का खसरा नंबर 380 मि. एरिया परिमाप 50 वर्ग गज या 41.80 वर्ग मीटर, इसके बाद उप रजिस्ट्रार मेरठ के साथ पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 21.08.2017 के माध्यम से "उक्त संपत्ति" का मालिक है सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री रोहित पुत्र श्री धर्मेंद्र ने इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड से ऋण लेने के लिए संपर्क किया है और वे पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 28.03.2012, दस्तावेज सं. 4650, पुस्तक सं. 01, खंड संख्या 7643, पृष्ठ सं. 17-34, दिनांक 28.03.2012-एसआरओ मेरठ जो श्रीमती मंजू पत्नी श्री अनिल कुमार के पक्ष में एसआरओ मेरठ में विधिवत पंजीकृत, और पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 15.04.2014, दस्तावेज सं. 4159, पुस्तक सं. 01, खंड संख्या 9591, पृष्ठ सं. 121-138, दिनांक 15.04.2014-एसआरओ मेरठ जो श्रीमती पूनम पत्नी श्री सुनील कुमार के पक्ष में, श्री रोहित पुत्र श्री धर्मेंद ने थाना ब्रह्मपुरी, मेरठ (यूपी पुलिस) जीडी सं. 33/2022 दिनांक 07.07.2022 पुलिस थाना ब्रह्मपुरी, मेरठ के माध्यम से उक्त बिक्री विलेख के गुम होने की सूचना दी है। अतः आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 7 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

पर्यावरण प्रस्ताव

# भारत ने पक्ष में किया वोट, लेकिन साथ ही व्यक्त की कुछ चिंताएं

## ● 161 मतों से पारित हुआ प्रस्ताव, मतदान के दौरान कुछ देशों के प्रतिनिधि रहे अनुपस्थित

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है, जो स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थाई पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है। हलांकि, भारत ने इसके एक पैराग्राफ से खुद को अलग कर लिया और प्रस्ताव की प्रक्रिया तथा सार पर चिंताएं व्यक्त कीं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 193 सदस्यों देशों में से 161 के मतों के साथ बृहस्पतिवार को प्रस्ताव को पारित किया। वहीं, बेलारूस, कंबोडिया, चीन, इथियोपिया, ईरान, किर्गिस्तान, रूस और सीरिया मतदान के समय मौजूद नहीं थे।

भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया, लेकिन साथ ही इसकी प्रक्रिया और इसके सार पर चिंताएं व्यक्त कीं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर आशीष शर्मा ने मत पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि प्रस्ताव स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थाई पर्यावरण के अधिकार को एक मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है और पुष्टि करता है कि स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थाई पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून के सिद्धांतों के तहत बहुपक्षीय पर्यावरण समझौतों के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, भारत बेहतर पर्यावरण के लिए किसी भी प्रयास का समर्थन करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इसी संदर्भ में भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर आशीष शर्मा ने मत पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि प्रस्ताव स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थाई पर्यावरण के अधिकार को एक मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है और पुष्टि करता है कि स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थाई पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून के सिद्धांतों के तहत बहुपक्षीय पर्यावरण समझौतों के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता है। शर्मा ने कहा, हालांकि, हमारी चिंताएं अब भी कायम हैं इसलिए, हम प्रस्ताव के परिचालन संबंधी पैराग्राफ-। से खुद को अलग करने को बाध्य हैं। प्रस्ताव के परिचालन संबंधी पैराग्राफ-। के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) एक मानवाधिकार के रूप में स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थाई पर्यावरण के अधिकार को मान्यता देती है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस बयान को बैठक में आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएनजीए का प्रस्ताव कोई बाध्यकारी दायित्व निर्धारित नहीं करता और सदस्य देशों को केवल सम्मेलनों तथा संधियों के माध्यम से इसे पूरा करने के लिए बाध्य बनाता है। शर्मा ने कहा, स्वच्छ , स्वस्थ और चिरस्थाई शब्दों की कोई स्पष्ट समझ एवं ऐसी परिभाषा नहीं है, जिस पर सभी सहमत हों। वर्तमान में, सभी ने अपनी समझ से इनकी परिभाषाएं गढ़ रखी हैं और इस प्रकार वर्तमान प्रस्ताव में घोषित मान्यता का उद्देश्य इससे कमजोर पड़ता है। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि प्रस्ताव के पाठ में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून में समानता के मूलभूत सिद्धांत का भी स्पष्ट संदर्भ नहीं है।



एससीओ की मीटिंग में रूस के विदेश मंत्री लवारोव, भारत के विदेश मंत्री जयशंकर एवं कजाकिस्तान के विदेश मंत्री कुलाबेव

# कोयला घोटाला: अदालत ने पूर्व कोयला सचिव, अन्य को दोषी ठहराया

**भाषा। नई दिल्ली**

**दिल्ली** की एक अदालत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में लोहारा पूर्वी कोयला ब्लॉक के आवंटन में अनियमितताओं से संबंधित घोटाला मामले में पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता और कोयला मंत्रालय में पूर्व संयुक्त सचिव के एस क्रोफा को आपराधिक साजिश रचने, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार में शामिल होने का दोषी ठहराया। विशेष न्यायाधीश अरूण भारद्वाज ने ग्रेस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जीआईएल) और उसके निदेशक मुकेश गुप्ता को भी आपराधिक साजिश रचने और धोखाधड़ी में शामिल होने का दोषी करार दिया। अब इस मामले पर अगली सुनवाई चार अगस्त को होगी। अगली सुनवाई में अदालत चारों दोषियों को कितनी अवधि की सजा होनी चाहिए, इस बारे में दलील सुनेगी। गुप्ता को कोयला घोटाले के तीन अन्य मामलों में पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। इसके खिलाफ गुप्ता की अपील दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है। वह अभी जमानत पर है। सीबीआई के मुताबिक 2005 और 2011 के बीच आरोपी व्यक्तियों ने आपराधिक साजिश रचकर कोयला मंत्रालय और भारत सरकार के साथ धोखा किया। कुल संपत्ति, क्षमता, उपकरण, खरीद स्थिति और संयंत्र की स्थापना के बारे में गलत सूचना देकर मंत्रालय के जरिए लोहारा ईस्ट कोयला ब्लॉक जीआईएल को आवंटित करवा दिया। जांच एजेंसी ने कहा कि कंपनी ने अपने आवेदन में कुल संपदा 120 करोड़ रुपए बताई जबकि यह महज 3.3 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने अपनी मौजूदा क्षमता ।,20,000 टन सालाना बताई थी जो वास्तव में 30,000 टन प्रतिवर्ष थी। उच्चतम न्यायालय ने 25 अगस्त 2014 को कोयला ब्लॉक का पूरा आवंटन ही रद्द कर दिया था।

## राजकोषीय घाटा पहली तिमाही में सालाना लक्ष्य के 21.2 प्रतिशत पर: आधिकारिक आंकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जून तिमाही में वार्षिक लक्ष्य के 21.2 प्रतिशत पर पहुंच गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले की इसी अवधि में यह 18.2 प्रतिशत था।

राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय और राजस्व के बीच के अंतर को दर्शाता है। इससे पता चलता है कि सरकार को कितना उधार लेने की जरूरत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक राजकोषीय घाटा 2022-23 की पहली तिमाही के अंत में 3.51 लाख करोड़ रुपए था। देश का राजकोषीय घाटा मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में जीडीपी के 6.4 प्रतिशत पर रह सकता है, जबकि पिछले वर्ष यह 6.71 प्रतिशत था। सीजीए द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक केंद्र सरकार की प्राप्तियां 5,96,040 करोड़ रुपए रही। यह 2022-23 के लिए कुल प्राप्तियों से संबंधित बजट अनुमान (बीई) का 26.1 प्रतिशत है। जून तिमाही में केंद्र सरकार ने कुल 9,47,911 करोड़ रुपए खर्च किए, जो 2022-23 के बजट अनुमान का 24 प्रतिशत है। बीते वित्त वर्ष 2021-22 में यह बजटीय अनुमान का 23.6 प्रतिशत था। सरकार का राजकोषीय घाटा 2022-23 के लिए 16,61,196 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

**Kotak Mahindra Bank Limited.**
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited,** (KMBL), for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 09 (Nine) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.
Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| **ALL THAT** the piece and parcel of commercial property admeasuring about 1900 Sq. ft. carpet area (approx.) on the ground floor of the building situate and lying at J-12/19, Rajouri Garden, New Delhi-110027. | **MR. SUNIL ARORA**, son of Mr. Sita Ram, residing at J-12/19, First Floor, Rajouri Garden, Delhi-110027. |
| | **MR. PARVEEN KUMAR,** son of Mr. Sita Ram, residing at J-12/19, Rajouri Garden, Delhi - 110027. |

**Legal Department**
**Kotak Mahindra Bank Limited.**
**Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21,**
**Infiniti Park, off Western Express Highway,**
**General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097**
**Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax-(022) 67259088**

**Kotak Mahindra Bank Limited.**
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited,** (KMBL), for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 18 (Eighteen) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.
Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Detail of the Owner |
|---|---|
| ALL THAT the piece or parcel of commercial property admeasuring about 1500 Sq. ft. carpet area (approx.) and 3059 Super Area on the ground floor of Tower/ Block D of the building known as Vipul TechSquare situate and lying at Sector-43, Golf Course Road, Gurugram, Haryana-122009. | **Mr. Varun Talwar** son of Mr. Varinder Talwar, residing at Q1/7, DLF-Phase-2, Gurgaon-122002. |
| | **Mrs. Seema Talwar** wife of Mr. Varinder Talwar, residing at Q1/7, DLF-Phase-2, Gurgaon-122002 |
| | **Mr. Mukul Dewan,** son of Late Mr. Raj Kumar Dewan, residing at A-438, Defence Colony, New Delhi-110024. |
| | **Mrs. Neelam Dewan,** wife of Late Mr. Raj Kumar Dewan, residing at A-438, Defence Colony, New Delhi-110024. |

**Legal Department**
**Kotak Mahindra Bank Limited.**
**Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21,**
**Infiniti Park, off Western Express Highway,**
**General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097**
**Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax-(022) 67259088**

# बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 712 अंक चढ़कर तीन माह के उच्च स्तर पर

**भाषा। मुंबई**

**घरेलू** शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 712 अंक से अधिक चढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 712.46 अंक यानी 1.25 उछलकर 57,570.25 अंक पर बंद हुआ। 25 अप्रैल के बाद यह सेंसेक्स का सबसे ऊंचा स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 228.65 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,158.25 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, बेहतर तिमाही नतीजों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की घरेलू बाजार में लिवाली और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आने वाले दिनों में ब्याज दरों में धीमी गति से बढ़ोतरी की उम्मीद से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख वी के विजय कुमार ने कहा, देश में सबसे सकारात्मक बात यह है कि विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में बिकवाली कम कर रहे हैं और इस महीने आठ दिन लिवाल भी रहे। उन्होंने कहा, वित्तीय क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहने से बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम इस क्षेत्र में बेहतर संभावना का संकेत दे रहे हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील के शेयर में सबसे अधिक 7.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, विप्रो और एचडीएफसी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। बजाज फाइनेंस, विप्रो, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 25 लाभ में रहे। दूसरी तरफ, डॉ. रेड्डीज सर्वाधिक 3.96 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और एक्सिस बैंक भी नुकसान में रहे।बीएसई का स्मॉलकैप 1.38 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 1.01 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को लाभ में रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.92 प्रतिशत बढ़कर 109.2 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को।,637.69 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

# भारत में एप्पल का जून तिमाही में राजस्व लगभग दोगुना हुआ

**भाषा। न्यूयॉर्क**

**प्रौद्योगिकी** क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एप्पल का जून तिमाही में भारत में राजस्व लगभग दोगुना हो गया है। इससे पहले कंपनी ने बताया था कि जून 2022 में खत्म तिमाही में उसका राजस्व 83 अरब डॉलर रहा है।

एप्पल ने वित्त वर्ष 2021-22 में 25 जून को खत्म तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि उसे 83 अरब डॉलर का राजस्व मिला है जो सालाना आधार पर दो फीसदी अधिक है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक ने कहा कि यह राजस्व उनकी उम्मीदों से अधिक है क्योंकि आपूर्ति श्रृंखला में अवरोध तथा रूस में कारोबार पर प्रभाव जैसी कई चुनौतियां थीं।कुक ने कहा, अमेरिका, यूरोप और बाकी के एशिया प्रशांत क्षेत्र में जून तिमाही के शानदार नतीजे आए हैं। विकसित और उभरते बाजारों में जून तिमाही के अच्छे नतीजे रहे हैं जिनमें ब्राजील, इंडोनेशिया और वियतनाम में दहाई अंकों की मजबूत वृद्धि दर्ज की और भारत में राजस्व लगभग दोगुना हो गया है।

एप्पल के मुख्य वित्तीय अधिकारी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष लुका माइस्ट्री ने कहा कि उद्यम बाजार में एप्पल के उपभोक्ता कंपनी के उत्पादों में लगातार निवेश बढ़ा रहे हैं, यह प्रतिभाओं को आकर्षित करने और अपने साथ बनाए रखने की उनकी रणनीति है। उन्होंने भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी विप्रो का उदाहरण दिया और उसे एक और बड़ा वैश्विक उद्यम उपभोक्ता बताया। उन्होंने कहा कि विप्रो एम। के साथ मैकबुक एयर में निवेश कर रही है।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सोहन बहादुर गुरोंग/ अनीता गुरोंग/ LBGUR00002882494/ LBGUR00002882474 | फ्लैट नंबर 40/2, पहली मंजिल और एसएफ ब्लॉक बी, पॉकेट 6, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली 110029/ 26 जुलाई, 2022 | अप्रैल 16, 2022 रु. 27,18,778/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अनिल यादव/ फूल चंद यादव/ LBGUR00004860986/ LBGUR00004782966 | प्लॉट नंबर- एच/574सी, ब्लॉक-एच, पालम, विहार, गुड़गांव हरियाणा/ 26 जुलाई, 2022 | नवम्बर 10, 2021 रु. 1,03,85,875/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जुलाई 30, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# डीएम ने लगाई पाठशाला, सरकारी स्कूल के अधिकांश बच्चे हुए फेल

**● अतर्रा तहसील के तुर्रा गांव के प्राइमरी स्कूल के निरीक्षण में खुली पोल, बच्चे नहीं बता पाए पीएम व सीएम का नाम**

संवाददाता। बांदा



शुक्रवार को उस वक्त शिक्षा गुणवत्ता की पोल खुल गयी जिस वक्त डीएम ने एक सरकारी स्कूल में बच्चों की पाठशाला लगा दी। क्लास में कक्षा 5 और 6 के बच्चे शुद्ध हिंदी तो लिखना दूर देश के राष्ट्रपति, पीएम और सीएम का नाम नही बता सके। अब सोचिए देश के नौनिहालों का भविष्य कैसे बनेगा। सरकार की तरह से लाख कोशिश के बावजूद सरकारी स्कूल की व्यवस्था जस की तस है। डीएम ने बच्चों की क्लास के बाद टीचरों की जमकर क्लास लगा दी और एक महीने के अंदर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए हैं। न सुधार होने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है। स्कूल ने नामांकन के सापेक्ष बच्चे कम होने पर भी नाराजगी जताई है, उन्होंने कहा कि टीचर अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। जानकारी के मुताबिक दरअसल डीएम अचानक अतर्रा तहसील के तुर्रा गांव के प्राइमरी स्कूल में निरीक्षण को पहुँच गए। जहाँ डीएम का काफिला देख स्कूल के स्टाफमें हड़कम्प मच गया। उन्होंने स्कूल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया, निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षा मित्र की सैलरी रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम एक टीचर के रूप बच्चो के पास पंहुचे, जहां उन्होंने कक्षा 5 के बच्चों से पहाड़ा सुना, कुछ सुना पाए तो कुछ नही। इसके बाद उन्होंने बच्चो से शाम को जल्दी नींद आती है लिखने के लिए कहा जिसमे क्लास में एक बच्चे को छोड़कर कोई भी सही नही लिख पाया। साथ ही डीएम अनुराग पटेल ने बच्चो से प्रदेश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री आदि का नाम पूछा, जिस पर बच्चे नहीं बता सके। डीएम ने शिक्षा की गुणवत्ता खराब पाए पाने पर स्कूल स्टाफको फटकार लगाई और निर्देश दिए कि एक महीने में गुणवत्ता सही करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। डीएम अनुराग पटेल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को समय समय में स्कूल के शिक्षा गुणवत्ता चेक करने के निर्देश भी दिए।

# बेटियों की पैरवी के बाद पिता को उम्रकैद की सजा

**बुलंदशहर ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में अपनी पत्नी को जिंदा जलाकर मारने के आरोपी व्यक्ति का दोष सिद्ध होने पर यहां की एक अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई है। अधिवक्ता संजय शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अदालत ने बेटियों की पैरवी के बाद दोषी पिता की सजा का ऐलान किया। शर्मा के मुताबिक, नगर इलाके के कोठियात मोहल्ले के रहने वाले मनोज ने बेटा न होने पर अपनी पत्नी अनु को जिंदा जलाकर उसकी हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि अनु की बेटियों–लतिका और तान्या ने अपनी मां को जिंदा जलते हुए देखा था। दोनों ने अनु को इंसाफ दिलाने के लिए छह साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अनु की हत्या के मामले में उसके पति को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 20,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। शर्मा के अनुसार, मनोज की शादी साल 2000 में नगर इलाके की ही रहने वाली अनु के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद अनु ने बेटी लतिका को जन्म दिया। कुछ वर्ष बाद उसकी दूसरी बेटी तान्या पैदा हुई। लगातार दो बेटियां होने के बाद अनु के पति और ससुरालवाले उससे नाराज रहने लगे। शर्मा ने बताया कि लतिका और तान्या ने आरोप लगाया था कि बेटा न होने की वजह से उनके पिता मनोज ने 14 जून 2016 को उनकी आंखों के सामने उनकी मां को मिट्टी का तेल छिड़ककर जला दिया और वहां से फरार हो गया। शर्मा के मुताबिक, अनु को गंभीर हालत में दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 20 जून को उसने दम तोड़ दिया था। जिस समय यह घटना हुई थी, उस समय लतिका 15 और तान्या 11 वर्ष की थी। शर्मा ने बताया कि मनोज के खिलाफ कोतवाली नगर में हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जिसके बाद लतिका ने अपनों से मिल रही धमकियों के बीच तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को खून से चिट्ठी लिखकर न्याय और आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। शर्मा ने बताया कि अखिलेश ने मामले को संज्ञान में लेते हुए लतिका और तान्या के साथ–साथ उनके मामा व नानी से मुलाकात की तथा दोषियों को सजा दिलाने का आश्वासन दिया। बुधवार को मामले में फैसला सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अनु के हत्यारे मनोज को दोषी करार देते हुए उसके लिए उम्रकैद और 20,000 रुपए जुर्माने की सजा मुकर्र की।

## क्विक न्यूज

### फ्लाईओवर से नीचे गिरी बस, एक महिला की मौत, 25 घायल

**अलीगढ़ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के रोरावर थाना क्षेत्र में दिल्ली से फुर्खाबाद जा रही परिवहन निगम की एक बस के शुक्रवार सुबह फ्लाईओवर से नीचे गिर जाने से उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा उस समय हुआ, जब बस चालक ने ढलान से नीचे आते समय स्टीयरिंग पर अपना नियंत्रण खो दिया। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने पत्रकारों से कहा कि हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 25 घायलों में पांच की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को मलखान सिंह जिला अस्पताल से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### पत्नी की गला काट कर हत्या करने का आरोपी पति गिरफ्तार

**संभल (भाषा)।** संभल जिले के हयातनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला काट कर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। संभल के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) जितेंद्र कुमार ने बताया कि हयातनगर थाना क्षेत्र के खिचड़ीपुर मोहल्ले में सलमान नामक युवक ने शुक्रवार सुबह अपनी पत्नी साहिबा (25) की गला काट कर हत्या कर दी। मृतका के परिजनों ने दहेज के चलते हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सलमान सहित तीन लोगों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमार के अनुसार, सलमान की साहिबा से एक साल पहले ही शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### महिला से सामूहिक दुष्कर्म के बाद तीन तलाक दिया, आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा (भाषा)।** गोंडा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर अपनी पत्नी से कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया और इसके बाद महिला को तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी व्यक्ति और उसके मौसेरे भाई के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने शुक्रवार को परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के हवाले से बताया कि गोंडा की रहने वाली एक युवती का निकाह लखनऊनिवासी मोहम्मद अदनान के साथ हुआ था। उन्होंने बताया कि अदनान दहेज की मांग को लेकर आए-दिन पत्नी से मारपीट करता था और उसे परेशान करता था जिससे वह काफी दिनों से मायके में रह रही थी। बीते दिन अदनान अपने मौसेरे भाई के साथ उसके पिता के घर आया और उसे अकेली पाकर दोनों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे मारा-पीटा तथा तीन बार तलाक बोलकर लखनऊचला गया। एसपी ने बताया कि पीड़िता ने बुधवार को न्याय की गुहार लगाई थी। एसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक ने थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर बृहस्पतिवार की देर शाम आरोपी मोहम्मद अदनान को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके मौसेरे भाई की तलाश की जा रही है।

### ट्यूबवेल के पानी में करंट उतरने से दो किशोरों की मौत

**भदोही (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के गोपीगंज इलाके में शुक्रवार को ट्यूबवेल में नहाने गए दो किशोरों की उसके पानी में करंट उतर जाने से मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के चक निरंजन गांव निवासी सनी (14) और सौरभ (16) पड़ोस के बंजारी गांव के एक सरकारी ट्यूबवेल में नहाने गए थे, तभी यह हादसा हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश भारती के मुताबिक, घटना दोपहर बाद उस समय हुई, जब एक हाईटेंशन तार टूटकर ट्यूबवेल की टंकी से चिपक गया, जिससे ट्यूबवेल के पानी में करंट दौड़ गया। उन्होंने बताया कि वहां मौजूद लोग कुछ कर पाते, इससे पहले ही टंकी में नहा रहे सौरभ और सनी ने पानी में छटपटाते हुए दम तोड़ दिया। भारती के अनुसार, दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि सौरभ कक्षा 11 और सनी कक्षा आठ का छात्र था।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मामला दर्ज

**गोंडा (भाषा)।** गोंडा जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एक व्यक्ति पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कनकपुर गांव के पास एक कुटिया में बीते कुछ वर्षों से रह रही महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर तीन वर्षों से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और शादी के लिए दबाव डालने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। नवाबगंज के थाना प्रभारी तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर बृहस्पतिवार को कनकपुर निवासी राकेश ठाकुर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए महिला को चिकित्सकीय जांच के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय जांच की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्वाई की जाएगी। थाना प्रभारी के मुताबिक, महिला मूल रूप से गाजीपुर जिले की निवासी है, लेकिन बीते कई साल से वह बालापुर गांव के इब्राहिम पुरवा में एक कुटिया में रहती थी। वह झाड़-फूंक और तांत्रिक का काम करती थी।

### फतेहपुर सीकरी में युवक की गोली मारकर हत्या

**आगरा (भाषा)।** आगरा के थाना फतेहपुरसीकरी क्षेत्र में शराब की दुकान पर विवाद के बाद कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना फतेहपुरसीकरी के निरीक्षक भीम सिंह ने बताया कि उपचार के दौरान मौरोली निवासी बबलू (30) की मौत हो गई। आर्थिक लेनदेन के मामले में कुछ लोगों के साथ उसका विवाद हुआ था। सिंह ने बताया कि गुलिस्ता पार्किंग के पास गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बबलू को अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### डम्पर से दब कर एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**गोंडा।** थाना नगर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-गोंडा फोरलेन मार्ग स्थित अंबेडकर चौराहे के पास शुक्रवार की दोपहर लगभग एक बजे बाइक पर सवार दो युवकों को मोरंग लदी डम्फर ने रौंद दिया। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गम्भीर देख कर लखनऊ रेफर किया गया। वहीं पुलिस द्वारा डम्फर व चालक को पकड़ लिया है। थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोकलपुर के मजरा पुरैनिया निवासी अतुल शुक्ला पुत्र दिनेश शुक्ला उर्फनन्हे उम्र लगभग 25 वर्ष एवं सिविल लाइन निवासी अंकित तिवारी पुत्र कौशल तिवारी उम्र लगभग 26 वर्ष एक ही बाइक पर सवार होकर शहर की तरफ जा रहे थे कि तभी लखनऊ की ओर से आ रही मोरंग लदी डम्फर से ठोकर लगने के बाद सड़क पर बाइक लेकर गिर गये और डम्फर का पहिया बाइक पर चढ़ गया। जिससे बाइक सवार अतुल शुक्ला की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अंकित तिवारी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल और फिर वहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा डम्फर व चालक को पकड़ लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**करनैलगंज (गोंडा)।** बच्चे को स्कूल छोड़ कर घर वापस लौट रहा एक युवक की सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसे करनैलगंज सीएचसी लाया गया जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बा करनैलगंज क्षेत्र के बम्पुलुस निवासी सुरेंद्र मौर्य 45 वर्ष पुत्र अर्जुन मौर्य शुक्रवार की सुबह साइकिल से बच्चे को परसपुर रोड स्थित पीएस मेमोरियल इंटर कालेज छोड़ने गया था। वापस लौटते समय बस स्टॉप तिराहे के समीप एक तीव्र गति से आ रही कार की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से घायल को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया। जहां स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना से आहत परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बा चौकी प्रभारी दिवाकर मिश्र ने बताया कि पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्धाश्रम की डीएम ने की समीक्षा

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्वल कुमार की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग के द्वारा जनपद में संचालित वृद्ध आश्रम की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में समाज कल्याण विभाग के द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम के संबंध में समीक्षा की गई समीक्षा में जनपद में चल रहे वृद्ध आश्रम में कितने वृद्धजनों का रजिस्ट्रेशन है तथा कितने वृद्धजन निवास कर रहे हैं। इस पर भी चर्चा की गयी। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी को निर्देशित किया गया कि वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों का विशेष ध्यान रखा जाय, तथा इनके खानपान एवं रहन सहन, स्वास्थ्य परीक्षण आदि जैसे व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, सीनियर सिटीजन सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण



जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर आते डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार व एसपी आकाश तोमर

**गोंडा।** जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर शुक्रवार को अचानक अपने दल–बल के साथ निरीक्षण करने जिला कारागार पहुंच गये। इससे कारागार परिसर में हड़कम्प मच गया। डीएम व एसपी ने अपने औचक निरीक्षण के दौरान बंदियों से वार्तालाप कर उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं व उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लिया। अफसरों ने निरीक्षण के दौरान सभी बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय एवं परिसर में साफ-सफाई आदि का गहनता से निरीक्षण किया। इस मौके पर जो भी खामियां मिलीं उसे जल्द ही दुरूस्त करने के निर्देश जारी किये। साथ ही कारागार से संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। साथ ही यह भी कहा कि ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं हैं, उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाए। जेल में निरुद्ध कैदियों का समय–समय पर मेडिकल चेकअप कराने के लिए कैंप भी आयोजित कराएं। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, ओएसडी शिवराज शुक्ल, पीआरओ एसपी राकेश सिंह सहित करागार से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिव्यांग महिला चिकित्साधिकारी को आवास में किया कैद

**● चिकित्साधिकारी ने कहा, अवैध रूप से कर रहीं थी निवास**

संवाददाता। बांदा



**नरैनी तहसील** में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है जहां संयुक्त चिकित्सालय के अधीक्षक द्वारा दिव्यांग महिला चिकित्साधिकारी को एक आवास में ताला डालकर कैद कर दिया। चिकित्साधिकारी तीन घंटे तक बाहर निकालने की गुहार लगाती रही। सीएमओ का आदेश मिलने पर चिकित्सा अधिकारी नर्स ट्रेनिंग सेंटर के अपने पुराने आवास को छोड़कर पूर्व चिकित्साधीक्षक के आवास में रहने के लिए आई थी।

आपको बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात आयुष विभाग की महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ स्नेहलता बीते एक दशक से यहा सीएचसी में संविदा पर काम करती हैं। इन्होंने बताया कि गुरुवार को करीब साढ़े दस बजे अस्पताल से अपने कमरे में आयी थी तभी चिकित्साधीक्षक डॉ लवलेश पटेल ने उनके आवास में ताला लगाकर उन्हें घर में कैद कर दिया। बताया कि जब उन्होंने बाहर निकलने का प्रयास किया तो लोगो ने दरवाजे पर दो ताले लगे होने की जानकारी दी। दिव्यांग चिकिसक 4 घण्टे तक परेशान रही। स्नेहलता ने बताया कि सीएमओ को 30 जून 2022 को पत्र भेजकर बताया था कि वह पैरों से दिव्यांग है स्वास्थ केंद्र परिसर में निवास बनाये हैं। यदि उसे अस्पताल परिसर से हटा दिया गया तो उसे आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

चिकित्साधीक्षक डॉ लवलेश पटेल ने आवास में ताला लगाने की बात को स्वीकारते हुए बताया कि कई कर्मचारी अस्पताल के नर्स ट्रेनिंग सेंटर में अवैध रूप से अपने आवास बना कर रह रहे है। यहां शीघ्र ही प्रशिक्षुओं की ट्रेनिग शुरू की जानी है। बताया कि मुख्यचिकित्सा धिकारी ने 27 जुलाई को पत्र जारी कर ट्रेनिंग सेंटर में रह रहे डॉ विनोद राजपूत, चिकित्साधिकारी डॉ स्नेहलता, एलटी विनय सिंह, बीएचडब्लू कु प्रियंका श्रीवास्तव, स्वीपर मोहन पर अवैध आवास खाली न करने पर जुलाई माह का वेतन रोकने की कार्यवाही की है। साथ ही तीन दिनों के अंदर राजकीय आवास खाली करने का आदेश दिया है।अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। चिकित्साधीक्षक ने बताया कि डॉ स्नेहलता ने ट्रेनिंग सेंटर का आवास खाली कर बगैर किसी आदेश के पूर्व चिकित्साधीक्षक के आवास में 27 जुलाई को अपना सामान रखकर कब्जा जमा लिया था। जब कि संविदा कर्मचारी को आवास आवंटित करने का प्राविधान नही है। भाजपा की महिला जिला अध्यक्ष वंदना गुप्ता ने इस मामले में अधीक्षक की मुख्य चिकित्सा अधिकारी की घोर निंदा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है की तत्काल ऐसे अधीक्षक को निलंबित किया जाए जिसके हृदय में दिव्यांगों के प्रति और महिला के प्रति मानवता ना हो उसे जिंदा आवाज में ताला लगाकर सरकारी सील लगा दी है वह गलत है।

# अपहृत शिक्षिका की तलाश के लिए पुलिस ने चार टीमें बनाईं

**● यौन शोषण के दो वीडियो सामने आए**

भाषा। शाहजहांपुर

**उत्तर प्रदेश** के शाहजहांपुर जिले में एक विद्यालय की प्रबंधक के पति द्वारा अपने ही स्कूल में पढ़ाने वाली एक शिक्षिका के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के बाद उसका अपहरण करने के मामले में पुलिस ने चार टीमों का गठन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने बताया कि शिक्षिका की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने दावा किया कि पुलिस जल्द ही शिक्षिका को बरामद कर लेगी। इस बीच, पीड़िता के पिता ने यौन शोषण के दो वीडियो सामने आने का दावा किया है। बाजपेई ने बृहस्पतिवार को दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया था कि तिलहर क्षेत्र में एक विद्यालय की प्रबंधक सुनीता के पति वीरेश शर्मा ने अपने ही स्कूल में पढ़ाने वाली 22 वर्षीय शिक्षिका को विद्यालय से जुड़े कार्य के बहाने शाहजहांपुर ले जाकर वहां एक होटल में उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो बना लिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, शर्मा ने पीड़िता को कथित तौर पर धमकी दी कि अगर उसने किसी को घटना के बारे में बताया तो वह न सिर्फ दुष्कर्म का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर देगा, बल्कि उसे और उसके परिवार को जान से मरवा देगा। बाजपेई के अनुसार, शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि शर्मा ने सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर कई बार उसका शारीरिक शोषण किया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में आरोप लगाय गया है कि पीड़िता ने जब दो दिन पहले अपने परिजनों को घटना से अवगत कराया और वे शिकायत दर्ज कराने गए तो आरोपी ने उन्हें धमकाकर वापस भेज दिया। बाजपेई के मुताबिक, इसके बाद परिजनों ने बुधवार देर रात मुकदमा दर्ज करा दिया, लेकिन आरोप है कि घटनाक्रम की जानकारी होने पर आरोपी ने पीड़िता को उसके घर से अगवा करवा लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी वीरेश शर्मा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (दुराचार), 366 (अपहरण) और 506 (जान से मारने की धमकी देना) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की तलाश भी तेज कर दी गई है। इस बीच, पीड़िता के पिता ने प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मिलकर अपनी बेटी की तलाश करने की गुहार लगाई है। पीड़िता के पिता ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को तिलहर में खन्ना से मिले थे, जिसके बाद मंत्री ने तिलहर थाना के प्रभारी को तत्काल पीड़िता को खोजने के निर्देश दिए। पिता ने कहा कि मंत्री के निर्देश के बाद से पुलिस हरकत में आ गई है। उधर, घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एक के बाद एक दो वीडियो सामने आए हैं, जिसमें आरोपी और शिक्षिका कथित तौर पर होटल के कमरे में संबंध बनाते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, एक वीडियो में एक और लड़की की आवाज सुनाई दे रही है और वीडियो जिन लड़कों से बनवाया गया है, वे भी उसी क्षेत्र के रहने वाले हैं।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई जाएगी पीईटी परीक्षाः जिलाधिकारी

**● परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक**



पीईटी परीक्षा के बावत बैठक करते डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्वल कुमार की अध्यक्षता में पीईटी परीक्षा व परीक्षा केंद्रों की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पीईटी परीक्षा को बहुत ही कड़े निर्देशों के साथ संपन्न कराया जाए। और इस परीक्षा में किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। सभी केंद्रों पर अधिकारियों की तैनाती की जाएगी तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती भी की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पीईटी की परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी तथा छात्र छात्राओं के प्रवेश पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा है कि पीईटी परीक्षा में आने वाले छात्र छात्राओं को बैठने की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, ट्राफिक आदि की व्यवस्थाओं में कहीं भी कोई समस्या न होने पाये। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह तक याद किए जाएंगे आजादी के मतवाले

**● 13 से 15 तक प्रत्येक नागरिक अपने घरों में तिरंगा फहराएंगे**

**● टोकन मनी देकर आम नागरिक प्राप्त कर सकते हैं तिरंगा**

**● स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी को लेकर हुई बैठक**

संवाददाता। बस्ती

**डीएम प्रियंका** निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। डीएम ने बताया कि इस वर्ष देश आजादी का 75वॉं स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया कि वे स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें तथा तिरंगा यात्रा में शामिल हो। उन्होंने कहा कि 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता दिवस समारोह सप्ताह आयोजित किया जाएगा तथा 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिक अपने घर पर राष्ट्रीयध्वज तिरंगा फहरा कर आजादी का जश्न मनाएगा।

उन्होंने कहा कि 11 से 17 अगस्त में प्रत्येक दिन अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। 13 से 15 अगस्त को नागरिक अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे। तिरंगा उपलब्ध कराने के लिए एनआरएलएम के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तिरंगा तैयार किया जा रहा है। तिरंगा का टोकन मनी देकर नागरिक इसे प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा स्वयं सेवी संस्था, औद्योगिक व्यापारिक संगठन, एनसीसी, स्काउट गाइड, वार्ड एवं ग्राम पंचायतें स्वयं भी ध्वज तैयार करा कर लोगों को उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने



प्रत्येक तहसील, ब्लाक, न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत पर 15 अगस्त के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा राष्ट्रगान होगा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या उनके परिजन का सम्मान किया जाएगा, स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी, भाषण, निबंध, पेंटिंग, एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए जिलाधिकारी ने डीआईओएस तथा बीएसए को निर्देशित किया है। सामूहिक मार्च पास्ट का आयोजन नगर क्षेत्र में किया जाएगा, जिसमें पुलिस बैंड के साथ, होमगार्ड, एनसीसी, स्कूली छात्र–छात्राओं एवं विकास विभाग द्वारा सचल वाहनों पर झांकियां निकाली जाएगी। नगर पालिका परिषद द्वारा पूरे शहर के साथ–साथ मलिन बस्तियों में सफाई अभियान संचालित किया जाएगा। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में सार्वजनिक सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन के साथ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम का समापन होगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिलाधिकारी ने प्रभारी डीपीआरओ/डीडीओ को निर्देशित किया है।

अपर जिलाधिकारी वित्त अभय कुमार मिश्र ने पिछले वर्ष के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों का बारी–बारी से विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, सीआरओ नीता यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम हर्रैया अमृत पाल कौर, डिप्टी कलेक्टर सुधांशु, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, डीएस यादव, सावित्री देवी, श्रीमती नीलम सिंह, संजय शर्मा, विभागीय अधिकारी तथा तैयारी समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम का जीत से आगाज



भाषा। बर्मिंघम

**भारतीय महिला** हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां अपने से निचली रैंकिंग की घाना टीम को 5-0 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों में जीत से अपने अभियान की शुरूआत की। सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम हालांकि पूल ए के अपने पहले मैच में इतनी प्रभावशाली दिखाई नहीं दी। टीम के लिए गुरजीत कौर ने तीसरे और 39वें मिनट में दो गोल किए जबकि नेहा गोयल ने 28वें, संगीता कुमारी ने 36वें और सलीमा टेटे ने 56वें मिनट में मैदानी गोल दागे। भारत ने हालांकि मैच के सभी विभागों में दबदबा बनाया लेकिन पहले दो क्वार्टर में उनका प्रदर्शन खराब रहा जिसमें घाना के डिफेंस ने मजबूत प्रदर्शन कर अपने से ऊंची रैंकिंग की टीम को निराश किया। भारत के लिए सबसे ज्यादा हताशाजनक मिडफील्ड और अग्रिम पंक्ति के बीच कमजोर कड़ी रही। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदलने का सिलसिला भी जारी रहा और भारतीय टीम 10 मौकों में से केवल एक को ही भुना सकी। इस मुकाबले में उम्मीद थी कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी लेकिन घाना की गोलकीपर अबिगेल बोए ने कुछ शानदार बचाव कर अपनी टीम को मैच में बनाए रखा जिसमें उनकी बैकलाइन ने भी उनका पूरा सहयोग किया। भारतीय टीम ने मैच शुरू होते ही आक्रामकता दिखाई और तीसरे मिनट में पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गुरजीत के गोल से बढ़त बना ली। जल्द ही टीम ने दूसरा पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल कर लिया लेकिन घाना का डिफेंस शानदार रहा जिसमें बोए ने एक और बचाव किया। पहले क्वार्टर के खत्म होने से तुरंत पहले भारत को डी के अंदर फाउल के लिए एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन घाना ने फैसले को चुनौती दी और उन्हें सफलता भी मिली। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने तेज हमले किए लेकिन घाना ने दबाव का डटकर सामना किया। भारतीयों ने हमले करना जारी रखा लेकिन घाना की बैकलाइन इन्हें असफल करने के लिए डटी रही।

## घाना को 5-0 से हराया

घाना को हाफ टाइम से तीन मिनट पहले एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे भारतीय कप्तान सविता को पछाड़ने में असफल रहे। घाना को एक और मौका मिला जो उसने गंवा दिया। भारतीयों ने अगले ही मिनट में नेहा की बदौलत अपनी बढ़त दोगुनी कर दी, उन्होंने घाना की एक डिफेंडर के डिफ्लेक्शन पर शॉट लगाकर इसे सीधे गोल के अंदर पहुंचा दिया। नेहा को फिर मौका मिला लेकिन घाना की गोलकीपर बोए ने इसका शानदार बचाव किया। हाफ टाइम के तीन मिनट बाद भारत ने दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन दोनों विफल रहे। संगिता कुमारी ने 36वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त तीन गुनी की। टीम को जल्द ही एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकी। गुरजीत ने 39वें मिनट में स्कोर 4-0 कर दिया। भारत ने फिर चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन सभी मौके गंवा दिए। सलीमा ने सीटी बजने से चार मिनट पहले घाना की कप्तान नाफिसातू की स्टिक से हुए डिफ्लेक्शन पर शॉट लगाया जो सीधा गोल में गया।

BIRMINGHAM 2022 commonwealth games

## बैडमिंटन में भारत ने पाकिस्तान को 5-0 से शिकस्त देकर शुरू किया अभियान



**बर्मिंघम।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ियों को शुक्रवार को यहां 22वें राष्ट्रमंडल खेलों में अपने पहले टीम मुकाबले में पाकिस्तान पर 5-0 से क्लीन स्वीप करने में जरा भी पसीना नही बहाना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और माचिमांडा पोनप्पा की जोड़ी ने यहां के राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में मिश्रित युगल मुकाबले में मुहम्मद इरफान सईद भट्टी और गजाला सिद्दीकी पर 21-9, 21-12 से एकतरफा जीत के साथ इन खेलो में टीम का सफर शुरू किया। मिश्रित जोड़ी की सफलता को किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल मुकाबले में आगे बढ़ाते हुए मुराद अली को आसानी से 21-7, 21-12 से शिकस्त दी। भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा महिला एकल के मैच मे भी जारी रहा जहां दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली पीवी सिंधू को इसके बाद महिला एकल मैच में महूर शहजाद को हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। सिंधू ने 21-7, 21-6 से शानदार जीत दर्ज की। चौथा मैच पुरुष युगल था जिसमें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने मुराद अली और मोहम्मद इरफान सई भाटी को 21-12, 21-9 से पराजित किया। अंतिम मैच महिला युगल में भारत की तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने माहूर शहजाद और गजाला सिद्दीकी की जोड़ी को 21-4, 21-5 से हराया।

## मुक्केबाजी में शिवा ने पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी को एकतरफा मुकाबले में हराया



**बर्मिंघम।** भारत के अनुभवी मुक्केबाज शिवा थापा ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज करते हुए पाकिस्तान के सुलेमान बलोच को हराकर 63 . 5 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में जगह नहीं बना सके पूर्व एशियाई चैम्पियन थापा ने एकतरफा मुकाबला 5 . 0 से जीतकर वेल्टर वेट वर्ग में शानदार आगाज किया। निर्णायकों ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2014 में प्री क्वार्टर फाइनल में हारे थापा का सामना अब अंतिम 16 में स्कॉटलैंड के रीसे लिंच से होगा। मुक्केबाजी में भारतीय चुनौती की अगुवाई विश्व चैम्पियन निकहत जरीन, ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल कर रहे हैं।

### साइकिल टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल

बर्मिंघम। भारतीय साइकिलिंग टीम के लिए राष्ट्रमंडल खेलों के अभियान की शुरुआत निराशाजनक रही और तीनों टीमें शुक्रवार को यहां फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। रोनाल्डो लैटोंजाम, वाई रोजित सिंह, डेविड बेकहम एल्कातोहचूंगो की भारतीय पुरुष स्प्रिंट टीम कुल 44.702 सेकंड के समय के साथ क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहते हुए पदक दौर में जगह नहीं बना सकी।

### भारत का कार्यक्रम

तैराकी - पुरुषो की 200 मीटर फ्रीस्टाइल - हीट 3: कुशाग्र रावत - दोपहर 3.06 बजे,कलात्मक जिमनास्टिक - महिला टीम फाइनल और व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन: रूतुजा नटराज, प्रोतिष्ठा सामंत और प्रणति नाइक - रात 9 बजे,बैडमिंटन - मिश्रित टीम ग्रुप चरण- ग्रुप ए : भारत बनाम श्रीलंका - दोपहर 1.30 बजे भारत बनाम आस्ट्रेलिया - रात 11.30 बजे,मुक्केबाजी - 54 किग्रा - 57 किग्रा (फेदरवेट) राउंड 32: हुसामुद्दीन मोहम्मद - शाम 5 बजे ,66 किग्रा - 70 किग्रा (लाइट मिडलवेट) राउंड 16: लवलीना बोरगोहेन - 12 बजे ,86 किग्रा - 92 किग्रा (हैवीवेट) राउंड 16: संजीत - रात। बजे,स्क्वाश - पुरूष एकल राउंड 32: ,रमित टंडन - शाम 5 बजे , सौरव घोषाल - शाम 6.15 बजे , महिला एकल राउंड 32: एस एस कुरूविला - शाम 5.45 बजे,जोशना चिनप्पा - शाम 5.45 बजे, टेबल टेनिस - ,महिला ग्रुप 2: भारत बनाम गुयाना - दोपहर 2 बजे,पुरूष ग्रुप 3: भारत बनाम उत्तरी आयरलैंड - शाम 4.30 बजे।



## भारतीय पुरुष टेटे टीम ने बारबाडोस को महिलाओं ने दक्षिण अफ्रीका को हराया



**बर्मिंघम।** भारतीय पुरूष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपने अभियान का जीत के साथ आगाज करते हुए क्रमश: बारबाडोस और दक्षिण अफ्रीका को 3-0 के समान अंतर से हराया।

बारबाडोस के खिलाफ ग्रुप तीन के मुकाबले में हरमीत देसाई और जी साथियान की टीम ने केविन फारले और टाइरीस नाइट को 11- 9, 11- 9, 11- 4 से हराया जबकि अनुभवी शरत कमल ने रेमन मैक्सवेल को 15 मिनट से भी कम समय में 11-5, 11-3, 11-3 से शिकस्त दी। साथियान ने नाइट को 11-4, 11-4, 11-5 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी। इससे पहले मनिका बत्रा की अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने खिताब की रक्षा का अभियान जीत के साथ शुरू करते हुए शुक्रवार को ग्रुप दो के पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराया।

महिला युगल मुकाबले में श्रीजा अकुला और रीत टेनिसन ने दक्षिण अफ्रीका की लैला एडवडर्स और डेनिशा पटेल को 11-7, 11-7, 11-5 से हराकर भारत को बढत दिलाई। इसके बाद मौजूदा चैम्पियन बत्रा ने मुसफिक कलाम को पहले एकल मैच में 11-5, 11-3, 11-2 से हराया। बत्रा पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में टेबल टेनिस महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी थी। अकुला ने दूसरे एकल में पटेल को 11-5, 11- 3, 11-6 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी।

### लॉन बॉल : चौधरी, पुरूषों की ट्रिपल्स टीम दो दो मुकाबले हारी

**बर्मिंघम।** महिला एकल खिलाड़ी तानिया चौधरी और पुरूषों की ट्रिपल्स टीम को राष्ट्रमंडल खेलो मे लॉन बॉल मुकाबलो के पहले दिन दो दो पराजय झेलनी पड़ी। चंदन कुमार सिंह (स्किप), नवनीत सिंह (लीड) और मृदुल बोरगोहेन (सेकंड) की भारतीय टीम को पहले मैच में न्यूजीलैंड ने 23-6 से हराया। इसके बाद स्कॉटलैंड ने दूसरे मैच मे उसे 19-12 से मात दी। न्यूजीलैंड टीम मे एंड्रयू कैली (लीड) , माइक गालोवे (सेकंड) और अली एफ(स्किप) शामिल थे। स्कॉटलैंड की टीम मे स्टीवर्ट एंडरसन (लीड), लेन मैक्लीन (सेकंड) और डेरेन बर्नेट (स्किप) थे। महिला एकल में भारत की तानिया चौधरी को पहले स्कॉटलैंड की डी होगान ने 21 -10 से हराया। इसके बाद वह फाकलैंड आइलैंड्स की डी आर्थर आलमंड से करीबी मुकाबले मे 21- 20 से हार गई।

## श्रीहरि सेमीफाइनल में, साजन और कुशाग्र बाहर

**बर्मिंघम।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने 54 . 68 सेकंड का समय निकालकर शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बेंगलुरू के 21 वर्ष के नटराज अपनी हीट में तीसरे सबसे तेज और कुल पांचवें सबसे तेज तैराक रहे। अगर वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53 . 77 सेकंड दोहरा पाते तो हीट में शीर्ष पर रहते। दक्षिण अफ्रीका के पीटर कोजे 53 . 91 सेकंड का समय निकालकर शीर्ष रहे। साजन प्रकाश और पहली बार खेल रहे कुशाग्र रावत अपने अपने वर्ग में सेमीफाइनल में



नहीं पहुंच सके। प्रकाश हीट में आठवें स्थान पर रहे जिन्होंने पुरूषों की 50 मीटर बटरफ्लाय में 25 . 01 सेकंड का समय निकाला। शीर्ष 16 तैराक सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। कुशाग्र पुरूषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में 3 : 57 . 45 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में आखिरी स्थान पर रहे। कुशाग्र और प्रकाश अब दूसरे वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। प्रकाश पुरूषों की 100 और 200 मीटर बटरफ्लाय में जबकि कुशाग्र पुरूषों की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में उतरेंगे।

## महिला क्रिकेट में आस्ट्रेलिया ने भारत को तीन विकेट से हराया



**बर्मिंघम।** भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट के पदार्पण मैच में शुक्रवार को भारत को तीन विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलिया के लिए 155 रन का लक्ष्य मुश्किल नहीं था लेकिन अपना सातवां टी20 मैच खेल रही रेणुका ने चार ओवर में 18 रन देकर चार विकेट लेते हुए आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। आस्ट्रेलिया के पांच विकेट 49 रन पर गिर गए थे लेकिन इसके बाद भारत ने कोताही बरत दी जिससे एशले गार्डनर (35 गेंद में नाबाद 52 रन) ने टीम को मैच में लौटा दिया। उन्होंने ग्रेस हैरिस (37) के साथ 51 और अलाना किंग (नाबाद 18) के साथ 47 रन की साझेदारी की। मौजूदा टी20 और वनडे विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने संकट से निकलकर जीत दर्ज करके अपने तेवर और तैयारी भी दिखा दी। पावरप्ले में रेणुका ने शानदार तेज गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले ही ओवर में एलिसा हीली को आउट किया। इसके बाद बेथ मूनी और आस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लानिंग के विकेट चटकाए। ताहलिया मैकग्रा के आउट होने पर आस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 34 रन था। भारत के स्पिनरों राधा यादव और राजेश्वरी यादव ने छह ओवर में 66 रन लुटाकर आस्ट्रेलिया को वापसी का मौका दे दिया। इससे पहले कप्तान हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा की शानदार पारियों के दम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 154 रन बनाए। शेफाली ने 33 गेंद में 48 रन बनाए जबकि हरमनप्रीत ने 34 गेंद में 52 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलिया जैसी चैम्पियन टीम के खिलाफ हालांकि यह स्कोर औसत साबित हो सकता है। प्रतियोगिता की पहली गेंद में तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन का सामना करने वाली भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने महिला क्रिकेट में एक नए युग का आगाज किया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत** : मंधाना का हीली बो डार्सी ब्राउन 24,शेफाली का हीली बो जोनासेन 48,यास्तिका रन आउट 08,हरमनप्रीत बो शट 52,जेमिमा का मूनी बो जोनासेन 11, दीप्ति का एवं बो बोल्ड जोनासन 01, हरलीन का मैक्ग्रा बो जोनासेन 07, राधा नाबाद 02,मेघना का मैकग्राथ बो शट 00,**अतिरिक्त:** 01,**कुल योग:** 20 ओवर मे आठ विकेट पर 154 रन,**विकेट पतन:** I-25, 2-68, 3-93, 4-115, 5-117, 6-140, 7-154 , 8-154 ,**गेंदबाजी:** ब्राउन 3-0-30-I,शट 4-0-26-2,गार्डनर 4-0-23-0, किंग 4-0-36-0, जोनासेन 4-0-22-4, मैक्ग्रा I-0-17-0

**ऑस्ट्रेलिया** : अलिसा का दीप्ति बो रेणुका 00,मूनी बो रेणुका 10, लानिंग का राधा बो रेणुका 08, मैक्ग्रा बो रेणुका 14,हेस का राधा बो दीप्ति 09,गार्डनर नाबाद 52, हैरिस, हरमनप्रीत बो मेघना 37,जानेसन का एवं बो दीप्ति 03, किंग नाबाद 18,**अतिरिक्त** : 06,**कुल योग:** सात विकेट पर 157 रन, विकेट पतन: I-0, 2-20, 3-21, 4-34, 5-49, 6-100 , 7-110

### एलडीए क्लब व सहारा एकेडमी की जीत

**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में एलडीए क्लब व सहारा एकेडमी ने अपने-अपने मैच जीत लिए। पहले मैच में एल डी ए क्लब ने डिवाइन क्लब को 2-0 से हराया।एल डी ए क्लब की ओर से केशव ने 17 वे मिनट, अविनाश ने 44 वे में गोल किया। दूसरे मैच में सहारा अकैडमी ने अवध क्लब को 2-0 से हराया। सहारा अकैडमी की ओर से यशपाल ने 21 वे मिनट, फिरोज़ ने 47 वे मिनट में गोल किया।

### जिला जेवलिन थ्रो व दौड़ चैंपियनशिप 4 अगस्त को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 4 अगस्त को को लखनऊ जिला जेवलिन थ्रो व 400 मीटर दौड़ चैंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार यह चैंपियनशिप पुरुष व महिला सहित आठ आयु वर्गो में होगी। इस जिला चैंपियनिशप के माध्यम से चयनित खिलाड़ी कानपुर में सात अगस्त को जेवलिन दिवस के अवसर पर होने वाली राज्य चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। चैंपियनशिप के बारे में अधिक जानकारी के लिए 9415027942 से संपर्क कर सकते है।

### महिला स्कॉटिश ओपन में भारतीय तिकड़ी की निराशाजनक शुरूआत

**टून (स्कॉटलैंड)।** भारत की अदिति अशोक , दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक ने ट्रस्ट गोल्फ महिला स्कॉटिश ओपन में अपने अभियान की निराशाजनक शुरूआत की। कोरिया की ए जिन चोइ ने आठ अंडर 64 का स्कोर करके बढ़त बना ली। भारतीयों को कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## भारत ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 68 रन से हराया

भाषा। तारोबा

**भारत ने** पांच मैचों के श्रृंखला के शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय में शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज को 68 रन से शिकस्त देकर I-0 की बढ़त कायम की। भारत के लिए रवि बिश्नोई, रविचंद्रन अश्विन और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा की 64 रन की पारी के बाद आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शुक्रवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 190 रन बनाए।

रोहित ने 44 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के जड़े तो वही कार्तिक ने 19 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से 41 रन बनाए। रोहित इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक बार फिर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल दो दिन पहले ही इस प्रारूप में रोहित की जगह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। मैच से पहले दोनों के बीच दोनों के बीच 21 रन का फासला था लेकिन भारतीय कप्तान ने बड़ी पारी खेल यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। टी20 अंतरराष्ट्रीय में गुप्टिल के नाम 3399 रन है जबकि रोहित के नाम अब 3443 रन हो गए है। इस मैदान पर यह पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय है जिसमें भारतीय टीम एक बार फिर नई सलामी जोड़ी के साथ मैदान पर उतरी। रोहित ने सूर्यकुमार यादव (24) के साथ पारी का आगाज कर

### स्कोरबोर्ड


**भारत:** रोहित का हेटमायर बो होल्डर 64, सूर्यकुमार का होल्डर बो हुसैन 24,अय्यर का हुसैन बो मैकॉय 00, पंतका हुसैन बो पॉल 14,पंड्या का मैकॉय बो जोसेफ 01, जडेजाका पॉल बो जोसेफ 16, कार्तिकनाबाद 41, अश्विननाबाद 13,अतिरिक्त: (बाई: 04, लेगबाई: 04 , नोबोल: 01 , वाइड: 08) 17,कुल योग: (20 ओवर मे छह विकेट पर) 190 रन,विकेट पतन: I-44, 2-45, 3-88, 4-102, 5-127, 6-138,गेंदबाजी: मैकॉय 4-0-30-I, होल्डर 4-0-50-I,हुसैन 4-0-14-I, जोसेफ4-0-46-2, स्मिथ 2-0-18-0, पॉल 2-0-24-I

**वेस्टइंडीज पारी:** मायर्स का भुवनेश्वर बो अर्शदीप 15, ब्रूक्स बो भुवनेश्वर 20, होल्डर बो जडेजा 00,पूरन का पंत बो अश्विन 18,पॉवेल बो बिश्नोई 14, हेटमायर का सूर्यकुमार बो अश्विन 14, हुसैन बो अर्शदीप 11, स्मिथ स्टं. पंत बो बिश्नोई 00,पॉल नाबाद 19, जोसेफ नाबाद 5,अतिरिक्त: (लेग बाई: 01, नोबोल :02 वाइड: 03) 06, कुल योग: (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 122 रन, विकेट पतन: I-22, 2-27, 3-42, 4-66, 5-82, 6-86, 7-86, 8-101,गेंदबाजी: भुवनेश्वर2-I-11-I,अर्शदीप 4-0-24-2,जडेजा 4-0-26-I,अश्विन 4-0-22-2,पंड्या 2-0-12-0, बिश्नोई 4-0-26-2

### भारतीय टी20 टीम में लोकेश राहुल की जगह सैमसन को मिली जगह

**तारोबा।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लोकेश राहुल की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को शुक्रवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया। राहुल तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे और अभी तक पूरी फिटनेस हासिल करने में नाकाम रहे है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने यहां जारी बयान में कहा, लोकेश राहुल को पहले टीम में शामिल किया गया था और टी20 श्रृंखला में उनकी भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी।

### स्मिथ की फॉर्म को लेकर चिंतित हैं पोंटिंग



**दुबई।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग अगले साल की शुरुआत मे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के बहुप्रतीक्षित भारत दौरे से पहले स्टीव स्मिथ की लचर फॉर्म को लेकर चिंतित है लेकिन उन्होने उम्मीद जताई कि यह स्टार बल्लेबाज जल्द ही बड़े स्कोर बनाने लग जाएगा। पोंटिंग का मानना है कि स्मिथ की तकनीक में कुछ भी गड़बड़ नहीं है, लेकिन विपक्षी टीमों ने उनकी प्रवाहमय बल्लेबाजी पर अंकुश लगाने के तरीके खोज लिए है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू मे कहा, इसे वर्णन करने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि स्मिथ की फॉर्म अभी लचर है। उन्होंने निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है और बड़े स्कोर बनाए है। उन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में चार, पांच या छह शतक लगाए है लेकिन पिछले दो वर्षो से वह ऐसा नही कर पा रहे है। मैने उनके खेल को बेहद करीब से देखा है और मुझे नही लगता कि तकनीक के तौर पर उनमे कोई खामी है। मुझे नही लगता कि उनकी तकनीक मे बहुत बदलाव करने की जरूरत है।

### अल्काराज की क्रोएशिया ओपन में शानदार शुरुआत

**उमाग (क्रोएशिया)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज ने क्रोएशिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में नोरबर्ट गोम्बोस को 6-2, 6-3 से हराकर शानदार शुरुआत की। स्पेन का यह 19 वर्षीय खिलाड़ी सोमवार को रैंकिंग मे शीर्ष पांच में जगह बनाने वाला सदी का दूसरा सबसे युवा खिलाड़ी बना था। वर्ष 2000 के बाद केवल राफेल नडाल ही इससे कम उम्र मे शीर्ष पांच मे शामिल हुए थे। क्वार्टर फाइनल मे अल्कराज का सामना फैसुंडो बैगनिस से होगा। अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने फ्रांस के क्वालीफायर कोरेंटिन मौटेट को 6-3, 6-I से हराया।

### दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला बराबर की

**कार्डिफ।** दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे 58 रन की आसान जीत के साथ इंग्लैड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला I-I से बराबर की। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद रिली रोसो की 55 गेंदो पर नाबाद 96 रन की शानदार पारी से तीन विकेट पर 207 रन बनाए। रोसो ने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए। इंग्लैड के सामने टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने की चुनौती थी लेकिन उसकी टीम 16.4 ओवर मे 149 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जॉनी बेयरस्टो ने सर्वाधिक 30 रन बनाए जबकि तबरेज शम्सी दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

## हम कभी रूढ़िवादी नहीं रहे : रोहित

भाषा। (त्रिनिदाद और टोबैगो)

**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा का मानना है कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अपना गए निर्भीक रवैए से टीम को कभी कभार असफलताएं मिलेंगी लेकिन उन्होंने इससे इनकार किया कि पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान टीम ने रूढ़िवादी रवैया अपनाया था। रोहित ने कहा कि नए रवैए से खिलाड़ियों को अधिक स्वतंत्रता मिली है जिससे कि विश्वकप के निराशाजनक अभियान के बाद टीम को सफलताएं मिली। भारत विश्वकप में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। रोहित ने



**टी20 में नए रवैए से कभी असफलताएं भी मिलती है**

वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला से पूर्व कहा, हम पिछले विश्वकप में अनुकूल परिणाम हासिल नहीं कर पाए थे लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमने इतने वर्षो में खराब क्रिकेट खेली और मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि हम रूढ़िवादी क्रिकेट खेल रहे थे। यदि हम विश्व कप में एक या दो मैच हारते हैं इसका मतलब यह नहीं कि हमने मौकों का फायदा नहीं उठाया। अगर आप विश्वकप से पहले हमारे प्रदर्शन को देखें तो हमने लगभग 80 प्रतिशत मैच जीते। अगर हमने रूढ़िवादी तरीका अपनाया तो फिर हम इतने मैच कैसे जीत सकते थे। यह सही है कि हम विश्वकप में हार गए थे, लेकिन ऐसा होता है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम खुलकर नहीं खेल रहे थे। बाद में हमने कोई बदलाव नहीं किया।

## शतरंज ओलंपियाड : भारतीय टीम ने जीत से शुरुआत की

भाषा। मामल्लापुरम



**भारतीय टीमों** ने शुक्रवार को यहां 44वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन और महिला वर्ग में जीत से शुरूआत की। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय महिला ए टीम ने ताजिकिस्तान को जबकि बी टीम ने वेल्स को पराजित किया। दोनों भारतीय टीमों ने अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारतीय स्टार खिलाड़ी कोनेरू हम्पी, आर वैशाली और भक्ति कुलकर्णी ने जीत दर्ज की। भारतीय सी टीम ने भी जीत से शुरूआत की। पुरूषों की स्पर्धा में तीन भारतीय टीमों ने पहले दौर के मैचों में क्रमश: जिम्बाब्वे, संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण सूडान पर जीत हासिल की। ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड के शुरूआती दौर का उद्घाटन खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय खिलाड़ी विदित गुजराती के बोर्ड पर पहली चाल चलकर किया।

### भारत ने सैफ अंडर-20 में श्रीलंका को हराया



**भुवनेश्वर।** पार्थिव गोगोई के दो गोल के दम पर भारत ने सैफ अंडर-20 फुटबॉल चैंपियनशिप में शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ दबदबा बनाने हुए 4-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। मैच का शुरूआती हाफ गोल रहित रहा लेकिन दूसरे हाफ मे भारत के आक्रामक खेल का श्रीलंका के पास कोई जवाब नही था। कलिंगा स्टेडियम में हिमांशु जांगड़ा (50वे मिनट) ने भारत का खाता खेला और इसके बाद पार्थिव गोगोई (69वे मिनट) ने टीम की बढ़त को दोगुना किया। इसके चार मिनट बाद ही गुरकीरत सिंह (73वे मिनट) ने भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। मैच खत्म होने से कुछ क्षण पहले गोगोई ने एक और गोल कर टीम को बड़ी जीत दिला दी।